सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 13 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 65, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## आरबीआई ने खारिज की टाटा संस की अर्जी

भारतीय रिजर्व बैंक ने टाटा संस के गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी लाइसेंस को वापस करने के आवेदन को खारिज कर दिया है। } 10

## और मजबूत होगी भारत-एआईआईबी की साझेदारी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) की अध्यक्ष जोऊजियायी से मुलाकात की और भारत-एआईआईबी साझेदारी को अधिक मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की। } 12



# ब्रिक्स सम्मेलन में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

❍ समूह के देशों ने नयी दिल्ली घोषणापत्र को दी मंजूरी ❍ आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को ब्रिक्स का समर्थन








एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने शनिवार को तब एक बड़ी कूटनीतिक सफलता हासिल की, जब ब्रिक्स द्वारा अंगीकार किये गए नयी दिल्ली घोषणापत्र में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अप्रैल 2025 में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की गई और देश-समर्थित सीमा-पार आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं की नीति अपनाने का आह्वान किया। लचीलेपन, नवोन्मेष, सहयोग और स्थिरता का निर्माण शीर्षक वाले 45 पन्ने के इस व्यापक घोषणा-पत्र में वैश्विक आतंकवाद, अवैध वित्तीय लेन-देन, साइबर धोखाधड़ी और उभरते हुए सीमा-पार धोखाधड़ी नेटवर्क के खिलाफ इस समूह का एकजुट रुख सामने आया। घोषणापत्र में सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात करते हुए, सदस्य देशों ने पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को हुए आतंकवादी हमले की निंदा की, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गए थे। ब्रिक्स घोषणापत्र में पिछले साल पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए कहा गया हम आतंकवाद के किसी भी कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं और इसे आपराधिक व अनुचित मानते हैं, चाहे उसका उद्देश्य कुछ भी हो, और उसे कभी भी, कहीं भी या किसी ने भी अंजाम दिया हो। आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों से निपटने के अपने संकल्प को दोहराते हुए, सदस्य देशों ने आतंकवादियों की सीमा-पार आवाजाही, आतंकवाद के लिए वित्तपोषण और पनाहगाहों से निपटने का आह्वान किया। संयुक्त बयान में कहा गया हम दोहराते हैं कि आतंकवाद को किसी धर्म, राष्ट्रीयता, सभ्यता या जातीय समूह से नहीं जोड़ा जाना चाहिए और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल तथा उन्हें समर्थन देने वाले सभी लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और संबंधित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। घोषणापत्र में आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा गया, हम आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति सुनिश्चित करने और आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंडों को खारिज करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मोदी, पुतिन और शी का नया अंदाज

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की उस तस्वीर ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं और उनकी दाईं तरफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और बाईं तरफ चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग खड़े थे और उन्होंने एक-दूसरे का हाथ पकड़ा हुआ था। प्रधानमंत्री के इंस्टाग्राम खाते पर भारत मंडपम की वह तस्वीर पोस्ट की गई, जहां ब्रिक्स नेताओं ने शिखर सम्मेलन में हिस्सा ...शेष पृष्ठ 10 पर



## नये भारत का दर्शन कराता है ब्रिक्स : योगी



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ब्रिक्स सम्मेलन का हिस्सा बने उन्हें भी ब्रिक्स सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह नए भारत का दर्शन कराता है। सीएम योगी ने ब्रिक्स समिट भारत की वैश्विक ताकत और बदलती भूमिका को दशार्ता है। इसके साथ ही सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते वर्षों में वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। साल 2014 से अब तक की यात्रा में प्रधानमंत्री ने देश को एक नया विजन दिया है। आज भारत दुनिया में पिछलग्गू राष्ट्र नहीं, बल्कि एक ताकत के रूप में स्थापित हुआ है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की टॉप फाइव इकोनॉमी में शामिल किया गया है। इसके साथ ही जी-20 का सफल आयोजन कराकर भारत ने दुनिया के सामने अपनी क्षमता और नए दृष्टिकोण का परिचय दिया है। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि इस दौरान उन्होंने जो कदम उठाए और योजनाएं बनाई हैं, उनका क्रियान्वयन पूरी दुनिया ने देखा है। ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच नए भारत की इसी बदलती तस्वीर को सामने रखते हैं।

## एआई संसाधनों तक व्यापक पहुंच के लिए सहयोग का आह्वान

नयी दिल्ली। ब्रिक्स नेताओं ने शनिवार को कृत्रिम मेधा (एआई) संसाधनों तक व्यापक पहुंच और प्रौद्योगिकी को सुरक्षित, समावेशी और विश्वसनीय बनाने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया, ताकि इसके संभावित जोखिमों को कम किया जा सके।

इसके साथ ही नेताओं ने कृत्रिम मेधा के वैश्विक शासन पर समूह के बयान को लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अपनाए गए नयी दिल्ली घोषणापत्र 2026 में एआई, साइबर सुरक्षा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई), दूरसंचार और पनडुब्बी केबल नेटवर्क, क्वांटम प्रौद्योगिकियों, स्टार्टअप और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## डॉलर से दूरी पर ब्रिक्स ने बरती सावधानी



एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने की चर्चाओं के बीच ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में साझा मुद्रा या डॉलर को हटाने का कोई उल्लेख नहीं किया गया। बयान में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार और निवेश तथा सीमा-पार भुगतान व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है। संयुक्त बयान में न तो ब्रिक्स की साझा मुद्रा का कोई उल्लेख है और न ही अमेरिकी डॉलर को हटाने का औपचारिक आह्वान किया गया है। इसके बजाय बयान में अंतर-संचालनीय भुगतान प्रणालियों, स्थानीय मुद्राओं में लेनदेन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कॉर्बन उत्सर्जन कम करने के लिए टिकाऊ परिवहन प्रणाली के विकास पर जोर

नयी दिल्ली। ब्रिक्स देशों ने टिकाऊ परिवहन अवसंरचना के विकास करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के मकसद से टिकाऊ विमान ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सहयोग, निवेश, प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता शनिवार को दोहराई।

भारत की अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स बैठक में नेताओं ने परिवहन अवसंरचना ढांचे के विकास और रखरखाव में चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों को शामिल करने के महत्व को भी स्वीकार किया। दिल्ली में 12 और 13 सितंबर को हो रही ब्रिक्स की बैठक में 11 देशों के समूह शामिल हैं। घोषणापत्र के अनुसार, ब्रिक्स देशों ने अंतरराष्ट्रीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## युवक की हत्या के आरोपियों के घरों पर चला बुलडोजर

मेरठ। मेरठ में दिनदहाड़े युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने शनिवार को तीन आरोपियों के घरों में किए गए कथित अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को हस्तिनापुर थाने से करीब 200 मीटर दूर दो मोटरसाइकिलों पर आए छह हमलावरों ने नितिन को गोली मार दी। गोली नितिन के पैर में लगी और वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा तथा अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नितिन की हत्या के मामले में आरोपी उत्सव यादव, मिट्ठू और गोल्डी के घरों में किए गए कथित अवैध निर्माण को बुलडोजर कार्वाई के दौरान ध्वस्त किया गया।

## आजमगढ़ में अलकायदा से जुड़ा आतंकी गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आतंकवाद और कट्टरपंथी नेटवर्क के खिलाफ लगातार कड़ा शिकंजा कस रहा है। इसी अभियान में यूपी एटीएस ने आजमगढ़ से 19 वर्षीय मोहम्मद नबील को गिरफ्तार कर एक्यूआईएस (अलकायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट) से जुड़े कथित नेटवर्क का खुलासा किया है। नबील सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड ग्रुप्स के जरिए जम्मू कश्मीर समेत देश व विदेश के विभिन्न हिस्सों से युवाओं को कट्टरपंथी विचारधारा से जोड़ने, उन्हें जेहाद के लिए तैयार करने और धन जुटाने कोशिश कर रहा था। वह पाकिस्तान की मदद से देश में हिंसक गतिविधियों और गजवा-ए-हिंद की साजिश भी रच रहा था।



यूपी एटीएस के मुताबिक, आजमगढ़ के दीदारगंज थाना क्षेत्र में रहने वाला मोहम्मद नबील प्रतिबंधित आतंकी संगठन एक्यूआईएस की विचारधारा को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित और प्रसारित कर रहा था। वह युवाओं को आतंकी समूह से जोड़ने, उन्हें जेहाद के लिए तैयार करने और इसके लिए धन जुटाने की कोशिश कर रहा था। नबील सोशल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गुलामी की मानसिकता से बाहर निकला भारत, विरासत को विकास से जोड़ा

### पीएम मोदी के साथ सत्ता की वंश परंपरा नहीं, विरासत-संघर्ष व तप-साधना से बनायी पहचान : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ न कोई सत्ता की वंश परंपरा थी और न ही उन्हें कोई विरासत वंशानुगत रूप से मिली थी। उनके पास तप, साधना, संघर्ष और देश के लिए कुछ कर गुजरने की चाहत थी। आज उनकी साधना और तप का लाभ पूरे देश को योग्य नेतृत्व के रूप में मिल रहा है। सात अक्तूबर को गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में शासन प्रमुख के तौर पर नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस यात्रा के प्रति कृतज्ञता जताने के लिए प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन मिलकर 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक प्रदेशव्यापी सेवा संकल्प अभियान चलाएंगे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने अभियान की कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री का जन्मदिन प्रदेशभर में सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा और ग्राम पंचायतों व नगर निकायों में आशीर्वाद का दीया जलाया जाएगा। इसके साथ ही बड़नगर और काशी के बीच 20 यात्राएं निकलेंगी, जिनमें उत्तर प्रदेश की 10 नदियों का जल गुजरात जाएगा। इसके अलावा 826 विकासखंडों और 762 नगर निकायों में सेवा सेतु के जरिये वंचित पात्रों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। स्कूल से विश्वविद्यालय तक में चित्रकला, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 7 अक्टूबर 2026 को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता के जरिये जनसेवा के मोदी जी के 25 वर्ष का कार्यकाल पूरा ...शेष पृष्ठ 10 पर




## मुख्यमंत्री योगी ने किया गोमती पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर बच्चे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स जरूर पढ़नी और आत्मसात करनी चाहिए। यह कहना अन्याय होगा ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 35.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

❍ अवैध खनन व भण्डारण पर कसेगा शिकंजा (पृष्ठ-02)
❍ यूपी की विरासत को पीएम यूनिटी मॉल से मिलेगी नयी पहचान (पृष्ठ-02)
❍ एआई के चलते बढ़ी पुराने डेटा की उपयोगिता (पृष्ठ-10)
❍ भारत-चीन का व्यापार घाटा 99.19 अरब डॉलर (पृष्ठ-10)
❍ वांछित आतंकी हाफिज सईद पाकिस्तान में (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** बीज, कृषि-आदान, कृषि-पारिस्थितिकी (एग्रो-इकोलॉजी) और डिजिटल खेती पर बनी सहमति

## किसानों पर केंद्रित चार पहल को ब्रिक्स का समर्थन

एजेंसी

नयी दिल्ली। ब्रिक्स नेताओं ने शनिवार को पूरे समूह के लिए अनाज व्यापार मंच और किसानों पर केंद्रित चार नई पहल को मंजूरी दी। इनमें बीज, कृषि-आदान कृषि-पारिस्थितिकी (एग्रो-इकोलॉजी) और डिजिटल खेती शामिल हैं। भारत ने समूह से कहा कि वह वर्ष 2026 में अपनी अध्यक्षता के दौरान खाद्य सुरक्षा की सिर्फ बातें करने के बजाय ठोस कदम उठाए।

नयी दिल्ली घोषणा जून, 2026 में इंदौर में हुई कृषि मंत्रियों की घोषणा पर आधारित है। इसमें चार पह - एग्रिन, बीज प्रणालियों में किसानों के अधिकारों पर वैश्विक मंच, कृषि-पारिस्थितिकी पर उत्कृष्टता केंद्रों का नेटवर्क, और डिजिटल कृषि नेटवर्क-को मंत्रियों के स्तर से राष्ट्राध्यक्षों के स्तर तक ले जाया गया है। नयी दिल्ली घोषणा में कहा गया हम मानते हैं कि ब्रिक्स देश दुनिया में खाद्य उत्पादन में अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए, कृषि उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने तथा वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। घोषणा में नेताओं ने खाद्य सुरक्षा और पोषण की रक्षा करने की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही, खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी से उतार-चढ़ाव और अचानक आपूर्ति में रुकावट (जैसे उर्वरकों की कमी) के असर को कम करने की बात भी कही गई। प्रस्तावित अनाज व्यापार मंच के बारे में घोषणा में कहा गया कि समूह अभी इस बात पर काम कर रहा है कि ब्रिक्स अनाज (ग्रेन) एक्सचेंज कैसे काम करेगा। साथ ही, भविष्य में इसे अन्य कृषि उत्पादों और जिंसों तक बढ़ाने की संभावना भी खुली रखी गई है। घोषणा में यह भी कहा गया कि समूह राष्ट्रीय नीतियों और अंतरराष्ट्रीय समन्वय पर आगे की चर्चाओं का समर्थन करने पर सहमत हुआ है। इसका मकसद खाद्य उपलब्धता, पहुंच, वहनीयता और स्थिरता में सुधार करना है। इसमें ब्रिक्स और अन्य विकासशील देशों में राष्ट्रीय खाद्य भंडार प्रणालियों और जलवायु-अनुकूल बीज प्रणालियों जैसे उपाय शामिल हैं। नेताओं ने इंदौर में हुई 16वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक के नतीजों का स्वागत किया और ब्रिक्स एग्रिन (कृषि-इनपुट, आनुवंशिक संसाधन और सूचना नेटवर्क) स्थापित करने पर सहमति जताई।



## लखनऊ जिला अदालत के पास अवैध अक्रिमण हटाने का निर्देश

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने स्थानीय अधिकारियों को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में बचे सभी अवैध अतिक्रमण पांच सप्ताह के भीतर हटाने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 26 अक्टूबर को होगी। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की पीठ ने शुक्रवार को लखनऊ में जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण से संबंधित दो याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने कहा कि अदालत के पहले के आदेशों के अनुपालन में 14 अवैध ढांचे हटाए गए थे और बाद में 57 अन्य अतिक्रमण भी हटाए गए। लखनऊ नगर निगम के जोन-। के जोनल अधिकारी ने आठ सितंबर को इस संबंध में तस्वीरों सहित रिपोर्ट अदालत में पेश की। अदालत ने हालांकि कहा कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। पीठ ने अधिकारियों को सात अप्रैल, 2026 के आदेश के अनुसार बचे हुए अतिक्रमण हटाने और कार्वाई के दौरान चार अगस्त के आदेश में निर्धारित सुरक्षा उपायों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।

**पांच सप्ताह का दिया समय, अगली सुनवाई 26 अक्टूबर को**

C M Y K

# लखनऊ में साहित्य और संस्कृति के महाकुंभ का आगाज

## करीब 250 स्टॉलों पर मौजूद हैं 121 प्रकाशकों की हजारों पुस्तकें, 12 से 20 तक चलेगा नौ दिवसीय महोत्सव

- महिला अस्मिता से अंतरिक्ष-विज्ञान तक पर होंगे संवाद, शुभांशु शुक्ला समेत कई हस्तियां करेंगी शिरकत
- हर शाम सजेगा यूपी की सांस्कृतिक विरासत का मंच, कथक, लोक प्रस्तुतियां, मुशायरा और दास्तानगोई

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को गोमती पुस्तक महोत्सव-2026 के पांचवें संस्करण का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोत्सव का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत की ओर से आयोजित यह महोत्सव 12 से 20 सितंबर तक चलेगा। नौ दिवसीय महोत्सव में पुस्तक प्रदर्शनी के साथ साहित्यिक संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बाल गतिविधियां, कार्यशालाएं और तकनीक से जुड़े आयोजन होंगे। योगी सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में पुस्तक संस्कृति, शिक्षा, साहित्य और ज्ञान के प्रसार को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बीच यह महत्वपूर्ण आयोजन है।



### 250 पुस्तक स्टॉल, 121 प्रकाशकों की भागीदारी

महोत्सव में लगभग 250 पुस्तक स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें 121 प्रकाशक शामिल हैं। यहां हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, अवधी समेत विभिन्न भारतीय भाषाओं की हजारों पुस्तकें पाठकों के लिए उपलब्ध हैं। साहित्य, इतिहास, संस्कृति, जीवनी, कला, शिक्षा, आध्यात्मिकता और समकालीन विषयों से जुड़ी पुस्तकों का व्यापक संग्रह यहां देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीयं पुस्तक न्यास के प्रोग्राम ऑफिसर नरेंद्र सिंह ने बताया कि एनबीटी करीब 70 भाषाओं में किताबें प्रकाशित कर रहा है और इसके संग्रह में लगभग 10 हजार पुस्तकें हैं। दिव्यांश पब्लिकेशन के प्रबंध निदेशक नीरज अरोड़ा ने बताया कि उनके स्टॉल पर कई विषयों पर पुस्तकें मौजूद हैं। यहां हिंद युग्म का भी स्टॉल लगाया गया है। राज कमल प्रकाशन के सीनियर सेल्स मैनेजर विनोद तिवारी ने बताया कि उनके पास हिंदी की करीब 5,000 पुस्तकें हैं।

### साहित्य से विज्ञान तक होंगे संवाद

गोमती पुस्तक महोत्सव में प्रतिष्ठित लेखकों, विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू, भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी, लेखक शांतनु गुप्ता और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. विद्या विंदु सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित कलाकार, लेखक और विशेषज्ञ भाग लेंगे।

### बच्चों के लिए विशेष बाल मंडल

नन्हे पुस्तक प्रेमियों को ध्यान में रखते हुए नेशनल सेंटर फॉर चिल्ड्रन्स लिटरेचर की ओर से पूरे नौ दिनों के लिए विशेष बाल मंडप तैयार किया गया है। इसमें अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों के लिए कठपुतली नाटक, स्टोरीटेलिंग, वैदिक गणित, माइंडफुलनेस वर्कशॉप, क्ले आर्ट, पोस्टर निर्माण, सुलेख, कैरिकेचर स्टूडियो, कविता पाठ, मंडला कला और रचनात्मक लेखन जैसी गतिविधियां होंगी। इसके साथ ही चित्रकला और क्विज प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ बच्चों के लिए विशेष संवाद सत्र भी प्रस्तावित है।

### हर शाम दिखेगी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत

महोत्सव में प्रत्येक शाम उत्तर प्रदेश की समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को दशार्ने वाले कार्यक्रम होंगे। इनमें पारस बैंड की प्रस्तुति, कथक कार्यक्रम, बिरजू महाराज कथक संस्थान की कथक नृत्य-नाटिका रघुवंशम, सुगम संगीत की शाम, मुशायरा, लोक प्रस्तुतियां और भारतेन्दु नाट्य अकादमी की नाट्य प्रस्तुति शामिल हैं। बेगम अख्तर को समर्पित विशेष दास्तानगोई सत्र भी आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर विशेष प्रदर्शनी

एनबीटी के चेयरमैन मिलिंद मराठे ने बताया कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की ओर से विशेष प्रदर्शनी तैयार की गई है, जिसे देशभर में एनबीटी के पुस्तक आयोजनों में प्रदर्शित किया जा रहा है।

**7 हजार से अधिक ई-पुस्तकों का डिजिटल संसार :** महोत्सव में बच्चों, युवाओं, विद्यार्थियों और शिक्षकों को राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय से परिचित कराने की व्यवस्था भी की गई है। राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय की क्षेत्रीय जुड़ाव विशेषज्ञ मुस्कान कोहली ने बताया कि यह एक डिजिटल लाइब्रेरी है, इसमें 22 से अधिक भाषाओं की 7,000 से ज्यादा ई-पुस्तकें उपलब्ध हैं।

**राष्ट्र निर्माण में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका :** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के निदेशक युवराज मलिक ने कहा कि यह महोत्सव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पुस्तकालयों और पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देने की मुहिम का हिस्सा है। बच्चों और जेनजी के लिए प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी तथा महोत्सव में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा।

## गोमती पुस्तक महोत्सव के पहले दिन सजी संगीत की सुरमयी शाम



**लखनऊ।** लखनऊ में शुरू हुए गोमती पुस्तक महोत्सव 2026 के पहले दिन शनिवार शाम साहित्य और पुस्तकों के साथ संगीत की भी रंगत देखने को मिली। महोत्सव परिसर में आयोजित संगीतमय कार्यक्रम में बॉलीवुड रेट्रो, सूफी और रॉक की प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मनोरंजन किया। शाम की शुरूआत लोकप्रिय बॉलीवुड धुनों और सदाबहार रेट्रो गीतों से हुई। इसके बाद सूफी संगीत की प्रस्तुतियों ने माहौल को सुरमयी बनाया, जबकि रॉक अरेंजमेंट्स ने कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी। अलग-अलग संगीत शैलियों के इस संयोजन ने बच्चों, युवाओं और परिवारों सहित विभिन्न आयु वर्ग के दर्शकों को आकर्षित किया। महोत्सव में मौजूद पुस्तक प्रेमियों और संगीतप्रेमियों ने प्रस्तुतियों का आनंद लिया। लोकप्रिय गीतों के दौरान दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। लाइव इंस्ट्रूमेंट्स के साथ दी गई प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष रूप से जीवंत बनाया। पारस (वोकल्स), शैलेश (कीबोर्ड), अंशु (इलेक्ट्रिक गिटार), देव (बेस गिटार) और युग (ड्रम्स) शामिल हैं। करीब पांच वर्षों से लाइव संगीत के क्षेत्र में सक्रिय यह बैंड विभिन्न मंचों और आयोजनों में प्रस्तुति दे चुका है। गोमती पुस्तक महोत्सव का उद्देश्य पुस्तकों और साहित्य को केंद्र में रखते हुए पाठकों को संवाद, कला, संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ना है। इसी क्रम में पहले दिन की यह संगीत प्रस्तुति महोत्सव के बहुआयामी सांस्कृतिक स्वरूप का हिस्सा रही। पुस्तकों से सजे परिसर में साहित्यिक गतिविधियों के साथ संगीत की यह शाम दर्शकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में प्रधानाचार्यों की भूमिका अहम : केशव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेशीय सम्मेलन एवं शैक्षिक उन्नयन विचार गोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता, संस्कार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा देने में प्रधानाचार्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानाचार्य केवल विद्यालय के प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य वर्तमान पीढ़ी को ऐसी शिक्षा, दीक्षा और संस्कार प्रदान करते हैं, जिससे भारत और उत्तर प्रदेश भविष्य में भी हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ें। उन्होंने प्रदेशभर से आये प्रधानाचार्यों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि शिक्षा जगत के इन महत्वपूर्ण प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन और अनुभव प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने में उपयोगी है।

केशव मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार में उत्तर प्रदेश में शिक्षा सहित प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक सुधार और विकास के कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा के विस्तार, नवाचार को प्रोत्साहन तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में सामने आने वाली व्यवहारिक समस्याओं का भी सरकार द्वारा प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में विधान परिषद में शिक्षक एवं स्नातक क्षेत्र के सदस्यों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ हुई विस्तृत बैठक में बेसिक, माध्यमिक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि ऐसी बैठकों से जमीनी स्तर की समस्याओं को समझने और उनके समाधान का रास्ता निकालने में सहायता मिलती है।

उप मुख्यमंत्री ने प्रधानाचार्य परिषद द्वारा रखी गई समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानाचार्यों के सम्मान और उनकी गरिमा से जुड़े विषयों को गंभीरता से लिया जाएगा।

## प्रत्येक कर्मचारी को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ करना होगा निर्वहन



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के 60वें प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित किया। उन्होंने अधिवेशन की सफलता पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संगठनों द्वारा समय-समय पर अपने नेतृत्व का चयन किया जाना स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने निवर्तमान पदाधिकारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए नव निर्वाचित नेतृत्व के सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले प्रदेश में सरकार की गरीब कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का दायित्व प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी का है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, ऐसे में कार्यप्रणाली में भी तेजी, तत्परता और चुस्ती आवश्यक है। पुरानी कार्यशैली और सुस्ती से अब काम नहीं चलेगा।

# ब्रिक्स व सहयोगी देशों से बढ़े यूपी के रिश्ते

## ब्रिक्स व सहयोगी देशों के बाजार में उत्तर प्रदेश की मजबूत पहुंच

विशेष संवाददाता (vol)

- यूएई, सऊदी अरब, मिस्र, वियतनाम और मलेशिया बने उत्तर प्रदेश के प्रमुख निर्यात बाजार

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को औद्योगिक विकास, निवेश और निर्यात के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के प्रयासों के बीच ब्रिक्स व उसके सहयोगी देशों को प्रदेश से होने वाला निर्यात राज्य की आर्थिक क्षमता को रेखांकित कर रहा है। उपलब्ध निर्यात प्रोफाइल के अनुसार, उत्तर प्रदेश से ब्रिक्स सदस्य देशों और सहयोगी देशों को कुल 47,484 करोड़ का निर्यात किया गया है। यह प्रदेश के लगभग 2 लाख करोड़ के कुल निर्यात का 23.7 प्रतिशत है। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों को 34,811 करोड़ तथा सहयोगी और पार्टनर देशों को 12,673 करोड़ का निर्यात शामिल है।

भारत की मेजबानी में नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, व्यापार और आर्थिक साझेदारी को नई दिशा देने का अवसर प्रदान कर रहा है। ऐसे समय में उत्तर प्रदेश के लिए ब्रिक्स देशों के बाजार विशेष महत्व रखते हैं, क्योंकि इन देशों में बड़ी आबादी, बढ़ती उपभोक्ता मांग और औद्योगिक उत्पादों की व्यापक जरूरत मौजूद है। उत्तर प्रदेश पहले से ही खाद्य उत्पादों, इलेक्ट्रिकल उपकरण, मशीनरी, परिधान, आभूषण, चमड़ा और अन्य औद्योगिक वस्तुओं का निर्यात कर रहा है। ब्रिक्स और सहयोगी देशों के साथ व्यापारिक संबंधों का विस्तार प्रदेश के छोटे, मध्यम और बड़े उद्यमों के लिए नए अवसर खोल सकता है।

ब्रिक्स समूह में वर्तमान में 11 सदस्य देश शामिल हैं। इनमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया शामिल हैं। इसके अतिरिक्त बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाखस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम सहयोगी या पार्टनर देशों के रूप में शामिल हैं। इन देशों में उत्तर प्रदेश के उत्पादों की पहुंच प्रदेश की निर्यात क्षमता और औद्योगिक विविधता को दशार्ती है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश के निर्यातक केवल पारंपरिक बाजारों पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया और लैटिन अमेरिका के उभरते बाजारों में भी अपनी जगह बना रहे हैं। ब्रिक्स सदस्य देशों में संयुक्त अरब अमीरात उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है।

प्रदेश ने यूएई को 15,133 करोड़ का निर्यात किया, जो ब्रिक्स सदस्य देशों को होने वाले कुल निर्यात का 43.5 प्रतिशत है। इसके बाद सऊदी अरब को 4,938 करोड़, मिस्र को 3,848 करोड़, इंडोनेशिया को ?2,670 करोड़, चीन को 2,497 करोड़, ब्राजील को 2,209 करोड़, दक्षिण अफ्रीका को 1,690 करोड़, रूस को 1,584 करोड़, ईरान को 131 करोड़ और इथियोपिया को 110 करोड़ का निर्यात किया गया।

# शस्त्र नवीनीकरण में बढ़ी परेशानी प्रक्रिया आसान करने की उठी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण को लेकर लाइसेंसधारकों को कई स्तरों पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नवीनीकरण की प्रक्रिया में दस्तावेजों की जांच, सत्यापन और विभिन्न औपचारिकताओं के चलते लोगों को समय और धन दोनों खर्च करने पड़ रहे हैं। कई लाइसेंसधारकों का कहना है कि प्रक्रिया स्पष्ट और सरल नहीं होने के कारण उन्हें संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

लाइसेंस नवीनीकरण के दौरान निर्धारित दस्तावेज उपलब्ध कराने के साथ ही लाइसेंस संबंधी विवरण सही होना जरूरी होता है। किसी दस्तावेज में कमी, नाम-पते में अंतर या रिकॉर्ड का मिलान नहीं होने पर आवेदन आगे बढ़ने में देरी हो सकती है। कुछ मामलों में आवेदकों को अतिरिक्त दस्तावेज या स्पष्टीकरण भी देना पड़ता है।

लाइसेंसधारकों की एक प्रमुख शिकायत यह है कि आवेदन की स्थिति और प्रक्रिया में हुई प्रगति की जानकारी समय पर नहीं मिल पाती। ऑनलाइन व्यवस्था होने के बावजूद कई आवेदकों को अपने आवेदन से जुड़ी जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क करना पड़ता है। इससे खासकर बुजुर्ग और दूरदराज से आने वाले लोगों को अधिक परेशानी होती है। आवेदकों का कहना है कि नवीनीकरण की पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाना चाहिए। दस्तावेजों की कमी अथवा किसी आपत्ति की स्थिति में आवेदक को स्पष्ट रूप से सूचना दी जाए, ताकि वह समय रहते आवश्यक कागजात उपलब्ध करा सके।

लाइसेंसधारकों ने मांग की है कि नवीनीकरण के लिए एक ही स्थान पर आवश्यक जानकारी, दस्तावेजों की सूची और प्रक्रिया की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही ऑनलाइन आवेदन की स्थिति देखने की सुविधा को प्रभावी बनाया जाए। हालांकि शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी प्रक्रिया सुरक्षा और कानूनी प्रावधानों को ध्यान में रखकर ही संचालित की जाती है। ऐसे में आवेदकों के लिए जरूरी है कि वे निर्धारित नियमों और समयसीमा का पालन करें तथा केवल अधिकृत माध्यम से ही आवेदन और नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी करें।

# अवैध खनन व भण्डारण पर और कसेगा शिकंजा

## बुंदेलखण्ड में निवेश और रोजगार की नई संभावनाएं : माला श्रीवास्तव

विशेष संवाददाता (vol)

- नई नियमावली-2026 का ड्राफ्ट सुझावों के लिए जारी
- ललितपुर में 18.83 लाख टन फॉस्फोराइट खनिज का भण्डार सिद्ध, उर्वरक उत्पादन में आत्मनिर्भरता को मिलेगा बल

**लखनऊ।** भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि महोबा के हरपालपुर-महोबकांत क्षेत्र में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ द्वारा जिरकोनियम खनिज की प्रारम्भिक खोज की गई थी। अन्वेषण के दौरान जिरकोनियम की मात्रा 229 ग्राम प्रति टन से 1125 ग्राम प्रति टन तक पाई गई, जिसमें अधिकतम मात्रा निर्धारित कट-ऑफ ग्रेड 771 ग्राम प्रति टन से अधिक है। खनिज के गहन एवं विस्तृत अन्वेषण के लिए खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्रिटिकल एवं स्ट्रेटिजिक मिनरल के अंतर्गत एक्सप्लोरेशन लाइसेंस के लिए एनआईटी प्रकाशित की गई थी। इसमें मेसर्स माहेश्वरी माइनिंग प्रा. लि., पश्चिम बंगाल द्वारा उच्चतम बोली लगाये जाने के फलस्वरूप उन्हें प्रिफर्ड बिडर घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 11 सितंबर को एलओआई भी निर्गत कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि जिरकोनियम खनिज का उपयोग मुख्य रूप से परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, रासायनिक उद्योगों, आभूषण एवं रत्न तथा दंत चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। प्रदेश में जिरकोनियम खनिज के संभावित भण्डार मिलने से आने वाले समय में राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होने के साथ ही बुंदेलखण्ड क्षेत्र में खनन आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने बताया कि ललितपुर में उपलब्ध फॉस्फोराइट खनिज के ब्लॉक-01 को वर्ष 2022 में मेसर्स आर.एस.एच.एस.एम. कॉमर्स प्रा. लि. के पक्ष में कम्पोजिट लाइसेंस पर स्वीकृत किया गया था। संबंधित फर्म द्वारा इस ब्लॉक में अन्वेषण कार्य पूर्ण कर 18,83,538 टन फॉस्फोराइट खनिज का भण्डार सिद्ध किया गया है। इसके बाद प्रदेश सरकार द्वारा खनन पट्टा प्रदान किए जाने के लिए 11 सितंबर, 2026 को एलओआई निर्गत कर दी गई है। फॉस्फोराइट खनिज का उत्पादन प्रारम्भ होने से प्रदेश में उर्वरक उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ेगी और उर्वरक उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा।

माला श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2018 (यथा संशोधित) का अधिक्रमण करते हुए उत्तर प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2026 प्रख्यापित की जा रही है। नई नियमावली के प्रभावी होने से अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भण्डारण के विरुद्ध कार्रवाई को और प्रभावी एवं सशक्त बनाया जा सकेगा। नियमावली के ड्राफ्ट को आम जनमानस एवं स्टेकहोल्डर्स से सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए विभागीय वेबसाइट dgmup.gov.in पर 15 दिनों के लिए अपलोड किया जा रहा है।

## बाराबंकी स्टेशन पर विशेष जांच, पकड़े गये 353 बेटिकट यात्री

**लखनऊ।** बाराबंकी स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान गाड़ी संख्या 12556, 15744, 13308 एवं 11080 में सघन टिकट जांच की गयी। अभियान के दौरान 353 बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के मामले पकड़े गए, जिनसे 1,28,880 रुपये किराया तथा 1,76,500 रुपये जुमार्ना सहित कुल 3,13,480 रुपये की राशि वसूल की गयी। लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता के निर्देशन एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कांत यादव के नेतृत्व में 19 सदस्यीय जांच दल ने भाग लिया।

## बंदरियाबाग में ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन स्थापित



**लखनऊ।** बंदरियाबाग स्थित संस्कृति ऑफिसर्स क्लब पर एक ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन लखन खजाना स्थापित की गयी है, इससे रेलवे कालोनी, ऑफिसर्स क्लब एवं आस-पास के लोगों को स्नैक्स एवं पेय पदार्थ 24 *7 आसानी से उपलब्ध होंगे। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि ये मशीनें यूपीआई से एटीएम की तरह कैशलेस भुगतान की सुविधा देंगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। यह पहल डिजिटल इंडिया की दिशा में लखनऊ मण्डल का महत्वपूर्ण कदम है। मण्डल के विभिन्न स्टेशनों एवं परिसर पर ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन लखन खजाना स्थापित की जा रही हैं।

# सोलर को बढ़ावा देने में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बना नंबर वन

समरेश पति त्रिपाठी



**लखनऊ।** सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था को नई दिशा देने की दिशा में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने, उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर से जोड़ने और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को प्रदेश में नंबर वन स्थान प्राप्त हुआ है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की इस उपलब्धि को बिजली क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों से सौर ऊर्जा को लेकर उपभोक्ताओं में लगातार रुचि बढ़ी है। घरेलू उपभोक्ताओं को अपनी छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे एक ओर जहां बिजली के पारंपरिक स्त्रोतों पर निर्भरता कम करने में मदद मिल रही है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को बिजली के बिल में बचत का अवसर भी मिल रहा है।

सौर ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यांचल डिस्कॉम की इस सफलता के पीछे केंद्र और प्रदेश सरकार की सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में घरेलू उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र उपभोक्ताओं को सरकारी सहायता और सब्सिडी का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सोलर रूफटॉप को लेकर उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं को सोलर पैनल के फायदे, आवेदन की प्रक्रिया, नेट मीटरिंग तथा सरकारी सहायता के बारे में जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं।

**घर की छत बनेगी बिजली उत्पादन का केंद्र :** रूफटॉप सोलर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उपभोक्ता अपने घर की छत का इस्तेमाल बिजली उत्पादन के लिए कर सकता है। दिन के समय सोलर पैनल सूर्य की रोशनी से बिजली तैयार करते हैं। घरेलू जरूरत पूरी होने के बाद अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजा जा सकता है। इस व्यवस्था से उपभोक्ता की बिजली खरीद पर निर्भरता कम हो सकती है। सोलर ऊर्जा को अपनाने से पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलता है। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों के मुकाबले सौर ऊर्जा को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत माना जाता है। यही वजह है कि सरकार बिजली उत्पादन में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने पर लगातार जोर दे रही है।

**उपभोक्ताओं को मिल रहा प्रोत्साहन :** सोलर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें इसके आर्थिक लाभों के बारे में भी बताया जा रहा है। उपभोक्ताओं को समझाया जा रहा है कि शुरूआती निवेश के बाद सौर संयंत्र लंबे समय तक बिजली उत्पादन में मदद कर सकता है। सरकारी सब्सिडी मिलने पर उपभोक्ता पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ भी कम हो सकता है।

**जागरूकता पर दिया जा रहा जोर :** निगम की ओर से उपभोक्ताओं को केवल सोलर लगाने के लिए प्रेरित ही नहीं किया जा रहा, बल्कि उन्हें पूरी प्रक्रिया की जानकारी देने पर भी जोर दिया जा रहा है। सोलर पैनल की क्षमता का चयन, संयंत्र की स्थापना, बिजली कनेक्शन, नेट मीटरिंग और संबंधित औपचारिकताओं की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाई जा रही है।

**बिजली बिल में बचत का अवसर :** रूफटॉप सोलर को अपनाने वाले उपभोक्ताओं के लिए बिजली के बिल में संभावित बचत सबसे बड़ा आकर्षण है। सोलर संयंत्र से पैदा होने वाली बिजली का इस्तेमाल घरेलू जरूरतों को पूरा करने में किया जा सकता है। संयंत्र की क्षमता और उपभोक्ता की खपत के आधार पर बिजली खरीद की जरूरत कम हो सकती है। हालांकि सोलर संयंत्र लगाने से पहले उपभोक्ता को अपनी बिजली खपत, छत की उपलब्ध जगह, संयंत्र की क्षमता और संबंधित नियमों की जानकारी लेना जरूरी है। सही क्षमता का संयंत्र लगाने से इसका बेहतर उपयोग किया जा सकता है।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रत्येक चरण की प्रक्रिया की दी जायेगी जानकारी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) की प्रक्रिया को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। जिलों में एफएलसी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को देते हुए उन्हें संज्ञान में लेकर कराई जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एफएलसी प्रक्रिया को सुचारु एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों/एफएलसी सुपरवाइजरों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों को एफएलसी से संबंधित तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी जारही है। उन्होंने बताया कि 14 सितम्बर, 2026 को डॉ. राम मनोहर लोहिया प्रशिक्षण एवं प्रबंध अकादमी, लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रशिक्षण कार्यशाला में 33 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एफएलसी सुपरवाइजर प्रतिभाग करेंगे।

# यूपी की समृद्ध विरासत को नई पहचान देंगे पीएम यूनिटी मॉल

**लखनऊ।** योगी सरकार के निर्देश पर स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक कारीगरी को नया बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगरा, वाराणसी और लखनऊ में आधुनिक पीएम यूनिटी मॉल का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इन मॉल का उद्देश्य पारंपरिक उद्योगों, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को एक ही स्थान पर प्रदर्शित और विपणन करने के लिए स्थायी मंच उपलब्ध कराना है, जिससे कारीगरों, महिलाओं और युवाओं को बड़े बाजार से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों के ओडीओपी और जीआई-टैग उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में दम तोड़ रहे परंपरागत उद्योगों को फिर से खड़ा करने के लिए सरकार की ओर से बढ़ाया गया यह कदम न सिर्फ शिल्पकारों की आजीविका को मजबूत कर रहा है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को स्वदेशी की नई ताकतद्ब के रूप में स्थापित भी कर रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना पीएम यूनिटी मॉल राज्यों में स्थानीय उत्पादों की बिक्री, प्रदर्शन और ब्रांडिंग का बड़ा केंद्र बनकर उभर रही है। आगरा के शिल्पग्राम क्षेत्र में लगभग 11.53 एकड़ भूमि पर करीब 128.85 करोड़ रुपये की लागत से पीएम यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है। बेसमेंट की खुदाई, फाउंडेशन की पीसीसी, आरसीसी, बेसमेंट फ्लोर के कॉलम एवं रिटेनिंग बाल की आरसीसी का कार्य 100% तक पूर्ण हो चुका है। यहां ब्रज क्षेत्र, आगरा, फिरोजाबाद और आसपास के जिलों के हस्तशिल्प व पारंपरिक उत्पादों को ब्रांडिंग के साथ देश-विदेश के बाजार तक पहुंचाने की व्यवस्था होगी। 6 फ्लोर के मॉल में कुल 135 दुकानें होंगी। यह मॉल नवंबर 2026 तक पूरी होने की संभावना है। वाराणसी के गंगानगर कॉलोनी में करीब 154.71 करोड़ रुपये की लागत से 1.46 एकड़ क्षेत्र में यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। डी-वाल और छत की स्लैब की ढलाई का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि बेसमेंट 3 में फाउंडेशन का कार्य प्रगति पर है।

संक्षेप

## नौकरी का झांसा देकर ठगे 11 लाख, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** नौकरी का झांसा देकर जालसाज ने पीड़िता से ग्यारह लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली। पीड़िता की तहरीर पर उदयपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे नेवली निवासिनी पूनम सिंह पुत्री विश्वनाथ सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसके मोबाइल पर कुछ नम्बरों से अज्ञात आरोपी ने फोन कर उसे नौकरी का झांसा दिया। आरोपी के झांसे में आकर पीड़िता ने ग्यारह लाख रुपए दो खातों में भेज दिया। इसके बाद आरोपी द्वारा फोन कर पीड़िता को सरकारी विभाग के प्रवर्तन विभाग का अधिकारी बताकर डराया गया। आरोपी ने काल के दौरान पीड़िता पर पाकिस्तान से संबंध होने का आरोप लगाते हुये कार्रवाई का भी डर पैदा किया गया। पीड़िता ने इसकी शिकायत पोर्टल पर दर्ज करायी गयी। तहरीर के आधार पर उदयपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## प्रो. आदेश कुमार बने प्रतिकुलपति



**सैफई, इटावा।** उप्र आयुर्विज्ञान विवि, सैफई में प्रतिकुलपति पद की जिम्मेदारी बदल गई है। आठ वर्ष से अधिक समय तक इस पद का दायित्व संभालने वाले न्यूरोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रमाकांत यादव को प्रतिकुलपति पद से अवमुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर चिकित्सा संकाय के संकायाध्यक्ष एवं रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आदेश कुमार को अग्रिम आदेशों तक प्रतिकुलपति का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजय सिंह की ओर से गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया। यह बदलाव कार्य परिषद की 17वीं बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर किया गया है। प्रो. रमाकांत यादव ने प्रतिकुलपति पद पर आठ वर्ष से अधिक समय तक जिम्मेदारी संभाली। प्रतिकुलपति पद से अवमुक्त होने के बाद भी प्रो. रमाकांत यादव विवि की उन समितियों में अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे, जिनमें वह अध्यक्ष या सदस्य के रूप में नामित हैं। विवि प्रशासन ने प्रतिकुलपति पद पर उनके कार्यकाल के दौरान दी गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया है।

## युवक का अपहरण अज्ञात के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** युवक के अपहरण को लेकर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के कोडरामादूपुर सहजानिया निवासी सुधीर कुमार वर्मा पुत्र रामसुमेर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती दस सितम्बर को उसका पुत्र अनुभव वर्मा (22) घर से बैक से पैसा निकालने की बात कहकर निकला। देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा तब परिजन अप्रिय घटना की आशंका से परेशान हो उठे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# नगर पंचायत के निर्माण कार्यो का डीएम ने किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने नगर पंचायत इकौना के विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सड़कों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने उपजिलाधिकारी और प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकौना रवेन्द्र कुमार को निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरे कराए जाएं। उन्होंने कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने को कहा।

निरीक्षण के दौरान इकौना बाजार की सड़क पर काफी अतिक्रमण पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर पहले स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण नहीं हटाने पर नियमानुसार कार्रवाई के साथ जुमार्ना भी वसूला जाएगा।

वार्डों के निरीक्षण में जगह-जगह गंदगी मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों को सभी वार्डों में प्रतिदिन नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने नगर पंचायत इकौना में बने एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पता चला कि नगर का पूरा कूड़ा सेंटर तक नहीं पहुंच रहा है और रास्ते में भी कूड़ा फेंका जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिदिन नियमित रूप से कूड़ा उठाकर एमआरएफ सेंटर पहुंचाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कूड़ा उठान और सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान, 'टँ,ी एवं प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकौना रवेन्द्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सुरक्षा गार्डो को बंधक बनाकर एल्युमिनियम प्लेट लूटने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)

**मेरठ।** मेरठ में फैक्ट्रियों के सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर एल्युमिनियम प्लेट लूटने के दो अलग-अलग मामलों का पुलिस ने शनिवार को खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। लोहियानगर क्षेत्र में लूट के इन मामलों में गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की, जिसके बाद हुई जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी घायल हो गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (कोतवाली) संग्राम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुलंदशहर निवासी सलीम पहलवान, अजय और गाजियाबाद निवासी कलीम व आस मोहम्मद के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान सलीम घायल हो गया।

अधिकारी ने बताया कि चार-पांच सितंबर की रात अल्लीपुर स्थित बंद अलफईम मीट फैक्टरी में तीन सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर एल्युमिनियम की 30 प्लेट लूट ली गई थीं। 15-16 अगस्त की रात तान्या फैक्टरी में भी दो सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर वहां से एल्युमिनियम की 32 प्लेट लूट ली गयी थीं।

उन्होंने बताया कि शनिवार को चिंदौड़ी पुलिया के पास जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने पुलिस दल पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई के बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक टाटा कैंटर, एक पिकअप वाहन, लूटी गई 30 एल्युमिनियम प्लेट, .315 बोर का एक तमंचा, एक खोखा और 12 बोर के छह कारतूस बरामद किए हैं। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि चारों आरोपी दोनों घटनाओं में वांछित थे और उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामले दर्ज हैं।

## होटल में आग लगी, दो कारें खाक

**मेरठ।** जिले में दिल्ली रोड स्थित एक होटल में शनिवार को अचानक लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और होटल के कमरों तथा पार्किंग में खड़े वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। परतापुर थाना क्षेत्र स्थित होटल में लगी आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। होटल अविका में आग की लपटें दिखाई देते ही वहां मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि सभी लोग तत्काल होटल से बाहर निकल आए और स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को आग की सूचना दी, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया।

## गणेश चतुर्थी को लेकर खेसरहा थाने में पीस कमेटी की बैठक



**खेसरहा, सिद्धार्थनगर।** गणेश चतुर्थी पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने और क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को थाना खेसरहा परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के नेतृत्व में आयोजित बैठक में प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, थाना पुलिसकर्मी, क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, ग्राम प्रधान तथा हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु एवं मौलवी शामिल हुए। अधिकारियों ने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। इस दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से भी उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया।

## थाना समाधान दिवस में सीओ और नायब तहसीलदार ने सुनी शिकायतें

**प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में स्थानीय कोतवाली में सीओ राजीव द्विवेदी तथा नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने शिकायतों की संयुक्त रूप से सुनवाई की। यहां छह शिकायतें आयी हैं। सीओ और नायब तहसीलदार ने सभी शिकायतों के निस्तारण के बाबत राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कराया। सीओ ने पुलिस कर्मियों को जमीनी विवाद के निस्तारण में राजस्व विभाग के साथ समन्वय पर जोर दिया। थाना दिवस का संयोजन प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने किया। लीलापुर थाने में पांच शिकायतें आयी है। इनमें तीन राजस्व और दो पुलिस से जुड़ी रहीं। प्रभारी निरीक्षक वारिज कसेरा ने शिकायतों की सुनवाई की। उदयपुर में पांच शिकायतें आयी हैं। एक का निस्तारण हुआ। सांगीपुर में सत्रह शिकायतें आयीं। हालांकि यहां सर्वाधिक शिकायतें देखी गयी पर निस्तारण शून्य रहा।

## डीएम ने दिए गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर सुरक्षा व व्यवस्थाओं के निर्देश

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बुढ़वा मंगल पर्व एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व एवं प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद इटावा, जसवंतनगर एवं भरथना के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए स्थल चिन्हित किए गए हैं, वहां साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पहुंच मार्ग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं। विसर्जन स्थलों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न रहे तथा श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। संबंधित अधिकारी विसर्जन से पूर्व स्थलों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा लें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि मिश्रित आबादी एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। प्रतिमा स्थापना स्थलों पर प्रातः एवं सायंकाल आरती के समय पुलिस की मौजूदगी तथा महिला सुरक्षा के लिए पर्याप्त महिला पुलिस बल तैनात किया जाए। प्रतिमा विसर्जन केवल चिन्हित स्थलों पर कराया जाए, नदी-नहर अथवा अन्य जलाशयों में विसर्जन न होने दिया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, अपरजिलाधिकारी बिपिन कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, डीपीआरओ रोहित कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सन्तोष कुमार मिश्रा सहित विद्युत और सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

# नाबालिग छात्रा से छेड़खानी व अश्लील हरकत का आरोपी सिपाही निलंबित, प्राथमिकी दर्ज

**बलिया।** जिले के दोकटी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से कथित रूप से छेड़खानी और अश्लील हरकत करने के आरोप में एक सिपाही के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोकटी थाना में शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कक्षा नौ की 15 वर्षीया छात्रा की शिकायत पर दोकटी थाना में तैनात सिपाही पंकज गुप्ता के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में छात्रा ने आरोप लगाया कि सिपाही उसके साथ बार-बार छेड़खानी करता था। शुक्रवार को कोचिंग से साइकिल से घर लौटते समय सिपाही ने उसे सुनसान स्थान पर रोक लिया और कथित रूप से अश्लील हरकत की। शोर मचाने पर सिपाही मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से भाग गया। बैरिया के पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक गुप्ता ने बताया कि इस सम्बंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी सिपाही को कर्तव्य के प्रति लापरवाही, अनुशासनहीनता और मनमाना व्यवहार करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

### युवक की गोली मारकर हत्या, हमलावरों की तलाश

**मेरठ।** जिले के हस्तिनापुर थानाक्षेत्र में शुक्रवार शाम दो मोटरसाइकिलों पर सवार हमलावरों ने कथित रूप से 24 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में घटना की वजह युवकों के बीच आपसी विवाद सामने आई है। एसएसपीबीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि नितिन नागर (24) को गोली लगने की सूचना मिलने पर हस्तिनापुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत


**कन्नौज।** जिले के सदर कोतवाली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात को बलही गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के उमरीपुर निवासी जीतू (22) और टिंकू (20) के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि जीतू बाइक से अपने दोस्त टिंकू के साथ कानपुर के मंधना जा रहा था और शुक्रवार रात नौ बजे उनकी बाइक जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम बलही के सामने पहुंची, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। ट्रक का अगला पहिया बाइक के ऊपर से निकल गया और बाइकट्रक में फंस कर घिसटती रही। जिससे दोनों युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। एसएचओ ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मण्डी समिति पुलिस और जिला अस्पताल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक ट्रक छोडकर फरार हो गया।

## कार्यकर्ताओं ने लिया जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पण का संकल्प



**श्रावस्ती।** सेवा संकल्प अभियान के निमित्त हरिहरपुररानी के खरगौरा स्थित कार्यालय में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा रहे। उन्होंने कार्यकताओं को अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए जनसेवा, संगठनात्मक सक्रियता और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष अरुण पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर शुक्ला तथा मंडल अध्यक्ष अंकित निषाद सहित मंडल के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए जनकल्याणकारी कार्यों को गति देना है। कार्यकताओं से अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया गया। इस दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों, अभियान की रूपरेखा और कार्यकताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से विमर्श किया गया। उपस्थित कार्यकताओं ने सेवा, समर्पण और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता के साथ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## मानव तस्करी के विरुद्ध सजगता बढ़ाने पर जोर



- 62वीं वाहिनी एसएसबी में दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

जिला संवाददाता (vol)

**भिनगा, श्रावस्ती।** सीमा क्षेत्र में मानव तस्करी जैसी जघन्य सामाजिक कुरीति की रोकथाम तथा पीड़ितों की सुरक्षा को लेकर 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में आयोजित दो दिवसीय मानव तस्करी विरोधी कार्यशाला का शनिवार को सफल समापन हुआ। कार्यशाला में जवानों को तस्करी की गतिविधियों की पहचान, प्रभावी रोकथाम, बचाव और पीड़ितों के पुनर्वास के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। उच्च मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित कार्यशाला कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें एनजीओ देहात व पुलिस विभाग के विशेषज्ञों ने विभिन्न सत्रों और कक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से जवानों को मानव तस्करी से जुड़े कानूनों और प्रावधानों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान सीमा क्षेत्र में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने, संभावित तस्करी के मामलों की पहचान करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं परिस्थितियों के प्रति सजग रहने के तौर-तरीके बताए गए। साथ ही पीड़ितों के साथ संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार करने और संबंधित विभागों व सुरक्षा एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जवानों की जागरूकता, सतर्कता और कार्यकुशलता को सुदृढ़ करना रहा, ताकि मानव तस्करी के विरुद्ध समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। समापन अवसर पर जवानों को समाज के कमजोर एवं संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा के लिए सजग, संवेदनशील और तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला को सीमा सुरक्षा के साथ मानवीय सरोकारों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना गया।

## विहिम ने निकाली कलश यात्रा, काशी और मथुरा मुक्ति आंदोलन का दोहराया संकल्प

**अयोध्या।** स्व. महंत अवैद्यनाथ की 12वीं पुण्यतिथि पर विश्व हिंदू महासंघ ने कलश यात्रा निकाली। इस दौरान काशी व मथुरा मुक्ति आंदोलन का संकल्प भी संगठन ने दोहराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विहिम के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह रहे। इसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह ने किया। गांधी पार्क से निकली कलश यात्रा का समापन पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर पर हुआ। विश्व हिंदू महासंघ ने हर जिले में इस तरह का आयोजन किया। कार्यक्रम के समापन पर धमार्चार्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पंडित रमेश शास्त्री ने पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर पर सभी उपस्थित भक्तों से हवन संपन्न कराया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ शुभारंभ मामलों के त्वरित निस्तारण पर जोर

**श्रावस्ती।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चन्द की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय परिसर, अधीनस्थ न्यायालयों तथा जिलाधिकारी के न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों व कार्यालयों में लोक अदालत आयोजित हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी, बैंक प्रबंधक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोक अदालत में 459 वाद निस्तारित, पांच हजार से अधिक वसूला गया अर्थदण्ड

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय लोक अदालत में लालगंज वाह्य न्यायालय सीनियर डिवीजन में कुल चार सौ उन्सठ वादों का निस्तारण हुआ। वहीं अदालत द्वारा कुल पांच हजार छह सौ बीस रुपए का अर्थ दण्ड वसूल किया गया। एसीजेएम कोर्ट द्वारा तेइस लाख तिरान्बे हजार पांच सौ बयालीस का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट डा. कुमार मल्लिकार्जुन की अदालत ने दो सौ सत्तर वादों का निस्तारण कराया। इनमें एक वाद एनआई एक्ट तथा दो सिविल वाद शामिल हैं। एसीजेएम कोर्ट ने दो हजार पचास रुपए का अर्थदण्ड भी वसूल किया। वहीं इस कोर्ट द्वारा आठ उत्तराधिकार के वादों का निस्तारण कराते हुए तेइस लाख तिरान्बे हजार पांच सौ बयालीस का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। वहीं सिविल जज अशोक कुमार की अदालत ने एक सौ नवासी वादों का निस्तारण कराया। इस अदालत द्वारा तीन हजार पांच सौ सत्तर रुपए का अर्थदण्ड भी वसूल किया गया। लोक अदालत के संचालन में वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय, करूणाशंकर मिश्र, जान्हवी प्रताप सिंह, शहजाद अंसारी, जितेन्द्र सिंह, पवन पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह आदि का सहयोग देखा गया।

## नरेंद व रामप्रकाश बने सपा के विस क्षेत्र उपाध्यक्ष




**इटावा।** पार्टी कार्यालय पर उमेश राजपूत दुल्ले अध्यक्ष समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र इटावा ने जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के निर्देश पर अपनी विधानसभा कमेटी का विस्तार करते हुए नरेंद्र प्रजापति पुत्र श्याम बिहारी प्रजापति निवासी विजयनगर पचावली एवं रामप्रकाश यादव उर्फ पप्पू पुत्र हाकिम सिंह यादव निवासी मडेया अजबपुर को विधानसभा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है, उक्त दोनों व्यक्तियों के विधानसभा उपाध्यक्ष बनाए जाने पर युवाओं में हर्ष की लहर है, और उनके मनोनयन निश्चित ही पार्टी को मजबूती मिलेगी। नरेंद्र प्रजापति एवं रामप्रकाश यादव पप्पू को समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र की कमेटी में उपाध्यक्ष बनाए जाने पर का जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, जिलाउपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, जिलाउपाध्यक्ष अनवार हुसैन, जिलाप्रवक्ता विक्की गुप्ता, जिलासचिव प्रवीण कुशवाहा, नगर अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा, अरविंद यादव, सपा नेता अंकुर यादव डॉ. कमलेश कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, हुकम सिंह यादव, चंदन यादव, संदेशवाहक कैलाश नारायण गुप्ता ने बधाई दी है।

# लोक अदालत में 1 लाख 254 मामले निस्तारित



**इटावा।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन की अध्यक्षता एवं दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज प्रथम अखिलेश कुमार व स्पेशल जज यएससी, एसटी एक्ट, नोडल अधिकारी लोक अदालत संजय कुमार चतुर्थ एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आरती द्विवेदी तथा जनपद के समस्त अधिकारी के प्रयास से जनपद न्यायालय व समस्त राजस्व न्यायालयों एवं समस्त प्रशासनिक विभागों के सहयोग से शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आर्बिट्रेशन वादों सहित सकल रूप से 1,00,254 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन द्वारा 7, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार द्वारा 8, विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी संजय कुमार चतुर्थ द्वारा 6, विशेष न्यायाधीश द.प्र.क्षे. आलोक कुमार श्रीवास्तव 3 तथा विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट अंकुर शर्मा द्वारा 505 वादों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ललित नारायण झा व अतिरिक्त न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सुबोध वार्ष्णेय द्वारा कुल 31 वैवाहिक प्रकरणों का निस्तारण किया गया। कुल 12 जोडो की एक साथ विदाई करायी गयी। पीठासीन अधिकारी एमएसीटी रामचन्द्र यादव प्रथम द्वारा 154 वादों, पीठासीन अधिकारी, उपभोक्ता न्यायालय गुलाब सिंह द्वारा कुल 11 वाद व अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत देवेन्द्र सिंह द्वारा 3 वाद का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार व अन्य फौजदारी न्यायालयों द्वारा कुल 1382 शमनीय आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया। आरती द्विवेदी ने यह बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक आदलत में न्यायिक अधिकारीगण के अतिरिक्त विभिन्न विभागों व बैंको से सम्बन्धित प्री लिटिगेशन के 95,370 वाद निस्तारित किए गए जिनमे 14,28,13,638 रू. वसूल किए गए। प्री-लिटिगेशन तथा लम्बित वादों का निस्तारण करते हुए सकल रूप से 25,47,85,755 रू. वसूल किए गए।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः- /2काम(बी)-गो0वृ0/26-27 दिनांक .09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में सेतु हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड/ विधानसाभ का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| राज्य योजनान्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर लघु सेतु का निर्माण कार्य (विधानसभा-उतरौला) | | | | | | | |
| 1 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | जनपद बलरामपुर में बदपुर हुसैनाबाद मार्ग के किमी. 2 में क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 3x5x4 मी. बाक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य | 69.60 | 5.60 | 2600.00 | 6 माह | ए,बी,सी |
| 2 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | जनपद बलरामपुर में गोण्डा उतरौला मार्ग से रेहरा माफी के मध्य नाले पर 5x4x4 मी. बाक्स कल्वर्ट एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य | 128.60 | 8.60 | 2600.00 | 12 माह | ए,बी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.09.2026 से 29.09.2026 तक सांय 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 29.09.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 29.09.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्तें तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्रटवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 29.09.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

UPID-255902 Date: 11.09.26 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## गंगा की उपधारा में डूबे युवक का शव मिला

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** भैंस की पूछ पकड कर गंगा की उपधारा में भैंस चराने के दौरान डूबे युवक का शव शनिवार शाम करीब छह बजे घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर रुस्तमपुर गांव के मजरा गजिया पुरवा के सामने बरामद हुआ। सुबह से पीएसी और गोताखोरों की टीम युवक की तलाश में जुटी थी। शाम को गश्त के दौरान टीम को पानी में शव दिखाई दिया, जिसके बाद उसे बाहर निकाला गया। बताते चलें कि फुलवईया मजरा जैतपुर निवासी सुनीत (35) पुत्र रामकृष्ण शुक्रवार दोपहर रोज की तरह गंगा की उपधारा पार कर दूसरी ओर भैंस चराने जा रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक, उपधारा पार करते समय वह भैंस की पूंछ पकड़कर पानी पार कर रहा था। इसी दौरान बीच धारा में भैंस की पूंछ उसके हाथ से छूट गई और वह गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना फतेहपुर चैरासी पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। इसके बाद पीएसी और गोताखोरों की मदद से लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। शनिवार शाम करीब छह बजे घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर गजिया पुरवा के सामने उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## हत्या के प्रयास का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**गगहा।** थाना गगहा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शैलेन्द्र यादव उर्फ बबलू यादव निवासी भैंसहा, थाना गगहा, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अपराधों पर अंकुश लगाने एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गगहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। 3 फरवरी 2026 को बाइक सवार आरोपियों ने असलहे से लैस होकर भैंसहा निवासी भाजपा नेता राधामोहन सिंह को जान से मारने की नीयत से उन पर फायरिंग की थी। गोली उनकी पीठ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना के संबंध में तहरीर के आधार पर थाना गगहा में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## राउटर खराब होने से 15 दिनों से डाकघर की बैंकिंग सेवा ठप

**गगहा, गोरखपुर।** गगहा विकासखंड के हाटा बाजार स्थित शिवपुर उप डाकघर में लगा राउटर पिछले करीब 15 दिनों से खराब पड़ा है। इसके चलते डाकघर की बैंकिंग सेवा पूरी तरह प्रभावित हो गई है। बैंकिंग कार्य नहीं होने से शिवपुर उप डाकघर के साथ उससे जुड़ी 17 पोस्ट आफिसों के उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राउटर खराब होने के कारण शिवपुर उप डाकघर से संबद्ध बरईपार, भीटी, छपरा, ददरी, गागूपार, खखाइचखोर, किरकिटा दूबे, कोरण पाण्डेय, मठिया, मोहलजलकर, नेवादा, रामपुर बघौरा, रियांव, सहुआकोल, सेमरा खुर्द, सिहाईजपार और उज्जरपार शाखाओं में भी बैंकिंग लेन-देन प्रभावित है। बैंकिंग व्यवस्था बाधित होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में उपभोक्ता शिवपुर डाकघर पहुंच रहे हैं, लेकिन लेन-देन का कार्य नहीं हो पाने से उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। कर्मचारियों के मुताबिक, समस्या के कारण डाकघर से जुड़ी सभी 17 पोस्ट आफिसों के बैंकिंग कार्य पर असर पड़ा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि करीब दो सप्ताह से समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक राउटर को ठीक नहीं कराया जा सका है। इससे बचत खाते, जमा-निकासी सहित अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द राउटर दुरुस्त कराकर बैंकिंग सेवा बहाल कराने की मांग की है।

**Notice**

I Sanjeev Kumar Bakhsh s/o late Kalika BakhshResident: House No. 444, Satyapremi Nagar, Barabanki would like to inform you that Class 9 registration form my son's name is Kartikey Bakhshi and mother's name is Babita Srivastava, which is incorrect. However my son's correct name is Kartikey Bakhshi, mother's name Babita Rani and father name Sanjeev Kumar Bakhsh.

# कैलाशवती देवी का जीवन आज की नारी शक्ति के लिए प्रेरणास्रोत

## नारी शक्ति की मिशाल थी पूर्व विधायक कैलाशवती देवी : विनित





राजेश पांडेय/ बनवारपार

**गोरखपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व विधायक स्व कैलाशवती देवी का जीवन और राजनीतिक सफर महिला सशक्तीकरण की एक ऐतिहासिक गाथा है। जिस दौर में महिलाओं के लिए घर की दहलीज लांघना और घूंघट (पर्दा प्रथा) से बाहर निकलना भी एक बड़ी चुनौती थी, उस रूढ़िवादी समय में समाज के बंधनों को तोड़कर वो गोरखपुर के चिल्लूपार (तत्कालीन धुरियापार) क्षेत्र से चुनकर आने वाली वह इस अंचल की पहली महिला विधायक थीं, और जनता का सफल नेतृत्व कर रूढ़िवादी दौर में समाज की सोच को बदला था। उनका पूरा जीवन आज की नारी शक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है। उक्त बातें पूर्व विधायक स्व कैलाशवती देवी के पौत्र विनीत कुमार (युनिट हेड राजेन्द्र टोयोटा गोरखपुर) ने कही। वे उपनगर गोला स्थित वीएसएवी पीजी कालेज में सरयू महोत्सव 2926 के तहत पूर्व विधायक कैलावती देवी की स्मृति में ₹हां मै बेटी हुं तो क्या हुआ, कुछ भी कर सकती हू₹ बिष्ट पर आयोजित सम्भाषण प्रतियोगिता को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम उनकी महान दादी मां पूर्व विधायक कैलाशवती देवी के प्रति एक श्रद्धांजलि है, जो महिला सशक्तीकरण और राजनीतिक साहस का एक अद्भुत उदाहरण थीं। वह चिल्लूपार (तत्कालीन धुरियापार विधानसभा क्षेत्र) से 1957 का विधानसभा चुनाव जीतकर पहली महिला विधायक बनी, जो उनके राजनीतिक कौशल और जनता के बीच उनकी गहरी पैठ को दर्शाती है।

उन्होंने यह साबित किया कि यदि महिलाओं को अवसर मिले और उनमें दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो वे विपरीत परिस्थितियों में भी समाज की दिशा और दशा बदल सकती हैं। उनका जीवनकाल आज की नारी शक्ति को हमेशा यह सीख देता रहेगा कि साहस और इरादे मजबूत हों तो कोई भी सामाजिक बंधन आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता। आज उनकी स्मृति में प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आज की बेटियों को उनके पदचिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# छात्रा से अश्लील हरकत व बातचीत का आरोपी प्रबंधक पुत्र गिरफ्तार

- पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पहले दर्ज हुआ था पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा
- एक संगठन के कार्यकर्ताओं की तहरीर पर बाद में एससी-एसटी एक्ट में भी केस दर्ज

**गोला, गोरखपुर।** गोला क्षेत्र के एक निजी विद्यालय की छात्रा से अश्लील हरकत करने, शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने तथा इससे संबंधित ऑडियो वायरल कर धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी विद्यालय प्रबंधक के पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को शनिवार सुबह करीब 8:35 बजे देईडीहा तिराहे से गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने के की तैयारी हो रही थी।

थाना प्रभार सीपी पाण्डेय के अनुसार गिरफ्तार आरोपी प्रतीक कुमार त्रिपाठी (32) पुत्र घनश्याम त्रिपाठी निवासी भीखाभार बुजुर्ग,जगरनाथपुर, थाना गोला के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 75(1), 76, 78(2), 79, 352, 351(3), पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 तथा आईटी एक्ट की धारा 66ई के तहत मुकदमा दर्ज है।

मामला 29 सेकेंड के कथित अश्लील ऑडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सामने आया था। वायरल ऑडियो में एक व्यक्ति की आवाज विद्यालय के प्रबंधक पुत्र प्रतीक तिवारी की बताई जा रही थी, जबकि दूसरी आवाज उसी विद्यालय की छात्रा की होने का दावा किया गया था। ऑडियो में छात्रा से पढ़ाई और भविष्य बनाने का लालच देकर कथित रूप से आपत्तिजनक मांग किए जाने की बात सामने आई थी। हालांकि, वायरल ऑडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई थी। ऑडियो सामने आने के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी थी। वॉयरल ऑडियो में जाती को लेकर हुए टिपण्णी से नाराज एक संगठन के कार्यकताओं की ओर से भी पुलिस को तहरीर दी गई थी। पुलिस ने उस तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 353(2)/196(1) तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(1)(यू) के तहत अलग मुकदमा पंजीकृत किया था।

# पीएम के 25 वर्ष पर सेवा संकल्प अभियान 17 से : भाजपा अध्यक्ष




**इटावा।** भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने भाजपा जनपद कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान जनपद में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक वृहद रूप से चलाया जाएगा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला, विधानसभा, मंडल एवं बूथ स्तर तक 13 अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का मूल भाव जन सेवा ही प्रभु सेवा है। इसके माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर सेवा कार्यों को जनभागीदारी से जोड़ने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की सफलता की कहानियों को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यकताओं से अपेक्षा की गई है कि वे सेवा कार्यों को केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए उन्हें समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का माध्यम बनाएं। अभियान के शुभारंभ अवसर पर 17 सितम्बर की शाम 7 बजे जनपद भर में ह्यआशीर्वाद का दीयाह्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनपद में लाभान्वित परिवारों के घरों पर दीप प्रज्वलित कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर 200 व पूरे जनपद में 1 लाख 25 हजार दीये जलाने की योजना बनाई गई है। प्रेसवार्ता में पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, अभियान जिला संयोजक सतेंद्र राजपूत, जिलाउपाध्यक्ष बासु चैधरी, यशवर्धन चैधरी व सह-मीडिया प्रभारी अंकित सैनी उपस्थित रहें।

# धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गयी




**फतेहपुर चौरासी।** क्षेत्र के गाँव हफीजाबाद श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद निकलने वाली शोभायात्रा एवं झांकी यात्रा शनिवार को धूमधाम से निकाली गई। गाजे बाजे के साथ लगभग पचास झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिसमें गणेश, राधा कृष्ण, शिवपार्वती, राम दरबार, देवीजी, गरुड़ जी आदि समेत अनेक देवी देवताओं की मूर्तियों को सजाकर अनेक वाहनों पर बिठाकर गाँव में घुमाया गया। शोभायात्रा का आयोजन पूर्व प्रधान पुष्कर शुक्ला ने किया। यात्रा ने उन्नाव हरदोई रोड होते हुए गाँव का भ्रमण किया। इससे पहले शोभायात्रा को प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मूर्तियों की पूजा अर्चना एवं आरती करके रवाना किया। मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। ऐसे आयोजन करके हमें अपनी परम्पराओं को जीवित रखना चाहिए। शोभायात्रा को देखने और इस अवसर पर लगने वाले मेले में भारी भीड़ रही झांकी यात्रा के आयोजक पुष्कर शुक्ला ने राज्यमंत्री का स्वागत करते हुए आए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सफीपुर के सौरभ बाजपेई, विवेक पटेल आदि मौजूद रहे।

# केके कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित




**इटावा।** कर्मक्षेत्र महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष, महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष, मुख्य अनुशासन अधिकारी और विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने वाले प्रो. शिवराज सिंह यादव के सेवानिवृत्ति के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में शिक्षक संघ ,के के कालेज द्वारा एक भव्य विदाई एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, माध्यमिक प्रधानाचार्य परिषद उत्तर प्रदेश संरक्षक संरक्षक एवं प्रतिष्ठित शिक्षाविद अजंट सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विजयशंकर वर्मा, मंत्री ओंकारनाथ वर्मा और राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्याम पाल सिंह उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में प्रो. शिवराज सिंह यादव के सहयोगपूर्ण कार्यों और महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं महाविद्यालय की प्रगति में उनके अविस्मरणीय योगदान की सराहना करते हुए उनके व्यक्तित्व को समाज और संस्थान के लिए अनुकरणीय बताया। अध्यक्षता कर रहे सत्येन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि प्रो. यादव ने अपने दायित्वों का निर्वहन केवल एक नौकरी के रूप में नहीं, बल्कि सच्ची जिम्मेदारी और सेवाभाव के रूप में किया।

प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विजय शंकर वर्मा ने विद्यार्थियों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सहकर्मियों के प्रति उदार व्यवहार को उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। समारोह के दौरान प्रो. ओमकुमारी वर्मा, प्रो. सुनील सेंगर, प्रो. उदयवीर सिंह और प्रो. पद्मा त्रिपाठी ने प्रो. यादव की कार्यशैली और उनके सरल स्वभाव से जुड़े संस्मरण साझा किए। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्षों सहित बजरंगी यादव, रिंकू यादव, आलोक यादव, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, चंदगी यादव, धर्मवीर यादव आदि गणमान्य लोगों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

## डम्पर खोखे में घुसा, एक की मौत

**इटावा।** चौबिया थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर दो डंपरों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत के बाद एक डंपर सड़क किनारे रखे खोखे में जा घुसा। हादसे में खोखा संचालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर के बाद एक डंपर चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे चालक को गंभीर हालत में डंफर से बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा गया हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। हादसा शनिवार दोपहर करीब दो बजे जैनपुर चैबिया के पास हुआ मृतक की पहचान 60 वर्षीय राममिलन के रूप में बताई जा रही है। बताया गया कि एक डंफर गिट्टी लादकर इटावा से मैनपुरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से मैनपुरी की ओर से इटावा आ रहे खाली डंफर से उसकी आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एक डंफर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने खोखे में जा घुसा। हादसे की सूचना मिलते ही चैबिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत बचाव कार्य शुरू कराया। दुर्घटनाग्रस्त डंफर खोखे के ऊपर फंसा होने के कारण उसे हटाने के लिए क्रेन मंगाई जा रही है। पुलिस व ग्रामीणों को आशंका है कि खोखे के नीचे कुछ व लोग दबे हो सकते है। इसी को देखते हुए डंफर हटाकर मलबे की जांच कराने की तैयारी की जा रही है।

## बढ़े जलस्तर से प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया

**इटावा।** तहसील चकरनगर स्थित क्वारी नदी के तटवर्ती ग्रामों में क्वारी नदी के बढ़े हुए जल स्तर से प्रभावित ग्रामों में राजस्व टीम द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। तहसील चकरनगर के अंतर्गत क्वारी नदी के तटवर्ती ग्रामों का सम्बंधित लेखपालों, राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार चकरनगर द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। तहसीलदार चकरनगर द्वारा चंदहसपुरा-पांडरी मार्ग व ग्राम सकेही सकरावाली व ललूपुरा आदि ग्रामों का मौके पर जाकर निरीक्षण कर ग्राम वासियों से क्वारी नदी में बढे हुये पानी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। स्थलीय निरीक्षण व प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में क्वारी नदी में जल स्तर घटता हुआ पाया गया है। किसी भी ग्राम में बाढ़ जैसे हालात नहीं है, परंतु विगत दो दिनों पूर्व में क्वारी नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण 3 ग्रामों गुडभेली, बिरोनाबाग व कोटरा का संपर्क मार्ग जल भराव के कारण बंद हो जाने के कारण ग्राम वासियों द्वारा वैकल्पिक मार्ग से यथा गुडभेली के लिए जहारपुरा होते हुए व कोटरा के लिए बिरोनाबाग होते हुए आवागमन किया जा रहा है। ग्राम बिरोनाबाग के मार्ग पर क्वारी नदी का जलस्तर घटने के कारण आवागमन पुनः सामान्य हो गया है। ग्राम ललूपुरा के नदी के किनारे स्थित कुछ खेतों में जल भराव पाया गया किंतु वर्तमान में फसल क्षति नहीं हुई है, फिर भी लेखपालों द्वारा ऐसे काश्तकारों को चिन्हित प्रभावित गाटों के सर्वे हेतु निर्देशित किया गया है।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में भव्य नृत्य प्रस्तुति, ग्रामीणों का हुआ सम्मान



**बीघापुर, उन्नाव (वीओएल)।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम नारायणदास खेड़ा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य नृत्य प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इसके उपरांत समाजसेवी एवं पूर्व बीडीसी अंकित पांडेय के सहभागिता से क्षेत्र के छोटे-बड़े भाई-बहनों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश मास्टर, संतु, राजू, आंगनपाल, दीपू, अम्बरीष गुप्ता, गोलू सोनी, नग्गे, निलेश निर्मल, रोहित, कमलेश पासी ललऊ, महेश प्रजापति, अशोक, बिंदा प्रसाद, हसन साहू एवं राकेश साहू समेत अन्य लोगों का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। आयोजकों ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन गांव में आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## जर्जर मकान को प्राधिकरण ने ध्वस्त कराया

**उन्नाव।** सचिव उन्नाव शुक्ला गंज विप्रा मनोज कुमार द्वारा प्राधिकरण की टीम की उपस्थिति में सुभाष निगम, निवासी डरियन टोला, कैथियाना, चौधराना मस्जिद वाली रोड उन्नाव के जर्जर मकान को ध्वस्त कराने की कार्यवाही कराई गई है। सचिव प्राधिकरण मनोज कुमार सिंह ने वताया कि यह मकान पूर्णतयः जर्जर अवस्था में था रहने योग्य नहीं था। वर्षा के कारण उक्त भवन की दीवार गिरकर बिजली के खंभे के सहारे टिकी हुई थी। जो किसी भी समय गिर सकती थी तथा अप्रिय घटना होने की प्रबल संभावना थी। उक्त भवन को ध्वस्त कराने के लिए पालिका ने मकान स्वामी को नोटिस प्रेषित की गयी थी तथा दूरभाष पर भी स्थिति के विषय में भी अवगत कराया था।वर्तमान

## स्कूल बस से कुचलकर पांच वर्षीय बच्चे की मौत

**गोरखपुर।** जिले में शनिवार सुबह स्कूल बस का इंतजार कर रहे पहली कक्षा के पांच वर्षीय छात्र की उसकी मां के सामने ही बस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बस में तोड़फोड़ की और प्रदर्शन किया। चौरी-चौरा के क्षेत्राधिकारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि बच्चे की मां की शिकायत पर बस चालक, एक शिक्षक और स्कूल प्रबंधक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान नैया पार बुजुर्ग गांव निवासी हिमांशु (पांच) के रूप में हुई है और वह चौरी स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में पहली कक्षा का छात्र था। परिजनों के मुताबिक, हिमांशु अपनी मां सोनी के साथ घर के बाहर स्कूल बस का इंतजार कर रहा था और इस दौरान तेज रफ्तार बस ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने बस का पीछा किया और घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर वाहन को रोक लिया लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बस की खिड़कियां तोड़ दीं। प्रदर्शनकारियों ने एक शिक्षक को भी रोक लिया था। हादसे के बाद बच्चे को तत्काल पिपराइच स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर उप जिलाधिकारी ज्ञान प्रताप सिंह, तहसीलदार भागीरथी सिंह और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद स्थिति शांत हुई। परिवार ने एक करोड़ रुपये के मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इस संबंध में परिजनों ने प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा। स्कूल प्रबंधक सुनील चौहान ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि स्कूल पीड़ित परिवार के साथ है। बच्चा अचानक बस की ओर दौड़ा और चालक उसे देख नहीं पाया। क्षेत्राधिकारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि हिमांशु की मां की शिकायत पर बस चालक मनोज, शिक्षक रानी मिश्रा और स्कूल प्रबंधक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## दुकान से हजारों रुपये के सामान गायब, सीसीटीवी फुटेज देने से पुलिस की मनाही

**चरगांवा, गोरखपुर।** पिपराइच क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा घटना में चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाया ।विशाल गुप्ता की मोबाइल दुकान के दोनों ओर के ताले तोड़े, लेकिन सेंटर लॉक के कारण चोरी नहीं कर सके ।जबकि आदित्य सिंगर भवन का ताला तोड़कर चोर करीब 17 हजार रुपये नकद, चार सीसीटीवी कैमरे, टीवी, डीवीआर के साथ ही अन्य हजारों रुपए के सामान अपने साथ ले गए। प्रतिष्ठान के मालिक राम उजागर प्रजापति के अनुसार सुबह दुकान खोलने पर चोरी की जानकारी हुई ।इससे पहले 8 सितंबर को भठ्ठा चौराहा स्थित शिव मंदिर पोखरा परिसर में स्थापित दुर्गा मंदिर से 5 किलो वजन के फूल का घंटी चोरों ने चुरा लिया था ।पुजारी रामपलट ने चौकी पर तहरीर दी थी, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार अभी तक घटना का खुलासा नहीं हुआ । ग्राम प्रधान राजेंद्र निषाद ने बताया कि इसके पूर्व जंगल धूसड़ ग्राम सचिवालय परिसर में स्थापित एटीएम वाटर मशीन को अज्ञात चोरों ने दो बार अलग-अलग दिनों में तोड़ने की कोशिश किए थे लेकिन सफल नही हो पाए थे । मामले की सूचना लिखित तहरीर के माध्यम से स्थानीय पुलिस को दी गई थी। पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर आदित्यपुरी कालोनी में 02 सितंबर को दक्षिण अफ्रीका में कार्यरत भवन स्वामी के घर से लाखों रुपए के सामान घर से चोरों ने चोरी कर लिया था । स्थानीय लोगों ने हाल में हुए सभी चोरियों में से एक भी चोरी की घटना का खुलासा नही होने पर आक्रोश व्यक्त किया है । नाम न छापने की शर्त पर कुछ पीड़ितों ने बताया कि जिसके प्रतिष्ठान या घरों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं उन सभी लोगों से घटना से संबंधित फुटेज किसी दुसरे लोगों को देने से मना कर रहे हैं ।इस बाबत पिपराइच थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जंगल धूसर स्थित पुलिस चौकी के प्रभारी शिखा जायसवाल का कहना हैं कि केवल एक दुकान का ताला टूटा है, व बारह हजार नकद व एक डीवीआर चोरी हुआ हैं शीघ्र ही पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

## कहासुनी के बाद युवक के सिर पर हथौड़ी से वार कर किया घायल, केस दर्ज

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानीराम स्थित जनता पेट्रोल पंप पर कहासुनी के बाद दो लोगों द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और हथौड़ी से सिर पर वार कर घायल कर दिया गया पीड़ित ने चिलुआताल थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गीता वाटिका आवास विकास कॉलोनी निवासी महेश जायसवाल पुत्र बहराइची जायसवाल ने पुलिस को दी लिखित तहरीर में बताया कि आठ सितंबर की सुबह करीब आठ बजे वह मानीराम से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित जनता पेट्रोल पंप पर गया था वहां एक अज्ञात व्यक्ति से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई इसी दौरान दो लोग वहां पहुंचे और दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी इसी दौरान एक व्यक्ति ने हथौड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया जिससे वह घायल हो गया।

# कुल 13 मामलों में दो का हुआ निस्तारण



**गोला/ बनवारपार, गोरखपुर।** गोला कोतवाली परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार गोला सत्येंद्र कुमार मौर्य और प्रभारी निरीक्षक सीपी पांडेय की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान निरीक्षक अपराध राजेश कुमार यादव समेत राजस्व कर्मी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण का प्रयास किया। समाधान दिवस में ग्राम बारानगर निवासी इंद्रजीत सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में जाने वाली पक्की सड़क से उनके दरवाजे तक ग्राम प्रधान के कोटे से आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। मजदूरों द्वारा कार्य किया जा रहा है, लेकिन आरोप है कि उनके दरवाजे के सहन के पास भानु सिंह और उनके परिवार के लोग करीब पांच फीट हिस्से में जबरन आरसीसी निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। इससे निर्माण कार्य बाधित हो गया है। उन्होंने बताया कि उक्त लोगों द्वारा पूर्व में भी उनके परिवार के साथ दबंगई की जा चुकी है, जिसका मामला न्यायालय में लंबित है। इंद्रजीत सिंह ने निर्माण कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर आरसीसी निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की। इस पर तहसीलदार सत्येंद्र कुमार मौर्य ने राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर पहुंचकर मामले का समाधान कराने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 13 मामले आए, जिनमें दो मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान राजस्व कर्मियों के साथ कोतवाली के सभी उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।चाहें तो मैं इसका 30 सेकेंड का जोरदार वॉयस ओवर भी बना सकता हूं।

## रंजिश में युवक से मारपीट जान मारने की धमकी

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मानीराम निवासी एक युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर कुछ युवकों पर उसके साथ मारपीट गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है पीड़ित चिलुआताल थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मानीराम निवासी राज साहनी पुत्र नवमी साहनी ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि 10 सितंबर की शाम करीब सात बजे महुआतर में खाने-पीने का सामान लेने गया था आरोप है कि इसी दौरान ग्राम सिक्टौर निवासी शुभम पुत्र संजय, लकी भारती पुत्र अज्ञात तथा उनके कुछ अन्य साथियों ने उसे रोक लिया रंजिश को लेकर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और धमकी देते हुए मौके से चले गए।

## डिलीवरी ब्याय से मारपीट व जातिसूचक गाली देने का आरोप

**सरहरी,गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के महेसरा-मोहरीपुर निवासी एक युवक ने एक व्यक्ति पर मारपीट करने व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है पीड़ित ने चिलुआताल थाने में लिखित तहरीर देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। महेसरा-मोहरीपुर निवासी अभिषेक कुमार राव पुत्र स्व. सतीश चंद्र राव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शेखपुरवा स्थित एक निजी कार्यालय में डिलीवरी ब्याय के पद पर काम करता है आरोप है कि अनुसूचित जाति का होने के कारण आसपास के कुछ लोग उसे लगातार प्रताड़ित करते रहते हैं। पीड़ित के अनुसार 11 सितंबर की सुबह क्षेत्र में रहने वाला सोनू कार से वहां पहुंचा और उसके साथ मारपीट करने लगा मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर झगड़ा शांत कराया आरोप है कि इसके बाद सोनू ने उसे जान से मारने की धमकी दी पीड़ित का यह भी आरोप है कि बाद में मिलने पर उसे काटकर फेंक देने की धमकी दी गई तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई घटना के बाद अभिषेक राव ने चिलुआताल थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी और मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

संक्षेप

## गैर इरादतन हत्या में तीन के खिलाफ करवाई

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में पुलिस ने तेज आवाज को लेकर 17 जुलाई को हुई मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था पीड़ित की मौत हो जाने पर पुलिस ने पंजीकृत अभियोग में तीनों आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ोतरी के बाद कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है जिसमें एक बाल अपचारी है। कस्बा इंचार्ज अखिलेश सिंह के अनुसार बाजार खुर्द मोहल्ले में तेज आवाज को लेकर अहमद ने विरोध किया था जिस पर रितिक, विकास और बाल अपचारी नैतिक उर्फ तन्नू के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया था 9 सितंबर को अहमद की मौत के बाद मुकदमा विवेचना दौरान गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ोतरी कर रितिक और विकास को जिला जेल भेजा गया है वही बाल अपचारी नैतिक उर्फ तन्नू को हरदोई जेल भेजे जाने की बात बताई गई है।

## गन्ना समिति में सात दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेला 15 से

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पेराई सत्र 2026-27 में चीनी मिल गोला, कुंभी और गुलरिया को गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों के सट्टे का सात दिवसीय प्रदर्शन मेला 15 से 22 सितंबर तक सहकारी गन्ना विकास समिति गोला में आयोजित किया जाएगा। गन्ना आयुक्त के निर्देश पर आयोजित मेले में किसान अपने सट्टे में दर्ज विवरण की जांच कर सकेंगे। किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसे ठीक कराया जा सकेगा। समिति सचिव डा. बलवंत कुमार चैधरी ने बताया कि किसानों की उपज बढ़ोत्तरी की रसीदें काटने के साथ नए सदस्यों को जोड़ने का कार्य भी चल रहा है। नए सदस्य बनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित है। किसानों से समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है, ताकि पेराई सत्र में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि ब्याज संबंधी आवेदनों को लेकर किसान भ्रमित न हों। फिलहाल समिति में ब्याज से संबंधित कोई आवेदन नहीं लिया जा रहा है। कोर्ट अथवा विभाग से प्राप्त होने वाले आदेश के अनुसार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। किसानों को अभी ब्याज संबंधी आवेदन कहीं भी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

## तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र में गांव के बाहर शनिवार दोपहर भैंस नहलाते समय पैर फिसलने से 65 वर्षीय बुजुर्ग की तालाब में डूबकर मौत हो गई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से उनका शव बाहर निकाला जा सका। ग्राम जड़ौरा निवासी बासू श्रीवास्तव (65) पुत्र गजराज दोपहर करीब तीन बजे दो भैंसों को लेकर पंशेड़िया रास्ते पर स्थित तालाब में नहलाने गए थे। भैंसों को नहलाते समय अचानक पैर फिसल गया और वह तालाब के गहरे पानी में चले गए। इसी दौरान वहां से गुजर रहे राहगीर ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसडीएम, तहसीलदार अरुण कुमार और थाना प्रभारी महेश पाठक मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों ने तालाब में तलाश शुरू की। करीब तीन घंटे बाद बासू श्रीवास्तव का शव बरामद हो सका।

# गांव-गांव पहुंचेगी मोदी की सेवा गाथा

जिला संवाददाता(vol)



- प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने की समीक्षा, 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान; सेवा दिवस से सेवा सेतु तक होंगे कार्यक्रम

लखीमपुर खीरी। पीएम नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के अविरल जनसेवा काल के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार का सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से शुरू होगा। एक माह तक चलने वाले इस अभियान में सेवा, स्वच्छता, जनकल्याण और जनभागीदारी के जरिए सरकार की विकास यात्रा को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा।

अभियान की तैयारियों को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध तथा जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रमों की तैयारी में किसी तरह की औपचारिकता न बरतने और सभी गतिविधियों को मिशन मोड में संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग और सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने विभागवार तैयारियों की जानकारी लेते हुए कहा कि अभियान केवल आयोजनों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। सरकार की 25 वर्षों की विकास यात्रा, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचे और पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिले, यही अभियान का मूल उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, युवाओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित कर कार्यक्रमों को जनआंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए। 17 सितंबर को सेवा दिवस के साथ अभियान की शुरूआत होगी। जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में फल वितरण व रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। विश्वकर्मा जयंती पर टूलकिट वितरण भी होगा। शाम सात बजे गुरु गोविंद सिंह चौक, मेडिकल कालेज के साथ ग्राम पंचायतों, शहरी वार्डों, प्रमुख मंदिरों, नदी घाटों और वर्ष 2014 के बाद विकसित प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर स्थलों पर आशीर्वाद का दीया जलाया जाएगा।

### स्कूलों से चौपाल तक दिखेगी विकास की कहानी

17 सितंबर से सात अक्टूबर तक मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम में विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में विकसित भारत-विकसित यूपी विषय पर चित्रकला, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं नमो सेवा-अनकही कहानियों के तहत सांस्कृतिक दल गांवों और चौपालों में नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से 25 वर्षों की विकास यात्रा बताएंगे। 25 सितंबर से सात अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और उत्कृष्ट लाभार्थी माताओं का सम्मान होगा। हेल्दी बेबी प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी।

### जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर भव्य बनायें कार्यक्रम

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और संगठन के प्रतिनिधियों से निरंतर समन्वय रखा जाए। प्रत्येक कार्यक्रम की जिम्मेदारी तय कर समयबद्ध तैयारी और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यक्रम की औपचारिकता पूरी करना नहीं, बल्कि सेवा भाव के साथ आमजन को जोड़ना है। बैठक में सदर विधायक योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएफओ दक्षिण खीरी तापस मिहिर सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में माध्यमिक विद्यालयी जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं ने विभिन्न भार वर्गों में दमखम दिखाया। प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में आयोजित हुई। प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज के संयोजन में हुई प्रतियोगिता का शुभारंभ खिलाड़ियों के परिचय के साथ हुआ। बालिका वर्ग के अंडर-14 में 33 किलोग्राम भार वर्ग में किरन और 45 किलोग्राम में अनुष्का जायसवाल ने बाजी मारी। अंडर-17 के 53 किलोग्राम में लवी मिश्रा विजेता रहीं। अंडर-19 में 44 किलोग्राम में पूर्ति देवी और 50 किलोग्राम में संध्या ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में 39 किलोग्राम में तक्षत, 42 किलोग्राम में सफीकुल रहमान, 55 किलोग्राम में अनुराग और 58 किलोग्राम भार वर्ग में इकराम विजेता रहे। क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि विजेता खिलाड़ी मंडलीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे इस अवसर पर लखपत भारती, डॉ. अनिल कुमार, ओम प्रकाश यादव, अशोक कुमार वर्मा सहित शिक्षक मौजूद रहे।

## रजा जामि मस्जिद की तरफ से आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में 26 लोगों ने किया रक्त दान



पलियाकलां खीरी। संपूर्णानगर रजा जामा मस्जिद की तरफ से ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे लोगों ने बढ़ चढ़ कर रक्त दान किया तथा रक्त दान के उपरांत लोगों को जूस और बिस्कुट के पैकेट्स दिए गए। ब्लड डोनेशन कैम्प में मुफ़्ती आबिद रजा बरकाती, रजा जमा मस्जिद के सदर हाजी डा इजहार अहमद खान, व्यापार मंडल अध्यक्ष इश्तियाक खान, समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी डा आई ए खान, मो सलमान रजा अत्तारी, जीशान रजा अत्तारी, डा सैफ अत्तारी, हाजी मकबूल खान, आसिफ रजा, GNRF टीम आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा। डा आई ए खान ने लोगों को रक्त दान का महत्त्व बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से व्यक्ति बीमारियों से काफी हद तक बचा रहता है। रक्तदान से न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचती है, बल्कि रक्त दाता को शारीरिक और मानसिक लाभ मिलता हैं। नियमित रक्तदान से खून का गाढ़ापन कम होता है तथा दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा काफी हद तक घट जाता है, नई लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण तेजी से होता है जिससे शरीर में ताजगी आती है, वजन को नियंत्रित रखने में भी मदद मिलती है। मुफ्ती आबिद रजा ने लोगो से बताया कि हजरत मोहम्मद स० ने हमेशा तन मन धन से एक दूसरे की मदद करने को कहा है, किसी की ज़िंदगी बचाने से बड़ा कोई काम नहीं है उन्होंने ये भी बताया की हजरत मोहम्मद स० की पैदाइश का महीना चल रहा है इसी के मद्देनजर ये कैम्प लगाया गया है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ प्रयोगशाला प्राविधिक टेक्नीकल सुपरवाईजर महंत सिंह की टीम में डा अंशिका वर्मा, काउंसलर रति, एल टी अमित वर्मा एवं सौरभ वर्मा, रामासरे, आकाश श्रीवास्तव ने आकर सुरक्षित रक्तदान करवाया मुफ़्ती आबिद रजा और डा आई ए खान ने सभी रक्तदाताओं और जिले से आई ब्लड बैंक टीम को धन्यवाद दिया।

## रेल कर्मचारियों की समस्याओं पर यूनियन का सख्त रुख, शीघ्र समाधान की मांग



सीतापुर। एनई रेलवे मेंस कांग्रेस की सीतापुर शाखा की कार्यकारिणी बैठक शनिवार को हुई। बैठक में रेलकर्मियों से जुड़ी समस्याओं और कार्यस्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर मंथन किया गया। यूनियन प्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर प्रशासनिक कमियों को सामने रखा। प्रतिनिधियों ने सहायक मंडल अभियंता, वरिष्ठ अनुभाग अभियंताध्पीवे, मुख्य अनुभाग अभियंताध्कार्य, मुख्य अनुभाग अभियंताध्विद्युत तथा स्वास्थ्य इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों की मूलभूत सुविधाओं, कार्यस्थल की व्यवस्थाओं और लंबित समस्याओं से जुड़े कई मामले सामने आए। शाखा मंत्री सुशील श्रीवास्तव ने समस्याओं को लेकर प्रशासन के समक्ष सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मूलभूत सुविधाओं और कार्यस्थल से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान होना चाहिए। प्रशासन को लंबित मामलों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण करना चाहिए।

## रामलीला महोत्सव की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री रामलीला महोत्सव दशहरा मेला को भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारियों को लेकर रामलीला समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्यों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से जनार्दन गिरि को संरक्षक/अध्यक्ष तथा आनंद साहनी मिन्नी को कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य सभी पदाधिकारी अपने पूर्व दायित्वों पर बने रहेंगे।

बैठक में मेले के बेहतर आयोजन के लिए समिति के सहयोग एवं अनुदान की राशि बढ़ाने का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया। महामंत्री पंकज गुप्ता ने वर्ष 2025 का आय-व्यय विवरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। सदस्यों ने इस बार ऐसी रामलीला पार्टी बुलाने का सुझाव दिया, जो दिन में रामलीला तथा रात में सामाजिक नाटकों का मंचन कर सके। महामंत्री पंकज गुप्ता ने रामलीला भवन की स्थिति को देखते हुए उसकी आवश्यक मरम्मत और व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने का अनुरोध रखा।



- जनार्दन गिरि अध्यक्ष और आनंद साहनी मिन्नी चुने गये कोषाध्यक्ष

बैठक में सत्यप्रकाश अग्रवाल, राजेश आनंद, राजेश कुमार गुप्ता, आदित्य गुप्ता, सुमित गुप्ता, मनोज गुप्ता, पंकज मिश्रा, राधेश्याम राजपूत, रामगुलाम पाण्डेय, रामासरे अवस्थी, संजय वर्मा, संजय गुप्ता, राम रक्षपाल राजपूत, पंकज तिवारी, प्रेमचंद जायसवाल, विनोद स्वर्णकार, पंकज राजपूत, संजय अवस्थी, पुरुषोत्तम कुमार राजपूत, मिथिलेश गुप्ता, रमेश चंद्र वाजपेई, शोभित सिंह, पंकज सक्सेना, करनैल सिंह, सुरेश ठाकुर, श्रीराम राजपूत, सुनील गुप्ता, अवधेश जायसवाल, अजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

## तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत

सीतापुर। तालगांव इलाके में घर के आसपास खेल रहे दो मासूम बच्चों को क्या पता था कि शनिवार की शाम उनके परिवारों पर जिंदगी भर का ऐसा दुख छोड़ जाएगी। तालगांव कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर मजरा शरीफपुर तलहा गांव में शनिवार शाम करीब पांच बजे तालाब में डूबने से पांच वर्षीय मोहम्मद वैफ और छह वर्षीय माहिरा की मौत हो गई। दोनों की मौत की खबर मिलते ही गांव में चीख-पुकार मच गई। मासूम बच्चों को खोने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि मोहम्मद वैफ पुत्र हारून और माहिरा पुत्र मोहम्मद अहमद घर के आसपास खेल रहे थे। खेलते-खेलते दोनों तालाब के किनारे पहुंच गए। आशंका है कि इसी दौरान पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में चले गए। कुछ देर तक दोनों दिखाई नहीं दिए तो परिजनों को चिंता हुई। ग्रामीणों के साथ उनकी तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद ग्रामीणों की नजर तालाब के पानी में उतराते दोनों बच्चों के शवों पर पड़ी। आनन-फानन उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक दोनों की सांसें थम चुकी थीं। एक साथ दो मासूमों की मौत से गांव में मातम छा गया। जिन गलियों में कुछ देर पहले बच्चों की चहलकदमी थी, वहां अब परिजनों की चीख-पुकार गूंज रही थी। सूचना पर तालगांव कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए। प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला ने बताया कि घटना की जानकारी प्रशासन को दे दी गई है। नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही

# एसडीएम के आदेश के बाद भी नायब तहसीलदार ने की मनमानी



जिला संवाददाता(vol)

डीएम ने लगायी फटकार

- डीएम ने नायब तहसीलदार को दी प्रतिकूल प्रविष्टि और न्यायिक कार्यों से हटाने के निर्देश
- दो महिलाओं के पक्ष में वरासत के जारी किए आदेश

सीतापुर। महमूदाबाद तहसील में न्यायिक आदेशों की अनदेखी का ऐसा मामला सामने आया है, जिसने राजस्व व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एसडीएम न्यायालय द्वारा पहले ही निरस्त किए जा चुके आदेश को आधार बनाकर नायब तहसीलदार ने दो महिलाओं के नाम भूमि वरासत दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया।

मामला थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के सामने पहुंचा तो उन्होंने नायब तहसीलदार को जमकर फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने मामले में नायब तहसीलदार की लापरवाही मानते हुए उनके खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने और अग्रिम आदेशों तक न्यायिक कार्यों से विरत रखने के निर्देश एसडीएम को दिए हैं। महमूदाबाद कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल जनसुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान सेखवापुर निवासी जनक कुमार सिंह ने जिलाधिकारी के सामने अपनी शिकायत रखी। उन्होंने बताया कि उनके पिता राजकुमार सिंह की मृत्यु 10 दिसंबर 2012 को हो चुकी है। आरोप है कि उनकी भूमि के संबंध में तहसील स्तर से बहराइच के अजीजपुर निरवासी मुन्नी देवी आदि के नाम वरासत दर्ज करने का आदेश जारी किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, इस आदेश के खिलाफ उन्होंने एसडीएम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। एसडीएम न्यायालय ने आठ मई 2025 को तहसीलदार द्वारा पूर्व में जारी आदेश को निरस्त कर दिया। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया कि मुन्नी देवी के राजकुमार सिंह की पत्नी होने के संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं मिले। मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। आरोप है कि मुन्नी देवी ने दोबारा नायब तहसीलदार न्यायालय में वाद दाखिल कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि नायब तहसीलदार राकेश त्रिवेदी ने एसडीएम न्यायालय के आदेश को नजरंदाज करते हुए उसी तहसीलदार के निरस्त हो चुके आदेश को आधार बना लिया और 18 मार्च 2026 को मुन्नी देवी आदि के नाम जरिए वरासत दर्ज करने का आदेश

## डीएम ने सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलवा राजू आर., सहायक पुलिस अधीक्षक/ सीओ सिटी विवेक तिवारी, प्रभारी निरीक्षक, राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने थाना कोतवाली सदर में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

## प्रमाणपत्र के लिए भटकते रहे ग्रामीण, विधायक के दरबार में फूटा सचिव के खिलाफ गुस्सा

सीतापुर। रेउसा इलाके की ग्राम पंचायत बिजेहड़ा में जरूरी प्रमाणपत्रों के लिए ग्रामीणों को महीनों चक्कर लगाने पड़ने का आरोप है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी से शिकायत कर ग्राम पंचायत सचिव आलोक गोस्वामी पर पंचायत में नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहने और फोन न उठाने के आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेजों के लिए उन्हें बार-बार ब्लॉक मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है। शिकायत सुनकर विधायक ने तत्काल बीडीओ प्रवीण जीत को फोन किया और संबंधित सचिव को ब्लॉक से कार्यमुक्त करने के सख्त निर्देश दिए। बीडीओ ने बताया कि ग्रामीणों के बयान लिए गए हैं और सचिव को नोटिस जारी किया जा रहा है। इससे पहले भी नोटिस दिया जा चुका है। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई की जाएगी।

## 21वें शिक्षक सम्मान समारोह में 2298 शिक्षक सम्मानित




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित 21वें शिक्षक सम्मान समारोह में 110 विद्यालयों के 2298 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इनमें सेवानिवृत्त शिक्षक, मान्यता प्राप्त विद्यालयों, माध्यमिक एवं इंटर कॉलेज तथा डिग्री कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे। समारोह का शुभारंभ पूर्व सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा, भाजपा जिला प्रभारी एवं सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग वासुदेव मौर्य, नगर पंचायत मैलानी की चेयरपर्सन कीर्ति महेश्वरी, नगर उपाध्यक्ष लखीमपुर समीक्षा गुप्ता तथा समिति अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि रेखा अरुण वर्मा ने कहा कि बच्चों में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, अनुशासन और संस्कार विकसित करने में शिक्षक की अहम भूमिका है। शिक्षक ही देश के भावी कर्णधार तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में नकल और शिक्षा व्यवस्था को लेकर पहचान का संकट था, लेकिन अब डबल इंजन सरकार में शिक्षा व्यवस्था अधिक पारदर्शी हुई है और शिक्षकों को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने जीवन के करीब 40 वर्ष शिक्षक के रूप में बिताए और शिक्षकों को समाज का वास्तविक निमार्ता माना। उन्होंने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह में एक साथ इतने शिक्षकों का आशीर्वाद मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। समारोह में सेवानिवृत्त प्रोफेसर सीजीएन कॉलेज राम औतार विश्वकर्मा, साहित्यकार बेनीराम श्रीवास्तव, विद्या निकेतन के प्राचार्य महेंद्र त्रिपाठी, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया, बाबूराम, रमाशंकर कटारिया, डीपी श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश सिंह, संजय तिवारी, राजेश कश्यप, अरविन्द श्रीवास्तव, नितिन भट्टी, लवकुश शर्मा, संजय सक्सेना एवं राजकुमार यादव ने विचार व्यक्त किए। संचालन संजीव दीक्षित ने किया। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में तीसरी बार दायित्व मिलने के बाद रेखा अरुण वर्मा के पहली बार गोला आगमन पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, जिला महामंत्री मनोज वर्मा, प्रो. एनडी शर्मा, बीए खान, हरद्वारी लाल, डॉ. अंजू भोगल, डॉ. मंजू पाठक, डॉ. निर्मल सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पैंतेपुर में विकास कार्यों से बदल रही तस्वीर: विधायक



सीतापुर। महमूदाबाद नगर निकायों में अब विकास कार्यों के लिए बजट की कमी नहीं है। शासन से विभिन्न मदों में पर्याप्त बजट मिल रहा है, जिससे नगरीय क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं और विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। यह बात विधायक आशा मौर्य ने नगर पंचायत पैंतेपुर के जंगली नाथ मंदिर में वंदन योजना के तहत कराए गए विकास कार्यों के लोकार्पण के दौरान कही। विधायक ने कहा कि पिछली सरकारों में पैंतेपुर उपेक्षित रहा, जबकि वर्तमान सरकार ह्यसबका साथ, सबका विकासह्न के मंत्र पर काम कर रही है। पैंतेपुर आने वाला मार्ग पहले जर्जर था, जिसे योगी सरकार ने डबल लेन कराने का काम किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल समेत आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। महमूदाबाद में विकास की गंगा बही है। रामसेतु का निर्माण हो चुका है और लखनऊ मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज का बजट भी जारी हो गया है। चेयरमैन जैनब जहां और ईओ रेणुका यादव ने विधायक का माल्यार्पण व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। विधायक ने मंदिर परिसर में लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में मरीजों का परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अम्बरीश वर्मा, नामित सभासद प्रिंस मौर्य, रवि आदि मौजूद रहे।

## नदी से निकलकर गांव में घुसा मगरमच्छ, घंटों चला रेस्क्यू ऑपरेशन

सीतापुर। तंबौर क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर कम्हरिया में बीती रात नदी से निकलकर एक विशालकाय मगरमच्छ गांव में घुस आया। मगरमच्छ को सियाराम पुत्र अवधराम के घर के पास स्थित बंगले में बैठे देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। किसी ग्रामीण ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने मगरमच्छ को चारों ओर से घेरकर डायल 112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम गांव पहुंची। मगरमच्छ बार-बार नदी की ओर भागने का प्रयास कर रहा था, जिसके चलते उसे काबू करने में टीम को कई घंटे मशक्कत करनी पड़ी। कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे रस्सियों और कपड़ों की मदद से सुरक्षित बांधकर रखा। टीम के साथ पहुंचे बिसवां वन रेंज के डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह ने बताया कि मगरमच्छ का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा।

कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 605/न.पं.नि./नि.सू.-पेयजल योजनान्तर्गत/2026-27, दिनांक- 11.09.2026

ई-निविदा सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को राज्य सेक्टर के 'पेयजल हेतु व्यवस्था' योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 05/10/2026 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 14/09/2026 से दिनांक- 05/10/2026 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत-निघासन
जनपद-खीरी

संक्षेप

## प्रेम प्रसंग के चलते ग्राम प्रधान के बेटे की हत्या

**रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के खैरानी गांव में ग्राम प्रधान के बेटे की पीट पीट कर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि लाठी डंडे से पीट कर उसकी हत्या की गई। मृतक रमाकांत कार से खैरानी गांव आया था जहां पर लोगों के मुताबिक उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। अज्ञात लोगों से कहा सुनी होने के बाद उसके साथ मारपीट की गई। मृतक थाना हरचंदपुर के छतिया गांव का रहने वाला है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की है।

## उद्घोषक चुने जाने पर विभाग में स्वागत

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्थित तुलसी भवन वशिष्ठ परिसर के सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मकता केंद्र की अध्ययनरत छात्रा दिशा श्रीवास्तव का प्रसार भारती आकाशवाणी अयोध्या में उद्घघोषक के रूप में चयन के लिए विभाग में स्वागत हुआ। इस अवसर पर दिशा ने छात्र छात्राओं से भी वार्ता किया और उनको भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. अंकित मिश्र , डॉ. शिवांश कुमार ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। विभाग में अर्वंतिका पाठक व अन्य छात्राएं मौजूद रहे। समन्वयक प्रो. सुरेंद्र मिश्र ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## जन्मभूमि मुक्ति को विश्व हिंदू महासंघ निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा

**अयोध्या।** विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में ब्रह्मलीन राष्ट्रसंत अवैद्यनाथ की 12वीं पुण्य तिथि पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने हेतु भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली।यह यात्रा गांधी पार्क से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर, अयोध्या तक जाएगी.. इस धार्मिक यात्रा की अगुवाई जिला अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह द्वारा की गई।उन्होंने कहा कि राष्ट्रसंत परमपूज्य महंत अवैद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर हिंदू संगठनों द्वारा 75 जिलों में कृष्ण जन्मभूमि आंदोलन को गति देने के लिए व्यापक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार राष्ट्रसंत महंत अवैद्यनाथ जी के नेतृत्व में श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन की नींव रखी गई और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण साकार हुआ उसी तर्ज पर अब मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का संकल्प लिया गया है। कलश यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह महामंत्री मृत्युंजय श्रीवास्तव शिव भोला सिंह सतीश सोनकर बलराम सिंह प्रज्ञा श्रीवास्तव क्षेत्रीय महामंत्री जिला अध्यक्ष सुषमा श्रीवास्तव एकता श्रीवास्तव मंजू गुप्ता अशोक मिश्रा हनुमान शुक्ला सनी सोनकर जवाहर सोनकर राहुल सोनकर जितेंद्र सिंह बड़ी संख्या में कृष्ण भक्त मौजूद रहे।

## लम्बित वाद आपसी सहमति से निस्तारित

**अयोध्या।** सहायक श्रमायुक्त एवं प्राधिकारी, एन.के. चैधरी ने बताया कि शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में श्रम विभाग से संबंधित कुल 09 लम्बित वादों का दोनों पक्षों की आपसी सहमति से निस्तारण कराया गया। निस्तारित वादों में 05 वाद कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 01 अवार्ड तथा 03 वाद बकाया वेतन से संबंधित थे।इन सभी वादों के निस्तारण के उपरांत नियमानुसार पीड़ित पक्ष को कुल 38,79,000 रू की धनराशि का भुगतान कराया गया।

# 14 लाख की इंटरलॉकिंग सड़क पर दबंगई

## 35 परिवारों का रास्ता बंद



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** विकासखंड अमानीगंज की ग्राम पंचायत धमथुआ पूरे तुलसी गांव में ग्रामीणों की आवाजाही के लिए स्वीकृत इंटरलॉकिंग सड़क का काम दबंगई के चलते अधर में लटका है। विधायक निधि से करीब 14 लाख रुपये की लागत से यह सड़क पास हुई थी। काम शुरू भी हो गया था, लेकिन पिछले एक सप्ताह से गांव के ही पृथ्वी पाल के परिवार द्वारा सड़क का निर्माण नहीं होने दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस मार्ग पर इंटरलॉकिंग लगाई जा रही है, वहां पहले से ही खड़ंजा लगा हुआ है। उसी खड़ंजे पर ईंट रखी हुई है और खड़ंजे के बगल में ही खूंटा भी गड़ा हुआ है। यह रास्ता सभी पुराना सार्वजनिक रास्ता है, लेकिन विरोध के कारण अब पूरा काम ठप पड़ा है। रास्ता बंद होने से करीब 35 परिवारों का आना-जाना दूभर हो गया है। ग्रामीणों को पैदल निकलने में भी परेशानी हो रही है, जबकि चार पहिया वाहन तो गांव में घुस ही नहीं पा रहे हैं। बीमार और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ रही है। इस मामले को लेकर ग्राम प्रधान राजेश यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा है। पत्र में मांग की गई है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई करते हुए मार्ग को जल्द खुलवाया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में असुविधा न हो। ग्रामीण बलराम यादव ने बताया कि रास्ता अवरुद्ध होने से हम सभी ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। हम लोग तहसील और थाने के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष कुमारगंज सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि मामला संज्ञान में है, मौके पर जाकर जांच करके रास्ते को खुलवाया जाएगा और सरकारी काम में बाधा डालने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अस्पताल में कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में असेसमेंट के लिए शनिवार को कायाकल्प की टीम पहुंची। टीम में लखनऊ व बाराबंकी के चिकित्सक शामिल रहे। टीम ने सर्वप्रथम इमरजेंसी ओपीडी का भ्रमण किया। यहां चिकित्सकीय संसाधनों के रखरखाव से लेकर साफ सफाई तक की व्यवस्था देखी इसके बाद वार्डों का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि कायाकल्प टीम के असेसमेंट के बाद ही चिकित्सालय को रैंकिंग मिलती है। रैंकिंग के आधार पर ही सुविधाएं बढ़ाई जाती हैं।

## रौनाही थाना परिसर में थाना समाधान दिवस संपन्न

**सोहावल-अयोध्या।** शनिवार को रौनाही थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस पर आबादी की जमीन को लेकर विवाद के मामले सबसे ज्यादा रहे। शिकायतें तो कई आई लेकिन पंजीकरण केवल 6 का किया गया। कई शिकायतों को आपसी सुलह समझौते से निपटा दिया गया। दर्ज शिकायतों में से निस्तारण मौके पर किसी का नहीं हुआ।

**प्रशिक्षु आईएएस/एसडीएम सोहावल ने सुनी फरियाद**



नवागत आईएएस एसडीएम आदित्य विक्रम अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न दिवस पर शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम प्रधान अर्थर के प्रतिनिधि राज किशोर यादव ने आरोप लगाया कि गांव की नवीन परती की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर निर्माण शुरू किया है। अब तक पांच बार शिकायत पत्र दे चुका हूं। राजस्व निरीक्षक बेदखली की रिपोर्ट लगा चुके हैं। फिर भी भूमि खाली नहीं हो रही है। बिशुनपुर सारा के गया प्रसाद ने शिकायत किया कि आबादी की भूमि पर विपक्षी निर्माण नहीं करने दे रहे। भवानीपुर की प्रियंका यादव की भी शिकायत आबादी की पुश्तैनी भूमि पर निर्माण रोके जाने को लेकर रही। संबंधित राजस्व अधिकारियों को टीम बनाकर निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। यहां पर थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा राजस्व निरीक्षक उदय राज,जय नारायण तिवारी सहित क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

## एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसो. का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न



**अयोध्या।** के मंगलम गेस्ट हाउस में यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन, मण्डल अयोध्या का द्विवार्षिक अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ...अधिवेशन में प्रांतीय महामंत्री, प्रांतीय पर्यवेक्षक वैभव पांडे और चुनाव अधिकारी आशुतोष पति विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया..जिसमे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार पांडे, मंत्री रामविलास यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार, ऑडिटर विकास गुप्ता और कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार चुने गए। सभी ने पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली..नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे और विभाग की कमियों का जल्द निस्तारण कराएंगे। वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों के हितों, अधिकारों और सुरक्षा के लिए मजबूती से कार्य करेगी। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष हरि कृष्ण श्रीवास्तव पूर्व जिलामंत्री प्रदीप कुमार हरिवंश वर्मा प्रकाश यादव विकास श्रीवास्तव अशोक चैधरी मनीष गौतम विनोद यादव आनंद यादव विवेक सिंह संतोष श्रीवास्तव दया शंकर मिश्रा अलोक मिश्रा पूर्व पूर्व सेनानित्व अशोक मिश्रा गंगाराम बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आरक्षण की मांग पर निषाद समाज का भाजपा को चेतावनी संदेश

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** आरक्षण के मुद्दे को लेकर निषाद समाज ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ मतदान का संकल्प लेने का दावा किया है। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रदेश महासचिव जेपी निषाद ने शनिवार को क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान बिरैता चैराहे पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निषाद समाज अब अपने अधिकारों को लेकर निर्णायक लड़ाई के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी के आह्वान पर समाज के लोग ह्यआरक्षण नहीं तो भाजपा को वोट नहींह्न का संकल्प ले रहे हैं। जेपी निषाद ने कहा कि राहुल गांधी, अखिलेश यादव, मुकेश सहनी समेत इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियां एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेंगी। निषाद समाज गठबंधन के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। उन्होंने



कार्यकताओं से गांव-गांव पहुंचकर आरक्षण के मुद्दे पर लोगों को जागरूक करने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निषाद समाज के लोग हाथ में गंगाजल लेकर संकल्प ले रहे हैं कि जब तक आरक्षण की मांग पूरी नहीं होती, भाजपा को वोट नहीं दिया जाएगा। दावा किया कि यह अभियान लगातार गांवों में चलाया जा रहा है और इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में दिखाई देगा। प्रदेश महासचिव ने वीआईपी कार्यकर्ता विनोद सहनी की हत्या का मामला भी उठाया। आरोप लगाया कि घटना के बाद पोस्टमार्टम में 24 घंटे की देरी हुई। पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के धरने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ी। उन्होंने भाजपा और निषाद पार्टी के नेता डॉ. संजय निषाद पर समाज को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब निषाद समाज उनके बारे में सब कुछ समझ चुका है और चुनाव में इसका जवाब देगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष राम बहादुर निषाद, मीडिया प्रभारी संजय निषाद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने सर्वोदय विद्यालय समोधा का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, शेषपुर, समोधा का स्थलीय निरीक्षण कर विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षिक, आवासीय व अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय परिसर, शिक्षण कक्षों, प्रयोगशाला , रसोईघर, डायनिंग हाल तथा छात्रावास का बारीकी से निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की गुणवत्ता एवं छात्रों को मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने विशेष रूप से विद्यालय में छात्रों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा तथा रसोईघर एवं डायनिंग हाल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि छात्रों को पौष्टिक, गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता व्यवस्था का विशेष ध्यान रक्खा जाये।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया। छात्रों ने डीएम के समक्ष अपनी विभिन्न जरूरतों एवं समस्याओं से अवगत कराया। डीएम ने छात्रों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा कहा कि छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण एवं सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। विद्यालय में विद्युत आपूर्ति के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण फीडर होने के कारण विद्युत आपूर्ति में कुछ समस्या आ रही है। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था से संबंधित समस्या का शीघ्र निराकरण कराया जाएगा, ताकि विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके और छात्रों को किसी प्रकार की समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डायनिंग हाल में एक वाटर कूलर, छात्रावास के लिए एक फ्रिज तथा दो कूलर तत्काल उपलब्ध कराए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में रहकर अध्ययन करने वाले छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय में सफाई, पेयजल, विद्युत, भोजन, छात्रावास, शिक्षण एवं खेलकूद सहित सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे प्रशासन की प्राथमिकता हैं और उन्हें सुरक्षित, स्वच्छ, सुविधाजनक एवं सकारात्मक शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। निरीक्षण के अवसर पर सीडीओ अंजुलता, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी आरवी सिंह, प्रधानाचार्य अवधेश प्रसाद सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में चयन पर आकांक्षा वर्मा सम्मानित

**सोहावल-अयोध्या।** खुदियापुर निवासी आकांक्षा वर्मा, पुत्री देव राज वर्मा का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग(यूपीएसएसएससी) में चयन होने पर दि आयुष्मान फाउंडेशन की टीम ने उनके निज निवास पहुंचकर सम्मानित किया। आकांक्षा ने प्रारंभिक शिक्षा फैज-ए-आम रौनाही से प्राप्त करने के बाद लखनऊ से स्नातक की पढ़ाई की और वहीं से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू की। उनकी सफलता पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।सम्मान समारोह में संस्था की ओर से पुष्पेंद्र पांडेय ने पटका पहनाकर, जलज मौर्या ने मिष्ठान खिलाकर तथा रिंकू चैहान और विकास वर्मा ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर आकांक्षा को बधाई दी। संस्था के संस्थापक पवन पटेल ने कहा कि आकांक्षा की सफलता उनकी मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। यह क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

# हर हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हुआ वातावरण



**रायबरेली।** ऊंचाहार के बाबूगंज चंड़ई में आयोजित हो रही श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। शिव कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्र जी के मुखारबिंद से बह रही शिवभक्ति की अमृतधारा में डूबकर लाखों श्रद्धालु पूरी तरह भाव-विभोर नजर आए। महाशिवपुराण की कथा में महाराज जी ने शिव भक्ति अमर प्रेम की कथा सुनाई तथा उन्होंने कहा कि संसार सागर से पार होने के लिए महादेव का पूजन अर्चन कलयुग से पार होने का मजबूत साधन है। उन्होंने कहा कि दुनिया का सारा फल महादेव पर एक लोटा जल से प्राप्त होता है हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरा पंडाल और आसपास का क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। ?इस पावन अवसर पर नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए. के. शर्मा और राजा भैया सहित कई विशिष्ट हस्तियों ने पूज्य महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त कर कथा श्रवण किया। कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय स्वयं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, पेयजल और यातायात व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संभावित आगमन को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की देखरेख में प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।

**कैबिनेट मंत्री मनोज पांडेय ने लाखों श्रोताओं का किया स्वागत**

## पीएम मोदी के 25 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का सेवा संकल्प अभियान

**लालगंज, रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का सेवा संकल्प अभियान प्रारंभ हुआ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे ने कहा कि 17 सितंबर को सेवा दिवस के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और आशीर्वाद दीया कार्यक्रम आयोजित कर हम पीएम मोदी के दीघार्यु जीवन की कामना करेंगे।वहीं भाजपा के प्रांतीय नेता जेपी सिंह ने कहा कि ₹यह अभियान केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना जगाने के लिए स्कूलों में प्रतियोगिताएं और नुक्कड़ नाटक 'नमो सेवा' आयोजित किए जाएंगे।₹ बैठक में तय किया गया कि गेगासो और सरेनी मंडल के सभी बूथों पर लाभार्थी संपर्क, सेवा अभियान और डिजिटल प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। भाजपा नेता जेपी सिंह ने सभी कार्यकताओं को अंगवस्त्र पहनकर सम्मानित भी किया।बैठको में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष नंदकुमार सिंह, विजयपाल पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे ,गोविंदा सविता, सीपी शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, रविंद्र मिश्रा ,गोपाल पांडे, अजयबाजपेई, मंतोष पांडे, अजयबाजपेई, धर्मेंद्र सिंह, मनऊपाल, आशीष कुमार ,सुरजू तिवारी, प्रियंका तिवारी सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूदरहे।

## एमसीएफ की एथलीट मुनिता ने अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स चौंपियनशिप में जीता रजत पदक

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (एमसीएफ) की प्रतिभाशाली एथलीट सुश्री मुनिता प्रजापति ने 91वीं अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स चौंपियनशिप में 20 किमी वॉक रेस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर एमसीएफ का गौरव बढ़ाया है।91वीं अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स चौंपियनशिप का आयोजन 11 से 13 सितंबर 2026 तक कोलकाता में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भारतीय रेल की विभिन्न इकाइयों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कड़े प्रतिस्पर्धी मुकाबले में मुनिता प्रजापति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। मुनिता प्रजापति की इस उपलब्धि पर महाप्रबंधक श्री रामन कृष्णन ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि एमसीएफ के खिलाड़ियों की उत्कृष्ट उपलब्धियाँ संस्थान के लिए गर्व का विषय हैं तथा ऐसी उपलब्धियाँ अन्य कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध एथलीट सुश्री सुधा सिंह ने भी मुनिता प्रजापति को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एमसीएफ परिवार ने मुनिता प्रजापति को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएँ दी हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर सपा प्रतिनिधिमंडल ने जताया शोक



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** वरिष्ठ पत्रकार सतीश पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने उनके पैतृक गांव पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से भेजी गई 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी परिजनों को सौंपी। पूर्व विधायक अरुण वर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव, सत्तम प्रजापति, चंद्रशेखर वर्मा, पवन तिवारी, मोनू यादव, मोनू सिंह, जयसिंह वर्मा, टिल्लू वर्मा, प्रधान रामयज्ञ यादव और राजेश वर्मा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। सपा नेताओं ने परिजनों से मुलाकात कर दिवंगत पत्रकार के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सतीश पाण्डेय ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी सक्रियता से अलग पहचान बनाई और उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रतिनिधिमंडल ने शोकाकुल परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान अखिलेश यादव की ओर से भेजी गई 50 हजार रुपये की सहायता राशि परिजनों को सौंपते हुए परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की गई। परिजनों ने इस कठिन समय में संवेदना व्यक्त करने और आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए सपा नेताओं के प्रति आभार जताया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से दोपहिया सवार का पैर फ्रैक्चर, रेफर

**सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बभंनगवां गांव के पास शनिवार सुबह करीब 10 बजे ट्रैक्टर ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में सवई महुआजोर गांव, थाना जयसिंहपुर निवासी संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में गंभीर चोट आने के साथ पैर फ्रैक्चर हो गया। बताया गया कि संदीप अपने साथ एक महिला सराउल निशा को लेकर दोपहिया वाहन से दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बभंनगवां गांव के पास ट्रैक्टर ने उनके दोपहिया वाहन में टक्कर मार दी। हादसे में संदीप के पैर में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद दोनों को इलाज के लिए दोस्तपुर सीएचसी ले जाया गया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. आरके पांडेय ने संदीप का प्राथमिक उपचार किया। पैर में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें अंबेडकरनगर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। दोस्तपुर थाना प्रभारी नारदमुनि सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक ही महिला के नाम फर्जी दस्तावेज लगाकर प्रमाण पत्र जारी करने का लगा आरोप

**महराजगंज, रायबरेली।** एक ही महिला के नाम फर्जी दस्तावेज लगाकर अलग अलग वार्डो से आय, जाति व निवास जारी होने का मामला प्रकाश में आया है कस्बे के वारसी नगर सभासद मुस्ताक राइनी द्वारा तहसीलदार से महिला सहित एक जन सेवा केंद्र संचालक के खिलाफ लिखित शिकायत की गयी। दिए गए प्रार्थना पत्र में मुस्ताक राइनी ने बताया कि पोखरनी गांव निवासिनी साधना पत्नी शैलेन्द्र साहू के नाम से अलग-अलग वार्डों और पतों का उल्लेख कर निवास, आय और जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, जबकि संबंधित वार्डों में उनका कोई मकान अथवा जमीन नहीं है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गलत तथ्यों एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्रमाण पत्र तैयार कराए गए हैं। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि जन सेवा केंद्र संचालक शैलेन्द्र साहू पुत्र रामनरेश, निवासी ग्राम पोखरनी द्वारा अधिकारियों को भ्रमित कर विभिन्न तिथियों में कई प्रमाण पत्र जारी कराए गए। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि प्रमाण पत्रों में वार्ड संख्या 05 वारसी नगर और वार्ड संख्या 06 रूद्रनगर के अलग-अलग पते दर्शाए गए हैं, जबकि वास्तविक स्थिति इससे भिन्न है। शिकायत में संबंधित आवेदन और प्रमाण पत्र संख्या का भी उल्लेख करते हुए पूरे प्रकरण की राजस्व एवं प्रशासनिक स्तर पर जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही जन सेवा केंद्र के संचालन की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग उठाई गई है। थाना दिवस में मौजूद तहसीलदार महराजगंज एवं पुलिस अधिकारियों ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच कराए जाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विवेकानंद के शिकागो भाषण की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर की झुनझुनवाला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट इकाई ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो विश्व धर्म महासभा में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की 133वीं वर्षगांठ के अवसर पर ह्यआरंभह्न कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य वक्ता प्रांत सह मंत्री शिवम मिश्रा, झुनझुनवाला पीजी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ निर्भय मिश्रा, महानगर उपाध्यक्ष डॉ अनुराधा गर्ग, नगर अध्यक्ष डॉ स्वाती, नगर मंत्री अमित कुमार ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।




महानगर उपाध्यक्ष डॉ. अनुराधा गर्ग ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के विचारों को वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत सह मंत्री शिवम मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व पटल पर भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सनातन परंपरा की गौरवशाली पहचान को स्थापित किया। उनके विचार आज भी युवाओं में आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति, सेवा और नेतृत्व की भावना जागृत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुनझुनवाला पीजी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. निर्भय मिश्रा कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर कार्य करने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। नगर अध्यक्ष डॉ. स्वाती उपाध्याय द्वारा आभार ज्ञापन किया गया। नगर मंत्री अमित ने विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद की सामूहिक छात्र सदस्यता ग्रहण कराई। कार्यक्रम का संचालन महानगर सह मंत्री आदर्श चतुर्वेदी ने किया। मौके पर अयोध्या विभाग के विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी, महानगर मंत्री जयश्री रावत, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दिव्या श्रीवास्तव, महानगर सोशल मीडिया संयोजक राहुल ठाकुर, इकाई उपाध्यक्ष हिमांशु, स्वास्तिक, नगर सह मंत्री रुद्रांश, आदर्श कन्नौजिया, शिवमोहन, महानगर संगठन मंत्री उदय मिश्रा मौजूद रहे।

संक्षेप

### मनमानी बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, प्रदर्शन की चेतावनी

बांदा। जसपुरा ब्लॉक में पिछले एक माह से अधिक समय से बिजली व्यवस्था प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसीलदार पैलानी महेंद्र गुप्ता को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों के अनुसार कानाखेड़ा-चंदवारा पावर स्टेशन समेत ब्लॉक के आठ फीडरों से जुड़े गांवों में 24 घंटे के दौरान 12 घंटे से अधिक बिजली कटौती हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही कई गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है।

कई-कई घंटे तक बिजली गुल रहती है। इससे रात में गांवों में अंधेरा छाया रहता है और लोगों की रोजमर्रा की गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उमस और गर्मी के बीच लंबे समय तक बिजली न मिलने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर पड़ रहा है। रात के समय बिजली न होने के कारण बच्चों को पढ़ाई करने में दिक्कत होती है।

# अमृत प्रयास के द्वितीय संकल्प का उद्घोष

जिला संवाददाता



**देवरिया।** भगवान विश्वकर्मा की सृजन, श्रम, कौशल और निर्माण की प्रेरणा को जनभागीदारी, उद्यमिता और सांस्कृतिक नवाचार से जोड़ते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा माह से पहले 13 सितंबर 2026, रविवार को जागृति उद्यम केंद्र प्रेक्षा स्थल, बरपार, देवरिया में भगवान विश्वकर्मा नवसृजन समिति द्वारा ह्वभगवान विश्वकर्मा नवसृजन महोत्सवह्न का आयोजन किया जाएगा। सांसद शशांक मणि की पहल पर आयोजित यह महोत्सव देवरिया लोकसभा में अमृत प्रयास के दूसरे संकल्प का शुभारंभ और देशभर में बरगद क्रांति का आह्वान करेगा।आस्था और संस्कृतिः निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर के भूमिपूजन के साथ आस्था को सृजन की शक्ति से जोड़ने का संकल्प लिया जाएगा। इसके साथ ह्वअर्पणह्न के माध्यम से सांस्कृतिक नवाचार और भारतीय परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास होगा।अमृत प्रयासह्नसंकल्प 2 का शुभारंभः इसके माध्यम से युवाओं और महिलाओं की प्रतिभा, कौशल एवं ऊर्जा को उद्यमिता से जोड़ते हुए उन्हें रोजगार मांगने वाले से रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में ठोस पहल की शुरूआत होगी।बरगद क्रांतिः बरगद क्रांति विचार-मंथन में अमृत प्रयास और उद्यमिता से जागृत आर्थिक-सामाजिक नवसृजन की भावना को देशभर में विस्तार देने का संकल्प लेंगे। बरपार के इस विशाल वटवृक्ष से प्रज्वलित नवसृजन की चिंगारी को देवरिया से पूर्वांचल, उत्तर प्रदेश और पूरे भारत तक पहुंचाने का संकल्प है।भगवान विश्वकर्मा नवसृजन महोत्सव का मूल उद्देश्य आस्था को सृजन से, सृजन को उद्यमिता से और उद्यमिता को देशभर में बरगद क्रांति से जोड़ने का है।

- देवरिया-कुशीनगर से देशभर में उद्यमिता की अलख जगाने का संकल्प

सांसद शशांक मणि की परिकल्पना है कि देवरिया-कुशीनगर की मिट्टी में मौजूद प्रतिभा, श्रम, कौशल और सामर्थ्य को अवसर देकर गांवों को केवल विकास के लाभार्थी नहीं, बल्कि सृजनकर्ता को विकास का भागीदार बनाया जाए।

महोत्सव में स्थानीय उद्यमियों, नवाचार करने वाले युवाओं और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों का सम्मान भी किया जाएगा। विचार-मंथन के माध्यम से यह समझ विकसित करने का प्रयास होगा कि स्थानीय संसाधनों और प्रतिभा के आधार पर किस प्रकार गांवों में नए उद्यम, रोजगार और आर्थिक अवसर पैदा किए जा सकते हैं।सांसद शशांक मणि का संदेशह्वभगवान विश्वकर्मा हमारे लिए केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि सृजन, श्रम, कौशल, संस्कृति और निर्माण की उस भारतीय परंपरा के प्रतीक हैं, जिसने सदियों से समाज को आगे बढ़ाया है। हमारा प्रयास है कि इस प्रेरणा को आज के युवाओं और गांवों की प्रतिभा से जोड़कर इसे उद्यमिता और रोजगार की शक्ति बनाया जाए।ह्नउन्होंने कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से हम देवरिया लोकसभा में ऐसी विकास यात्रा चाहते हैं, जिसमें हर व्यक्ति केवल लाभ लेने वाला नहीं, बल्कि अपने गांव और समाज के निर्माण में योगदान देने वाला बने। ह्वसबके प्रयास से विकसित देवरिया लोकसभाह्न का संकल्प तभी पूरा होगा, जब गांव की प्रतिभा को अवसर, युवाओं को उद्यमिता का मंच मिलेगा।ह्नसांसद शशांक मणि ने कहा कि बरगद क्रांति का विचार इसी विश्वास से निकला है कि एक छोटी-सी चिंगारी भी बड़े परिवर्तन का आधार बन सकती है। देवरिया से शुरू होने वाला यह नवसृजन का प्रयास गोरखप्रांत के 10 जिलों से होती हुई देशभर में उद्यमिता, स्वावलंबन और जनभागीदारी की नई चेतना पैदा करे, यही इस महोत्सव का व्यापक उद्देश्य है।

### लेनिन बाबू जगदेव का शहादत दिवस मनाया गया



**कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नम्बर 08 पं. राजमंगल पाण्डेय नगर, सपहा चौराहा स्थित काली मंदिर परिसर में ह्वभारत के लेनिनह्न कहे जाने वाले शोषितों, दलितों और वंचितों जननायक बाबू जगदेव का शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबू जगदेव प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संचालन रामाधार और आभार ज्ञापन आयोजक व समाजसेवी जयप्रकाश ने किया।

मुख्य अतिथि, पूर्व केंद्रीय मंत्री व बाबू जगदेव के पुत्र नागमणि ने कहा कि जब तक समाज की बड़ी आबादी शिक्षित नहीं होगी, तब तक उसे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हो सकेगी। उन्होंने आजादी के दशकों बाद भी नौकरियों व सत्ता में अपेक्षित हिस्सेदारी न मिलने पर चिंता जताई। नागमणि ने लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा 2027 में सरकार बनने पर बाबू जगदेव प्रसाद की विशाल प्रतिमा लगाने और शहादत दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा का स्वागत किया। साथ ही, उन्होंने अपनी वर्तमान पार्टी द्वारा इस संबंध में घोषणा न किए जाने पर तंज भी कसा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राकेश, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष किरन, आयोजक जेपी, नथुनी प्रसाद, सपा के पूर्व प्रवक्ता चन्द्रभूषण, डॉ परसुराम, जनार्दन, परशुराम कुशवाहा, डॉ सुनील, आचार्य केदारनाथ, श्रीनारायण सिंह, कैलाश वर्मा, पुरुसोत्तम, विजय, मुनीब, ओमप्रकाश, वीरेंद्र, अशोक, अमित वर्मा, अशमुनी, जयनारायण कुशवाहा, नन्दलाल, राजन, लक्ष्मण, विनोद, चौथी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### कालेज में तीज पर हुआ मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

**भटनी(देवरिया)।** बहादुर यादव महाविद्यालय भटनी में हरितालिका तीज के पर्व पर हुआ मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन ।जिसमें कालेज की छात्राओं ने लिया बढ चढ कर हिस्सा ।हरितालिका तीज के अवसर पर कालेज के एन एस एस एवं छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का हुआ आयोजन ।महाविद्यालय की प्रवक्ता डाँ तारा ठाकुर प्रतिभा पटेल के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में एन एस एस की स्वयंसविकाओ एवं छात्रो ने अपनी सहभागिता की ।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक पूनम यादव सिन्धु कुशवाहा को प्रबन्धक अजय कुमार यादव एवं निर्देशिका ममता यादव द्वारा दोनो अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।प्रबन्धन अजय कुमार यादव ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्राओ के क्रियाशीलता के साथ आपसी प्रेम सहयोग एवं कार्य करने की भावनाओं का विकास होता है ।कार्यक्रम को निर्देशिका ममता यादव प्राचार्य डाँ राकेश तिवारी ने भी अपना विचार व्यक्त किया ।डाँ अनूप कुमार डाँ कंचन मिश्र तारा ठाकुर विरेन्द्र प्रताप विश्वकर्मा दुर्गेश कुमार यादव शिवशंकर मौर्या राहुल यादव सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन उपाचार्य डाँ आर एन यादव ने किया ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ अधिक मामलों का निस्तारण




*देवरिया 12 सितंबर ।जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया धनेन्द्र प्रताप सिंह के अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ब्रजेश मणि त्रिपाठी, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण इफ्तेखार अहमद, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0) अर्चना-।। एवं सम्मानित न्यायाधीशगणों द्वारा फीता काटकर एवं मॉ सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्विप प्रज्जवलन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया।

- 31 करोड़ 37 लाख की धनराशि का हुआ सेटलमेंट
- 27 पारिवारिक मामलों का निस्तारण

आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से 02 लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र व 02 लाभार्थियों को कान की सुनने की मशीन प्रदान की गई, साथ ही महिला कल्याण विभाग के माध्यम से 04 पात्र महिलाओं को विधवा पेंशन प्रमाण पत्र एवं 01 लाभार्थी को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

उक्त अवसर पर जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा 05 वाद का निस्तारण कर मु0-2500/-रू0 जुमार्ना के रूप में दिलाया गया।प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ब्रजेश मणि त्रिपाठी के द्वारा 25 तथा अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री शिखा रानी जायसवाल के द्वारा 27 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें से पांच विवाहित जोड़ों की सुखद विदाई करायी गयी।मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी इफ्तेखार अहमद द्वारा कुल 242 मामलों का निस्तारण कर मु0-21,86,52,800/-रुपए की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलाया गया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रज्ञा सिंह द्वारा 1629 वाद व अन्य सभी सम्बन्धित न्यायिक अधिकारीगण के द्वारा 1688 निस्तारित वादों को मिलाकर कुल 3616 मामलों तथा राजस्व विभाग, बैंक व अन्य विभागों के द्वारा 2,76,290 मामलों को निस्तारण किया गया।इस प्रकार इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल मिलाकर 2,79,906 मामलों का निस्तारण किया गया। प्रतिकर, जुमार्ना एवं मामलों में कुल मु0-31,37,00,201/-रुपए की धनराशि का सेटलमेण्ट किया गया।

इस लोक अदालत मे मुख्य रूप से नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी व अन्य सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, बैक कर्मी, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ, पी0एल0वी, वादकारीगण, तथा सामान्य जनता उपस्थित रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/सिविल जज (एस0डी0) श्रीमती अर्चना-।। के अथक प्रयास से इस लोक अदालत का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ तथा इसके लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## नेपाल बाढ़ त्रासदीः भिक्षुओं ने किया शांति पाठ, घायलों के लिए विनती



**कुशीनगर।** अंतराष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में बौद्ध भिक्षुओं और भिक्षुणियों ने नेपाल में आई बाढ़ की त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए धम्म पाठ किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की ।शनिवार को थाई भंते डॉ कितीनफान की अगुआई में भिक्षु मुख्य मंदिर पहुंचे और बुद्ध की लेटी प्रतिमा पर धम्म पाठ के बीच चीवर चढ़ाया और प्रतिमा के समक्ष बैठकर घंटों शांति पाठ किया और मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा तथागत से घायलों को शीघ्र स्वस्थय होने के लिए विनती की। भिक्षुओं ने कहा कि नेपाल में आई त्रासदी में बहुत नुकसान हुआ है और काफी जानमाल की क्षति हुई है। हम सभी प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं। भगवान बुद्ध ने हमेशा करुणा और मैत्री की शिक्षा दी है। आज जरूरत है प्रभावितों के साथ जुड़कर सहयोग की। यही मानवता है ।इस दौरान फ्रा अचान जुट, फ्रा पविन, भिक्षु संघ के कोषाध्यक्ष भंते अशोक, भंते यशपाल, भंते उपाली, भंते सागर, भिक्षुणियां और उपासक ओम प्रकाश कुशवाहा, विवेक कुशवाहा, गौतम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मजदूर पर टीन शेड गिरने से मौत

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र के बड़हरा लक्ष्मीपुर गांव में शुक्रवार को टीन शेड गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई ।मृतक की पहचान संतराज राजभर पुत्र सुखु राजभर उम्र 62 निवासी राजपुर सेमरा के रूप में हुई है ।जानकारी के अनुसार संतराज राजभर बड़हरा लक्ष्मीपुर निवासी जयश्री राव पुत्र रामअवध राव के खेत में मजदूरी कर रहा था। खाने का टिफिन जयश्री राव के घर के बाहर बने टीन शेड में रखा था। खाना लेने के लिए जब वह शेड के पास पहुंचा, अचानक पूरा शेड उनके ऊपर गिर गया। मलबे में दबने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चौरा खास में व्यापार मंडल की हुई बैठक



**जौराबाजार, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अमरनाथ पाण्डेय की अध्यक्षता में शनिवार को फाजिलनगर क्षेत्र के चौरा खास में व्यापार मंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रशासनिक विभागों द्वारा व्यापारियों को हो रही परेशानियों, उनके हितों और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई ।जिलाध्यक्ष अमरनाथ पाण्डेय ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने व्यापारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की ।व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने कहा कि व्यापारियों को आए दिन विभिन्न विभागों की जांच और कार्रवाई के दौरान अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। संगठन का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाकर उनका उचित समाधान कराना है। बैठक का संचालन संगठन के जिला महामंत्री केडी राव ने किया। अन्त में व्यापार मण्डल अध्यक्ष को संगठन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष झुनेन्द्र सिंह, शमशाद अंसारी, मुन्ना वर्मा, ओमप्रकाश, देवेंद्र, राहुल सिंह, राधेश्याम, सतीश कुशवाहा, शिवबालक यादव, महेश और कमलेश सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 186995 वादों का हुआ निस्तारण



बहराइच 12 सितम्बर। मा. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मा. उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 01 लाख 86 हजार 995 वादों का निस्तारण किया गया ।राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित सभागार में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच राजेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय संजय कुमार, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण हरेन्द्र प्रसाद, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत सुरेश चन्द्र आर्य, अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, सुरेश चन्द्र भारती, प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश सुश्री शैली राय, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट) पवन कुमार शर्मा, तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह,, चतुर्थ अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) सुश्री कविता निगम, पंचम अपर जनपद न्यायाधीश सुनील प्रसाद, षष्ठम अपर जनपद न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. प्रथम बृजेश कुमार यादव, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. द्वितीय अनिल कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नीलम सरोज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विनोद कुमार यादव एंव अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे ।राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद बहराइच के कुल 186995 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय द्वारा 9956 वादों, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बहराइच संजय कुमार की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के 56 वादों, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बहराइच हरेन्द्र प्रसाद द्वारा 38 वादों, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र आर्य द्वारा 07 वाद तथा जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग, बहराइच के अध्यक्ष सुरेश चन्द भारती द्वारा 09 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 802 मामले तथा राजस्व के 1,76,127 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेन्ट की कुल धनराशि रू. 09 करोड़ 21 लाख 64 हजार 854 रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विनोद कुमार यादव द्वारा इस राष्ट्रीय लोक अदालत को अत्यधिक सफल बनाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों आदि उपस्थित थे।

## मेडिकल कॉलेज में कैंसर मरीजों के लिए छह बेड का डे-केयर सेंटर तैयार




**कुशीनगर।** कैंसर मरीजों को इलाज के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में छह बेड का डे-केयर सेंटर तैयार किया गया है ।इसका उद्देश्य मरीजों को गंभीर स्थिति में दूसरे अस्पताल ले जाने से पहले प्राथमिक उपचार और चिकित्सकीय निगरानी उपलब्ध कराना है ।मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में तैयार किए गए इस सेंटर में कैंसर मरीजों को अचानक बुखार, कमजोरी, उल्टी, सांस लेने में परेशानी, दवाओं के प्रतिकूल प्रभाव अथवा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया जाएगा। मरीजों को करीब छह घंटे तक निगरानी में रखने की व्यवस्था होगी।

**हालत स्थिर होने पर उसी अस्पताल में होगी वापसी**

डे-केयर सेंटर में कैंसर का मुख्य उपचार शुरू नहीं किया जाएगा। मरीज की स्थिति स्थिर होने के बाद उसे उसी अस्पताल में वापस भेजा जाएगा, जहां उसका कैंसर उपचार चल रहा है। यदि मरीज का इलाज गोरखपुर, लखनऊ या किसी अन्य अस्पताल में चल रहा है और अचानक तबीयत बिगड़ती है तो उसे पहले कुशीनगर मेडिकल कॉलेज लाकर आवश्यक चिकित्सकीय सहायता दी जा सकेगी। मेडिकल कॉलेज में फिलहाल कैंसर रोग विशेषज्ञ की नियमित तैनाती नहीं है।

ऐसे में डे-केयर सेंटर को बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर से जोड़ा गया है। जरूरत पड़ने पर बीआरडी के विशेषज्ञों से चिकित्सकीय मार्गदर्शन लिया जाएगा।

**मरीजों को मिलेगा तत्काल सहारा**

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केपी गौड़ के अनुसार, छह बेड का डे-केयर सेंटर तैयार किया गया है। इसका मकसद कैंसर मरीजों की अचानक बिगड़ने वाली तबीयत में उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार और निगरानी उपलब्ध कराना है।

## शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर उठी मांग



**कुशीनगर।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ कुशीनगर की जनपदीय कार्यसमिति की बैठक में शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर तेवर तल्ख नजर आए। जूनियर हाईस्कूल रविंद्र नगर में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में पदोन्नति, जीपीएफ, चयन वेतनमान, कन्वर्जन कास्ट, सेवानिवृत्त शिक्षकों के समूह एलआईसी और टीईटी सहित कई ज्वलंत मुद्दे प्रमुखता से उठे। वक्ताओं ने लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग करते हुए संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया।

बैठक में फाजिलनगर के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के समूह एलआईसी का मुद्दा उठाया। जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने नियमित अंतराल पर कार्यसमिति की बैठक कराने की आवश्यकता बताई। अंजुल हक ने टीईटी को हटाए जाने तक संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। पडरौना के मंत्री कुंजेश्वर सिंह ने संगठन के चुनाव कराए जाने का पुरजोर समर्थन किया।

जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत मणि ने जीपीएफ पासबुक बनाने और लेखापर्ची जारी करने की मांग उठाई। मोतीचक के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने कार्यसमिति की बैठकों में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों का अवकाश मानव संपदा पोर्टल पर अपडेट कराने की बात कही। बिशुनपुरा के मंत्री अनिल कुमार ने पदोन्नति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पदोन्नति हुए काफी समय बीत चुका है। ऐसे में पदोन्नति की प्रक्रिया को तत्काल पूरा कराया जाए। कप्तानगंज के अध्यक्ष रजनीश सिंह ने चयन वेतनमान के एरियर भुगतान की मांग की। अमित तिवारी ने कन्वर्जन कास्ट भुगतान का मुद्दा उठाया। वहीं मोलई प्रजापति ने जनपदीय व्हाट्सएप ग्रुप को सक्रिय रखने पर जोर दिया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि बैठक में उठाए गए शिक्षकों के सभी मुद्दों के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विगत तीन वर्षों से प्रभारी वित्त एवं लेखाधिकारी के भरोसे व्यवस्था चलने के कारण शिक्षकों को तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रयास किया जाएगा कि जिले में पूर्णकालिक वित्त एवं लेखाधिकारी की नियुक्ति हो, जिससे शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जा सके। बैठक का संचालन जिला महामंत्री छेदी प्रसाद ने किया। इस दौरान अंजनी सिंह, मधेश मिश्र, विनोद सिंह, तेजप्रताप सिंह, सतीश पासवान, देवानंद दुबे, अबुलैश अंसारी, अमित तिवारी, पारसनाथ साहनी, वेद प्रकाश गुप्ता, मसूद अहमद, बीके बिहारी लाल, लाल बृजमोहन, प्रेमचंद गौतम, रामप्रकाश शर्मा, कलमदानी सिंह, दया शंकर सिंह, मनिन्दर तिवारी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### डिलेवरी प्वाइंट का सीएमओ ने किया उद्घाटन

बहराइच 12 सितंबर। ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को बेहतर व सुरक्षित प्रसव सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ब्लॉक मिहींपुरवा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर रायबोझा में नए प्रसव केंद्र की शुरूआत की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया ।इस प्रसव केंद्र के चालू होने से क्षेत्र की लगभग 16 हजार आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। अब तक प्रसव और बुनियादी जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ग्रामीणों को करीब 18 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर जाना पड़ता था।

आपातकालीन स्थिति और लंबी दूरी के कारण प्रसूताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे अब उन्हें निजात मिलेगी। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाली गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव और सभी जरूरी सुविधाएं बिना किसी देरी के उपलब्ध कराई जाएं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,21,108 वादों का हुआ निस्तारण, 9.63 करोड़ की टोकन मनी वसूली गयी

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ प्रशासनिक न्यायमूर्ति, जजशिप कुशीनगर जितेन्द्र कुमार सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता सिन्हा तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार त्यागी एवं उनकी धर्मपत्नी शालिनी त्यागी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों एवं विभागों द्वारा आपसी सुलह-समझौते के आधार पर बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया। विशेष लोक अदालत के अंतर्गत 09, 10 एवं 11 सितंबर को 155 लघु आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया, जबकि 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,20,953 वादों का निस्तारण हुआ। इस प्रकार कुल 1,21,108 वादों का निस्तारण किया गया।

फौजदारी के कुल 7,057 वादों का निस्तारण करते हुए जुमार्ने के रूप में 1,18,235 रुपये की धनराशि वसूल कर राजकीय कोष में जमा कराई गई। मोटर दुर्घटना से संबंधित 28 क्लेम वादों का निस्तारण करते हुए मृतकों एवं घायलों के आश्रितों को कुल 1.56 करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाया गया। पारिवारिक न्यायालयों द्वारा 102 वादों का निस्तारण किया गया ।बैंकों द्वारा प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंक ऋण से संबंधित 2,048 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें ऋणधारकों से 9,63,39,072 रुपये की टोकन मनी वसूल की गई ।इसके अतिरिक्त 1,190 राजस्व वाद, 112 विद्युत बिल संबंधी मामले तथा 44 श्रम विवाद भी निस्तारित किए गए। राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक विवादों के निस्तारण के दौरान भावनात्मक पहल भी देखने को मिली। परिवार न्यायालय में लंबे समय से चल रहे विवादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर समाप्त कराया गया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय द्वारा छह तथा अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय द्वारा चार दंपतियों के विवाद समाप्त कराए गए। इस प्रकार कुल 10 दंपतियों को बतौर पति-पत्नी एक साथ जीवनयापन करने के लिए दीवानी न्यायालय परिसर से विदा किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय पाण्डेय के सहयोग से दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रशासनिक न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार सिन्हा एवं जनपद न्यायाधीश संजीव कुमार त्यागी सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने लाभार्थियों को उपकरण प्रदान किए।उप मुख्य चिकित्साधिकारी आरडी कुशवाहा के सहयोग से पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में 50वीं बटालियन एनसीसी के कैडेटों द्वारा प्रशासनिक न्यायमूर्ति के आगमन पर पाइलेटिंग की गई। वहीं, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के प्रचार-प्रसार के लिए केले से निर्मित उत्पादों का स्टॉल भी लगाया गया। लोक अदालत में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए वादकारियों को पैरा लीगल वालंटियर्स द्वारा विधिक सहायता उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, अधिवक्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, पैरा लीगल वालंटियर्स तथा बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य अधिक से अधिक मामलों का आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से त्वरित एवं सरल निस्तारण कराकर आमजन को सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है।

संक्षेप

## सफाई नायक के निधन पर व्यक्त किया शोक

जौनपुर ।नगर पंचायत बदलापुर में तैनात सफाई नायक सचिन कुमार सिंह का शुक्रवार शाम करीब 6बजे के लगभग निधन हो गया ।उनके निधन से जहां पूरा परिवार सदमे में है। वहीं नगर पंचायत कर्मियों ने साथी के चले जाने पर घर जाकर दुःख जताया है।ततपश्चात शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वैभवसिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मियों ने कार्यालय परिसर में दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि ने शनिवार को दोपहर बाद अवकाश घोषित कर दिया। सफाई नायक सचिन सिंह 36वर्ष पुत्र अवधेश सिंह कुछ समय पूर्व एक गंभीर बीमारी के चपेट में आ जाने के कारण अस्वस्थ चल रहे थे ।शोक संवेदना में सभासद लक्ष्मण सिंह मोनू हरीनाथ मौर्य, इंद्रजीत सरोज, रंजीत,बंटी शुक्ल तथा कार्यालय सहायक सुशील उपाध्याय,गणेश कीर्ति, सफाई नायक अंकुर शुक्ल, योगेश यादव, शैलेन्द्र यादव, अजय शर्मा, सुनील तिवारी, विकास तिवारी,संजय सिंह,नीतीश,सोनू शुभम दुबे , राजेश व सफाई कर्मी सनोज,सुरेश, विजय ,राजधारी, सुबास,वशीर,दिनेश, राकेश सुभाष , चालक प्रमोद,शैलेश शर्मा,विकास बिंद, बबलू रावत,भानू बिंद, संतोष यादव सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुख्य मार्ग पर दबंगों का आतंक, दी तहरीर

मड़िहान, मीरजापुर।थाना समाधान दिवस पर क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी युवक ने दबंगों के खिलाफ प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।आरोप है कि गांव की बस्ती की इकलौती सड़क पर दबंगों ने दोनों तरफ गोबर और पशुओं को बांधकर अवैध कब्जा कर लिया है।जिससे ग्रामीणों और राहगीरों का आना-जाना बंद हो गया है।विरोध करने पर दबंग लाठी-डंडा लेकर गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।सेमरा निवासी विक्रम सिंह ने थाना समाधान दिवस में प्रभारी को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि वह लोहिया से सेमरा संपर्क मार्ग की बस्ती में रहते है। उसी बस्ती के विपक्षी दबंगों द्वारा बस्ती की मेन सड़क पर दोनों तरफ खुटा गाड़कर पशुओं को बांधने के साथ गोबर का घूरा लगाकर कब्जा कर लिया गया है।पीड़ित ने बताया कि सड़क पर कब्जा होने से बस्ती के लोगों और राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। यदि कोई इसका विरोध करता है तो दबंग लाठी-डंडा लेकर गाली-गलौज करने लगते हैं और मारने-पीटने की धमकी देते हैं। विपक्षीगण दबंग व अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं, जिससे पूरा गांव डरा सहमा है।समाधान दिवस में थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्य, तहसीलदार आशीष पांडेय के साथ राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## आइसक्रीम कंपनी के गोदाम में आग, 25 लाख का सामान खाक

बरेली। जिले स्थित परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को आइसक्रीम की एक कंपनी के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से करीब 25 लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस के अनुसार, धुआं और लपटें उठती देख गोदाम में मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई।सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन की टीमें मौके पर पहुंचीं तथा कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में वाडीलाल आइसक्रीम कंपनी ने रोड नंबर एक पर एक गोदाम किराये पर ले रखा है, जहां आइसक्रीम के कोन और कंपनी से संबंधित अन्य सामग्री रखी जाती है।कोन गले नहीं , इसके लिए गोदाम में गर्म हवा देने वाली मशीन भी लगी हुई है। कंपनी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब नौ बजे अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके बाद आग भड़क उठी और आग के तेजी से फैलने के कारण गोदाम का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। कंपनी के मानव संसाधन (एचआर) प्रबंधक दिनेश सिंह ने बताया कि आग में करीब 25 लाख रुपये का सामान जलने का अनुमान है। नुकसान का विस्तृत आकलन किया जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने बताया कि वाडीलाल के परिसर में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है इससे पहले भी वर्ष 2023 में भी यहां आग लगी थी। इस घटना ने औद्योगिक परिसर में सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े किए हैं। इस बार दमकल की टीम समय रहते पहुंच गई, जिससे आग को आसपास के क्षेत्र में फैलने से रोक लिया गया।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में 40 टीमों ने दिखाया तकनीकी दम




- 29 सॉफ्टवेयर और 11 हार्डवेयर टीमों ने पेश किए नवाचार आधारित समाधान

सोनभद्र। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सोनभद्र में आयोजित दो दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकाथॉनै ए में छात्र-छात्राओं ने तकनीकी कौशल और नवाचार का दमदार प्रदर्शन किया। 11 एवं 12 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में कुल 40 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 29 सॉफ्टवेयर और 11 हार्डवेयर आधारित टीमें शामिल रहीं।

करीब 180 विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी समस्याओं के समाधान पर आधारित अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। पहले दिन विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को प्रोजेक्ट की कमियों में सुधार, तकनीकी मजबूती और प्रभावी समाधान विकसित करने के लिए मार्गदर्शन दिया। दूसरे दिन सभी प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया गया। चयनित प्रोजेक्ट को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले के लिए अग्रसारित किया जाएगा।मुख्य अतिथि अदाणी पावर के मुख्य व्यवसाय अधिकारी स्मूर्ति आर. नायक ने विद्यार्थियों को नवाचार के साथ मूलभूत ज्ञान मजबूत करने की सीख दी। संस्थान के निदेशक के.एस. वर्मा ने आयोजन को विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता, टीमवर्क और समस्या-समाधान क्षमता विकसित करने वाला महत्वपूर्ण मंच बताया। कार्यक्रम का आयोजन स्टूडेंट ब्रांच ने किया।

# एनटीपीसी विंध्याचल में दो दिवसीय मेंटरिंग कार्यशाला का आयोजन




सोनभद्र।एनटीपीसी विंध्याचल में क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में मेंटोरिंगरू द ब्रिज फ्रॉम एक्सपीरियंस टू एक्सीलेंस विषय पर दो दिवसीय मेंटरिंग कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुल 56 मेंटर्स एवं मेंटीज ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्ञान के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण, नेतृत्व विकास तथा भविष्य के लिए सक्षम प्रतिभाओं को तैयार करने में मेंटरिंग की महत्वपूर्ण भूमिका को और सुदृढ़ करना था।

कार्यशाला का संचालन रैपिड लर्निंग एंटरप्राइज के अजय अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने मेंटर्स एवं मेंटीज के लिए अलग-अलग तथा संयुक्त रूप से रोचक एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किए। इन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को केंद्रित अधिगम, सार्थक संवाद तथा मेंटर-मेंटी के बीच बेहतर समन्वय और सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) किशोर कुमार होता की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रूमा दे शर्मा तथा अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी भी उपस्थित रहीं।सभी ने प्रतिभागियों को एनटीपीसी में निरंतर सीखने, मार्गदर्शन एवं नेतृत्व विकास की संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया।यह कार्यक्रम एनटीपीसी के जन-केंद्रित दर्शन ह्लपीपल बिफोर पीएलएफह्व को प्रतिबिंबित करता है तथा मेंटरिंग को अनुभव और आकांक्षा के मध्य एक सशक्त सेतु के रूप में प्रस्तुत करता है। कार्यशाला ने ज्ञान, अनुभव और मार्गदर्शन के माध्यम से भविष्य के नेतृत्व को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की।

# श्लोकवाचन में ज्ञानदीप प्रथम, शिवगोपाल द्वितीय व अभय तृतीय



सीतापुर।संस्कृत-संस्कृति-विकास-संस्थान के तत्वावधान में श्री आत्मानंद संस्कृत शिक्षण संस्थान, नैमिषारण्य में शनिवार को श्लोकवाचन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें करीब 70 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने संस्कृत ग्रंथों से चयनित श्लोकों का शुद्ध, सस्वर एवं भावपूर्ण वाचन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। वरिष्ठ अध्यापक डॉ. रामदेव तिवारी और प्रधानाचार्य अम्बुज कुमार मिश्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उच्चारण, स्वर, लय, वाचन शैली और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

प्रतियोगिता में ज्ञानदीप मिश्रा ने प्रथम, शिवगोपाल शुक्ला ने द्वितीय और अभय मिश्रा ने तृतीय स्थान हासिल किया। एक विद्यार्थी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।विजेताओं को विद्यालय प्रबंधक सर्वेश कुमार शुक्ला ने अंगवस्त्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया।निर्णायक डॉ. रामदेव तिवारी ने कहा कि कर्मकांड के साथ पाठ्यक्रम का नियमित अध्ययन भी जरूरी है। आयोजन सचिव डॉ. सुमन मिश्रा रहीं। समन्वयक सत्येंद्र पाठक ह्यशास्त्रीह्ल ने व्यवस्थाओं का संचालन करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कैलाश दीक्षित ने सहयोग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि, शुद्ध उच्चारण, वाचन-कौशल और आत्मविश्वास विकसित करना रहा।

# दहेज के लिए हत्या करने का आरोप

सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के सोनारी गांव में शनिवार सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। 22 वर्षीय रोशनी का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। खैराबाद थाना क्षेत्र के चैबेपुर निवासी बनवारी लाल की पुत्री रोशनी की शादी करीब चार वर्ष पहले सोनारी निवासी विवेक पुत्र हरिश्चंद्र से हुई थी।मायके वालों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और नकदी की मांग को लेकर रोशनी को प्रताड़ित करता था।उत्पीड़न से परेशान होकर रोशनी करीब एक वर्ष तक मायके में रही थी। बाद में दोनों पक्षों में समझौता होने पर वह ससुराल लौट गई थी। शनिवार सुबह करीब 10 बजे उसकी मौत की खबर मिलते ही मायके वाले सोनारी पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया।उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में दो की मौत,पांच घायल

हरदोई।जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र के बिलग्राम मार्ग पर रोडवेज की बस की टक्कर से एक ऑटो में सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए।पुलिस के अनुसार, कानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने शुक्रवार को कसरावा पेट्रोल पंप के पास सवारियों से भरे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ऑटो सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को हरदोई जिला चिकित्सालय भिजवाया।जहां चिकित्सकों ने दिनेश (22) और लाल (20) को मृत घोषित कर दिया वहीं पांच अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (शहर) अजित चौहान ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण

मोहम्मदी खीरी।कस्बा में शराब दुकानों का अधिकारियों ने आवश्यक निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर समेत व्यवस्थाओं को लेकर जांच कर दिशा निर्देश दिए हैं।शनिवार को एसडीएम राजेश प्रताप,सीओ अरुण कुमार और निरीक्षक उमेश चौरसिया की टीम ने संयुक्त रूप से शराब की दुकानों का सघन निरीक्षण किया जिसमें स्टॉक रजिस्टर और और मौजूद माल का मिलान किया गया है ।और दुकानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसी कैमरा लगाने के निर्देश दिए गए हैं।जिससे आने जाने वालों के रिकॉर्ड की जानकारी मिल सके वही मिलावटी शराब बिक्री को लेकर कठोर कार्रवाई की बात कही गई है।

# ज्वेलर्स की दुकान से लाखों के आभूषण चोरी

जिला संवाददाता(vol)

- बिल बनाने में उलझा दुकानदार, गहनों पर हाथ साफ कर महिला फरार
- सीसी कैमरे में कैद हुई पूरी वारदात, पुलिस से कार्रवाई की गुहार

म्योरपुर (सोनभद्र)। स्थानीय कस्बे के लीलासी मोड़ पर शुक्रवार को दिनदहाड़े मां दुर्गा ज्वेलर्स की दुकान में एक महिला ने दुकानदार को बातों में उलझाकर लाखों रुपये के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया।पूरी वारदात दुकान में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई।

जानकारी के अनुसार युवा व्यवसायी रवि सोनी के पिता राजेंद्र प्रसाद दुकान पर बैठे थे।इसी दौरान एक अज्ञात महिला पहुंची और पायल, जुतिया व झाला पसंद करने के बाद बिल बनाने को कहा।इसके बाद उसने कुंडल, जुतिया, नाक की कील व अन्य आभूषण दिखाने की बात कही। महिला ने बिल विनोद यादव, म्योरपुर के नाम से बनाने को कहा।

दुकानदार बिल तैयार करने में व्यस्त हुआ तो महिला ने मौका पाकर आभूषण गायब कर दिए और फरार हो गई। सामान मिलाने पर 4.5 ग्राम कुंडल, 4.5 ग्राम जुतिया, एक नाक की कील और तीन पीस बिछिया गायब मिले। खास बात यह रही कि सामने लगे सीसी कैमरे की भी महिला ने परवाह नहीं की और उसका पूरा कारनामा कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। पीड़ित रवि सोनी ने थाने में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश्वर जायसवाल का किया सम्मान

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र।विधि एवं न्याय के क्षेत्र में लंबे अनुभव और उल्लेखनीय योगदान के लिए दुद्धी के वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश्वर जायसवाल को शनिवार को उनके निज आवास पर संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश की ओर से सम्मानित किया गया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नोटरी अधिवक्ता राकेश शरण मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष सोनभद्र बार एसोसिएशन अमरनाथ मिश्र तथा दी सोनभद्र टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमापति पांडेय ने अंगवस्त्र, फटका, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान उनके व्यक्तिगत गौरव तक सीमित नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था और विधि जगत में उनके दशकों के योगदान का सम्मान है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से युवा अधिवक्ताओं को नई दिशा मिलती है।

प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने कहा कि महासंघ अधिवक्ताओं के सम्मान, अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान उसकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अवनीश मिश्र, महेश पांडेय, प्रदीप धर, राजेंद्र प्रसाद सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# डीएम के निरीक्षण में खुली घटिया निर्माण की पोल, तुड़वाकर फिर बनाने के निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के इंदौरा तालाब एवं पार्क (अशोक वाटिका) में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की पोल जिलाधिकारी के निरीक्षण में खुल गई। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने पार्क का निरीक्षण किया। इंटरलॉकिंग, पीपीसी समेत अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधी कमियां मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई।

जिलाधिकारी ने मानक के विपरीत कराए गए पूरे निर्माण कार्य को ध्वस्त कराकर मानकों के अनुरूप दोबारा कराने के निर्देश दिए।उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त ईंट और मसाले की गुणवत्ता भी जांची तथा अधिकारियों को गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।गुणवत्ता में खामियां मिलने पर संबंधित ठेकेदार और कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने साफ चेतावनी दी कि निर्माण कार्य में सुधार नहीं हुआ अथवा किसी भी तरह की अनियमितता सामने आई तो संबंधित कार्यदायी संस्था को ब्लैकलिस्ट करने के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा। जरूरत पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम महमूदाबाद अभिषेक प्रियदर्शी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मजदूरों को ले जा रही वैन में डीसीएम चालक ने टक्कर मारी , सात जख्मी



मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में गोला हाईवे पर गांव दिलावरपुर के पास मजदूरों से भरी ईको गाड़ी को जाते समय शाहजहांपुर की ओर से आ रहे डीसीएम चालक ने टक्कर मार कर रौंद दिया जिससे कार के परखच्चे उड़ गए सवार सभी सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गए हैं डॉक्टर ने जांच के दौरान पांच की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है।

जानकारी अनुसार गाड़ी चालक महिपाल निवासी कोटा थाना अल्लापुर बदायूं शनिवार सुबह 5:30 बजे करीब बाजरा की फसल काटने के लिए मजदूरों को लेकर जाते समय हादसे का शिकार हो गए जिसमें चालक समेत सवार गांव फुटहा थाना भीरा निवासी प्रफुल्ल कुमार पुत्र रामस्वरूप, राजेश पुत्र मानस, रुस्तम पुत्र गंगाराम को रमेश पुत्र पूरन, रामनरेश पुत्र राधेश्याम गांव कुचलहा थाना फूलबेहड़ गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया पांचो लोगों की हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। संत कुमार और छोटे की हालत सामान्य होने पर इलाज के बाद छुट्टी कर दी गई है।हादसे की सूचना परिजनों को भेजी गई है। डीसीएम चालक मौका पाकर भागने में सफल रहा पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू की है।

# एनटीपीसी विंध्याचल ग्रीनटेक पुरस्कार से सम्मानित

सोनभद्र।एनटीपीसी विंध्याचल ने ग्रीनटेक अवार्ड्स 2026 में दो प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।11 सितंबर 2026 को जोधपुर में आयोजित समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रभावी सीएसआर पहलों के लिए ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2026 के अंतर्गत प्रमोशन ऑफ एजुकेशनह्व श्रेणी में सम्मानित किया गया।वहीं पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा सतत परिचालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्टेशन को 3तक ईएचएस अवार्ड के अंतर्गत ईएचएस बेस्ट प्रैक्टिसेस श्रेणी में भी सम्मान प्राप्त हुआ।एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से माहताब आलम, उप महाप्रबंधक (सीएसआर/ आरएंडआर) ने ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2026 तथा अंकुश मीणा, सहायक अधिकारी (ईएमजी) ने 3तक ईएचएस अवार्ड प्राप्त किया। ये दोनों प्रतिष्ठित सम्मान सीएसआर एवं पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में एनटीपीसी विंध्याचल की सतत उत्कृष्टता एवं सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह उपलब्धि जिम्मेदार, सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में एनटीपीसी विंध्याचल के निरंतर प्रयासों को और सुदृढ़ करती है।

## एससी-एसटी सब प्लान का पैसा खर्च नहीं होने पर उठे सवाल

सोनभद्र।शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के सवालों को लेकर रोजगार-सामाजिक अधिकार अभियान की पूर्वांचल यात्रा शनिवार को म्योरपुर के गांवों में पहुंची।सुपांचुआ, बलियरी, नवाटोला, परनी, बबनडीहा, काचन व करहिया में जनसंपर्क कर लोगों को 20 सितंबर को वाराणसी में प्रस्तावित नई पीढ़ी संवाद में पहुंचने की अपील की गई।यात्रा के दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सोनभद्र जैसे दलित-आदिवासी बहुल जिले में सरकार की योजनाओं का लाभ जमीन पर पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच रहा है।एससी-एसटी सब प्लान की धनराशि खर्च नहीं होने को लेकर भी सवाल उठाए गए।स्टेट प्रोग्राम मॉनिटरिंग पोर्टल के हवाले से बताया गया कि वर्ष 2024-25 में 21,500 करोड़ रुपये आवंटित हुए, जबकि करीब 17,000 करोड़ ही खर्च हो सके। यानी लगभग 4,500 करोड़ रुपये खर्च नहीं हुए।वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पानी, आवास, पेंशन और बिजली जैसी सुविधाएं नागरिकों का अधिकार हैं।यात्रा में कृपाशंकर पनिका, रूबी सिंह गोंड, सविता गोंड, रामकृष्ण बैगा समेत कई लोग शामिल रहे।

## अनुप्रिया पटेल आज सोनभद्र में, कार्यकर्ता समागम में जुटेंगे पार्टी कार्यकर्ता

सोनभद्र।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल रविवार को सोनभद्र पहुंचेंगी।मीरजापुर से सड़क मार्ग के जरिए जनपद में प्रवेश करने पर हिंदुआरी तिराहे पर पार्टी कार्यकताओं की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा।केंद्रीय राज्य मंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अनुप्रिया पटेल डीआर डीमा लग्जरियस बैंक्वेट, राबर्ट्सगंज पहुंचेंगी, जहां दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक जिला स्तरीय कार्यकर्ता समागम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में वह मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर संवाद करेंगी।समागम को लेकर पार्टी स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यकर्ताओं की सहभागिता बढ़ाने के साथ ही स्वागत और कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समागम के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री सोनभद्र में अन्य निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होंगी। इसके उपरांत वह मीरजापुर के लिए रवाना होंगी।

## गोंडा में कजली तीज पर 10-12 लाख श्रद्धालु कर सकते हैं शिव मंदिरों में जलाभिषेक

गोंडा ।जिले में कजली तीज के अवसर पर सोमवार को ऐतिहासिक पृथ्वीनाथ और दुखहरन नाथ मंदिरों में 10 से 12 लाख श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने की संभावना है।भीड़ के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के व्यापक इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि रुपईडीह विकासखंड के पचरन स्थित पृथ्वीनाथ मंदिर में करीब छह लाख और गोंडा शहर के दुखहरन नाथ मंदिर में चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। कर्नलगंज स्थित सरयू नदी से जल लेकर आने वाले कांवड़ियों के मार्ग और दोनों मंदिरों को दो जोन तथा 16 सेक्टरों में बांटकर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। मेले के मद्देनजर शनिवार सुबह आठ बजे से 15 सितंबर सुबह आठ बजे तक यातायात परिवर्तन लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि आपात एवं आवश्यक सेवाओं को छोड़कर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी और हल्के वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं को भी अलर्ट पर रखा है।जिलाधिकारी ने बताया कि दोनों मंदिरों में अस्थायी चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे और मार्ग में एंबुलेंस तैनात रहेंगी।उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में अतिरिक्त बिस्तर आरक्षित रखे गए हैं और सरयू नदी में एसडीआरएफ और पीएसी की फ्लड यूनिट तैनात की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय ने बताया कि मेला क्षेत्र में करीब 2,600 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, जिनमें चार अपर पुलिस अधीक्षक और 21 क्षेत्राधिकारी शामिल हैं। होमगार्ड, पीआरडी और स्वयंसेवी संगठन भी व्यवस्था में सहयोग करेंगे। कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर टॉमसन इंटर कॉलेज और अदम गोंडवी खेल मैदान में प्रतीक्षा क्षेत्र बनाए गए हैं।

## सांसद सनातन पांडेय पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में युवक के खिलाफ केस दर्ज

बलिया। बलिया लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद सनातन पांडेय के खिलाफ फेसबुक पर कथित रूप से अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। गड़वार के थाना प्रभारी निरीक्षक हितेश कुमार ने बताया कि मामले में शुक्रवार रात मुकदमा दर्ज किया गया और मामले की जांच पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दी गई है।पुलिस के अनुसार, सांसद की तहरीर पर गड़वार थाने में आशु तिवारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 356(1), 353 और 352 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, सांसद ने श्री राम मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति को लेकर एक सार्वजनिक बयान दिया था, जिसपर आशु तिवारी ने फेसबुक पर सांसद के खिलाफ कथित रूप से अमर्यादित, आपत्तिजनक और अशोभनीय निजी टिप्पणी की तथा उसे प्रसारित किया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि टिप्पणी के प्रसार से सांसद की छवि धूमिल हुई और उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंची। प्राथमिकी के मुताबिक, इस तरह की टिप्पणी से सामाजिक माहौल प्रभावित होने की आशंका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मां भगवती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में युवा छात्र संवाद कार्यक्रम संपन्न

तिकुनियां-खीरी।मां भगवती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में युवा छात्र संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ।जिसमें संघ के जिला प्रचारक ने बच्चों को प्रेरक कहानी सुनाई और अनुशासन व लक्ष्यों पर बातचीत की।शनिवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रचारक आजाद ने कॉलेज के गुरुगोविंद सिंह हाल में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा संघटन है,संघ ने देश मे राष्ट्र प्रथम की भावना को जागृत करते हुए भारतीय संस्कृति और पहचान की रक्षा व पुनर्जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में संघ ने भारत को एक समर्थ और परम वैभवशाली रास्ट्र बनाने के लिए पंच परिवर्तन के लक्ष्य पर भी विचार व्यक्त किए। जिला प्रचारक ने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार की जीवनी सुनाई और अनुशासन और लक्ष्य पर बच्चों से बातचीत की।इस अवसर पर कमेटी के पंकज मिश्रा, संतोष कुमार मिश्रा, कृष्णा सिंह, विनोद निषाद, खंड प्रचारक योगेंद्र, प्रिंसिपल विकास मिश्रा सहित तमाम छात्र छात्राएं भी मौजूद रही।

संक्षेप

## भारतीय किसान यूनियन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन फतेहपुर के जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने कहा कि किसानों की समस्याओं को समय-समय पर शासन-प्रशासन के समक्ष रखा जाता रहा है, लेकिन कई समस्याओं का अभी तक संतोषजनक



समाधान नहीं हो सका है। किसानों ने प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई की अपील की।ज्ञापन में सबसे पहले किसानों के ऊपर विभिन्न थानों में आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लिए जाने की मांग की गई।जिले में बढ़ रहे अपराधों पर रोक लगाने के साथ किसानों के जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही गई।बंद पड़ी सहकारी समितियों को तत्काल चालू कराकर समय से उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुख रही।ि

# फरियाद न सुनने पर नगीना थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

शहजाद अंसारी ( वीओएल )

**बिजनौर।** तेजतर्रार कार्यशैली के लिए प्रसिद्ध पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सिफारिश के दम पर थानों का चार्ज लेने वाले लापरवाह थानेदारों के पर कतरने शुरू कर दिए है।



● **एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने भरोसा जताकर जनसूचना सेल प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार को दी नगीना थाने की कमान, एसपी का संदेश, थानों की कुर्सी जुगाड व सिफारिश से नही मेहनत व योग्यता के आधार पर मिलेगी**

एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने जनसुनवाई में लापरवाही बरते पर थानाध्यक्ष नगीना विकास कुमार को लाइन हाजिर कर पुलिस को संदेश दिया है कि अब थानों की कुर्सी जुगाड व सिफारिश के बल पर नही बल्कि मेहनत व योग्यता के आधार पर मिलेगी। एसपी ने इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार को नगीना थाने की कमान सौपी है।एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई की इस कार्रवाही से जनपद के लापरवाह थानेदारों की नींद उड गई है।

प्रदेश में अपनी तेजतर्रार कार्यशैली के लिए नामचीन पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने 22 अगस्त 2026 को जनपद का पुलिस कप्तान के रुप में चार्ज संभाला था। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने चार्ज संभालते ही पहली क्राइम मीटिंग में सभी थानेदारों को हिदायत दी थी कि थानों में न तो दलालों की एंट्री होगी और न ही कोई थानाध्यक्ष दलालों से गठजोड़ रखेगा। एसपी ने दो टूक कहा था कि थाने आने वाले हर फरियादी की शिकायत को गंभीरता सुनकर उसको थाने से ही इंसाफ मिलना चाहिए।एसपी की चेतावनी के बाद जनपद के समस्त थानों के मुख्य गेट पर आनन फानन में दलालों का प्रवेश वर्जित के फ्लेक्सी बोर्ड लगाए गए।

लेकिन नगीना थाने की कुर्सी पर बैठे दरोगा विकास कुमार ने एसपी की हिदायत को नजर अंदाज कर नगीना थाने के अपने बेलगाम सिपाही और दरोगाओ के रंग में रंगते हुए थाने आने वाले फरियादियों की बात सुनना तो दूर उल्टा दागी सिपाही और घूसखोर दरागाओं के साथ मिलकर पीडितों का ही उत्पीडन कर उनका शोषण करना शुरू कर दिया। नगीना थानाध्यक्ष दरोगा विकास कुमार के कई कारनामें सामने आने के बाद एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने जनसुनवाई में लापरवाही बरतने पर विकास कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने जनता की रक्षा का भरोसा जताते हुए जनसूचना सेल प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार को नगीना थाने की कमान सौंपी है।

एसपी कृष्ण कुमार की रडार पर थाना नगीना के कई चापलूस दरोगाओं के अलावा अन्य थानों के ऐसे भी निकम्मे दरोगा है जो चमचागिरी व सिफारिश के दम पर थानों का चार्ज पाने के लिए कुछ भी करने को तैयार है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने नगीना थानाध्यक्ष विकास कुमार को लाइन हाजिर कर ऐसे चापलूस व सिफारिश के दम पर थानों से लेकर कोतवाली तक का चार्ज संभालने वाले नकारा थानेदारों की नींद उडा दी है जो अब तक कई तरह के हथकंडे अपनाकर योग्य इंस्पेक्टरों का हक मारकर चार्ज हांसिल कर चुके है।

## थरियाव में डीएम एसपी ने सुनी फरियाद


**फतेहपुर ।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने आज थाना थरियांव में माह के दूसरे शनिवार को आयोजित 'थाना समाधान दिवस' में जनता की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।कार्यक्रम का उद्देश्य और प्रक्रियाथाना समाधान दिवस की यह पहल जनशिकायतों के मौके पर ही निवारण और पुलिस-प्रशासन के प्रति जनविश्वास बढ़ाने के मकसद से चलाई जा रही है।

इस दौरान जिलाधिकारी और एसपी ने थाना स्तर पर आई शिकायतों की समीक्षा की, जरूरी दिशा-निर्देश दिए और लंबित मामलों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने को कहा।कार्यक्रम के तहत जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थानों पर जनशिकायतें सुनीं और यथासंभव मौके पर निस्तारण किया। अधिकारियों ने नागरिकों से सीधे संवाद कर समस्याओं को समझा और जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव थी, उन्हें वहीं हल करने के निर्देश दिए।फतेहपुर में पुलिस-प्रशासन की ताजा गतिविधियांफतेहपुर में एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने हाल मेंसाप्ताहिक पुलिस परेड का निरीक्षण किया और लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए थे।

## दुग्ध विकास मंत्री ने की मंडलीय समीक्षा

बांदा। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा जनपदों में पशुपालन, गोवंश संरक्षण, गौशाला संचालन, दुग्ध उत्पादन एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

## लोक अदालत में 123708 वाद सुलह-समझौते से निस्तारित



**बांदा।** शनिवार को जनपद मुख्यालय, बाह्य न्यायालय अतर्रा, बबेरू, नरैनी एवं तहसील मुख्यालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्पना द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। लोक अदालत में कुल 1,23,708 वाद सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किये गये, जिसमें 17 करोड़ 56 लाख 61 हजार 618 रुपये अर्थदंड वसूल किया गया। जनपद न्यायाधीश ने सिविल व क्रिमिनल के 4 वाद निस्तारित कर 500 रुपये अर्थदंड अधिरोपित किया। सुनील कुमार यादव पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 71 वाद निस्तारित कर 3 करोड़ 92 लाख 42 हजार रुपये बीमा कम्पनियों से पीड़ित पक्षों को दिलवाया। पवण कुमार सिंह, डॉ. विकास श्रीवास्त, गगन कुमार भारती, संजय कुमार सिंह, शैपाल सिंह, योगेंद्रनाथ मुख, अंशुमाली पांडेय, सौम्या गिरि, प्रफुल्ल कुमार चैधरी, प्रियंका, अमिती सिंह, दिव्यकान्त सिंह राठौर, सैय्यद अजीजुल हसन, तुषार जायसवाल, शशांकित दत्त, पवन सिंह तोमर, यशवंतुदास, मुनि कुमार, आलोक कुमार वर्मा, सतीश कुमार सिंह, विवेक कुमार गुप्ता ने वाद निस्तारित किए। उपभोक्ता फोरम व अन्य विभाग द्वारा कुल 216 वाद निस्तारित किये गये। आरटीओ ने कुल 16,802 वाद निस्तारित किये। पुलिस विभाग ने 12,640 वाद निस्तारित किये। बैंक द्वारा कुल 936 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया।

## ग्रामीणों ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**बांदा।** बड़ोखरखुर्द ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय अरबई में बीते दिवस भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित किए गए प्रधानाध्यापक अनूप सिंह के संबंध में जब ग्रामीणों को समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी मिली तो वह खुशी से झूम उठे। पूर्व प्रधान बिहारीलाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में पप्पू सिंह खेंगर, माताबदन, आशीष सिंह, भोला, लक्ष्मी ने स्कूल पहुंचकर सभी शिक्षकों को फूल माला पहनाई। उनका मुंह मीठा कराया। कहा कि अब स्कूल का शैक्षिक स्तर सुधरे इसके लिए सभी शिक्षक-शिक्षामित्र अपने दायित्वों का निर्वहन करें।ग्रामीणों ने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, खंड शिक्षाधिकारी किशन कुमार मिश्रा, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी का भी आभार जताया कि उन्होंने केवल भ्रष्टाचार में संलिप्त प्रधानाध्यापक पर ही कार्यवाही की है।

# नवागत डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने पदभार संभाला

**बहराइच 12 सितम्बर।** नवागत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार को जनपद बहराइच पहुंचकर कोषागार में अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त उन्होंने अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा जनपद की प्रशासनिक एवं विकास संबंधी प्राथमिकताओं पर



● **मीडिया से वार्ता कर प्राथमिकताओं की दी जानकारी**

चर्चा की।पदभार ग्रहण करने के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी प्रमुख प्राथमिकता होगी। आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि जनपद में कानून-व्यवस्था, विकास कार्यों की गुणवत्ता, राजस्व मामलों के निस्तारण तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनसामान्य के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।मीडिया से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि जनपद की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों को समझते हुए विकास कार्यों को गति देने तथा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।श्री पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा चिकित्सा बेहतर व्यवस्था के साथ साथ शासन की मंशा अनुसार कार्य करते हुए इस जनपद के युवाओं के लिए कुछ अच्छा करना प्राथमिकता होगी। डीएम ने कहा कि कृषि प्रधान जनपद होने के नाते यहां पर कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं।डीएम ने कहा कि इसके लिए किसानों और जिम्मेदारों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य किए जाने का प्रयास होगा। इसके अलावा इस जिले में अधिकारियों के साथ रणनीति बनाकर बाढ़ और कटान से निपटने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं और सरकारी सेवा में चयनित प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**फतेहपुर।** श्री पराग साहू इंटर कॉलेज, जमालपुर में शनिवार को स्वर्गीय गंगा प्रसाद साहू की स्मृति में भव्य ह्यसाहू प्रतिभा सम्मान समारोहह्व का आयोजन किया गया। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा, फतेहपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और स्वर्गीय गंगा प्रसाद साहू को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम से पूर्व धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हुए, जिसमें समाज की प्रगति और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की गई।उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष रमाशंकर साहू कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।

लोकसभा सचिवालय के संसदीय रिपोर्टर दीपक साहू ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेष रूप से शिरकत की। आयोजन का सफल संयोजन राजू साहू द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का मंच संचालन रश्मि साहू द्वारा बहुत ही प्रभावी और सुचारू रूप से निभाया गया।सफलता के लिए अनुशासन, मेहनत और मजबूत सपने जरूरीः दीपक साहू विशिष्ट अतिथि एवं संसदीय रिपोर्टर दीपक साहू ने अपने विस्तृत संबोधन में युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, अटूट लगन, कड़ी मेहनत और मजबूत सपने ही सफलता के असल आधार हैं, जिसमें माता-पिता और गुरुजनों का त्याग एवं मार्गदर्शन सबसे अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए एक गहरा संदेश दिया कि गरीबी में पैदा होना कोई दोष या अभिशाप नहीं है, बल्कि कड़े संघर्षों से न लड़कर गरीबी में ही हार मानकर जीवन समाप्त कर लेना सबसे बड़ा दोष है।उन्होंने विश्वास जताया कि देश का युवा आज अपनी प्रतिभा के बल पर नए भारत को एक नया आकार दे रहा है, बशर्ते वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं।

समाज हर उस व्यक्ति को आगे बढ़ने का पूरा अवसर देता है जो पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करता है।शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण पर मुख्य अतिथि का मार्गदर्शन

मुख्य अतिथि रमाशंकर साहू ने मेधावी छात्र-छात्राओं एवं चयनित प्रतिभाओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र माध्यम है जो मनुष्य को राई से पर्वत यानी साधारण से असाधारण ऊंचाई तक पहुंचा सकती है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपनी रुचि के अनुसार किसी एक विषय को चुनकर उसमें श्रेष्ठतम प्रदर्शन करें। उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को विशेष सलाह देते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया की आभासी और भ्रामक दुनिया रील से पूरी तरह बाहर निकलकर वास्तविक जीवन रियल जमीनी हकीकत और अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित करें।

## संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के प्रतिभागी सम्मानित



**बांदा।** शहर के डीएवी इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का जनपद स्तर पर आयोजन किया गया।संयोजक डा. जानकीशरण शुक्ल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार ने किया। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में अवनी अवस्थी सरस्वती इंटर कॉलेज अतर्रा प्रथम, वेदिका सरस्वती इंटर कॉलेज अतर्रा द्वितीय, आशीष गौतम उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय बबेरू को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।साक्षी एवं कोमल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में यशु कुमार पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज गिरवां प्रथम, समृद्धि प्रियम हिंदू इंटर कॉलेज अतर्रा द्वितीय, ममता इंटरमीडिएट कॉलेज तिंदवारा को तृतीय स्थान मिला। कौशल्या, सुनीता और गौरव सोनी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विशिष्ट अतिथि मालती बासु ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।आयोजक प्रधानाचार्य डा. आनंद कुमार ने बताया कि निर्णायक डा. विजय कुमार प्यासी, डा. बलराम त्रिपाठी, शिवदत्त त्रिपाठी, वर्षा द्विवेदी रहीं। कार्यक्रम में जिलामंत्री मोहम्मद बाकर, पूनम गुप्ता, रत्नेश त्रिवेदी, अखिलेश शुक्ला, पवन सिंह, विनोद यादव, सतीश भार्गव आदि मौजूद रहे।

## मुख्य मार्ग गडढों में तब्दील, हादसे का खतरा बढ़ा

**बहराइच।** आसाम चौराहा चौकी के सामने बलरामपुर से नानपारा जाने वाले मुख्य मार्ग की हालत इन दिनों बदहाल है। सड़क की सतह जगह-जगह उखड़ने के साथ ही गहरे गड्ढे बन गए हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्य मार्ग होने के कारण इस सड़क पर दिनभर छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।ऐसे में सड़क पर बने गड्ढे और उखड़ी सतह दुर्घटना का कारण बन सकती है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति से कई बार वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है।लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने और गड्ढों को भरवाने की मांग की है, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके।

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास और जुर्माने की सुनाई सजा

जिला संवाददाता ( वीओएल )

**बिजनौर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना ने हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 31 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। नगीना देहात थाने के पेरोकार विपिन कुमार की प्रभावी पैरवी व एडीजीसी क्षितिज अग्रवाल द्वारा कोर्ट में पेश किए गए साक्ष्यों के अधार पर पीडित परिवार को इंसाफ मिलने



● **पेरोकार विपिन कुमार की प्रभावी पैरवी व एडीजीसी क्षितिज अग्रवाल के साक्ष्यों के अधार पर पीड़ित परिवार को कोर्ट से मिला इंसाफ**

की राह आसान हुई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल के मुताबिक थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम कोटकादर निवासी इकबाल पुत्र एजाज ने नगीना देहात थाने में दर्ज अपने मुकदमें में कहा था कि मेरा पुत्र जीशान उम्र करीब 21 वर्ष जो शकील उर्फ डालर की पुत्री सुल्ताना से प्रेम करता था इसी बात को लेकर शकील उर्फ डालर का पुत्र नाजिम उर्फ नजीबुदौला मेरे पुत्र जीशान से रंजिश रखता था और उसने मेरे लडके को जान से मारने की धमकी दे रखी थी। दिनांक 04 जून 2022 को रात्रि समय करीब 9 बजे नाजिम उर्फ नजीबुदौला मेरे पुत्र को अपने साथ मेरे घर से बुलाकर ले गया था मेरा बेटा अफसार व मेरा भाई साबिर जीशान को ढूंढने निकले तो लोगो से पता चला कि जीशान व नाजिम उर्फ नजीबुदौला नई बस्ती कोलिया पुलिया की तरफ जाते देखा है।जब मेरा बेटा अफसार व भाई साबिर नई बस्ती कोलिया पुलिया के पास पहुचे तो जीशान के चिल्लाने की आवाज आई तो अफसार व शाबिर जीशान को बचाने भागे तो नाजिम उर्फ नबीबुदौला ने किसी धारदार हथियार से जीशान का गला रेतकर गंदे नाले में फेंक दिया और मौके से भाग गया। जीशान को नाले से बाहर निकाला तो वह मर चुका था।हत्या की सारी घटना अफसार व भाई साबिर ने अपनी आखो से देखी है।विवेचना के बाद पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नगीना मोहम्मद शारिक सिद्दीकी ने नगीना देहात थाने के पेरोकार विपिन कुमार द्वारा समय पर की गई प्रभावी पैरवी व एडीजीसी क्षितिज अग्रवाल द्वारा कोर्ट में पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर नाजिम उर्फ नजीबुद्दौला को दोषी मानते हुए अभियुक्त नाजिम उर्फ नजीबुद्दौला को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए दोषी पर 31 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है।

## जनपद स्तरीय कला प्रतियोगिता आयोजित



**महोबा।** जनपद स्तरीय कला प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी विनोद पुरवार एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। उक्त प्रतियोगिता में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की छात्रा ने शास्त्रीय गायन में प्रथम, लोग गायन की सामूहिक प्रतियोगिता एवं स्थानीय खेल खिलौने व शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने प्रथम, शास्त्रीय वादन में डीएवी इंटर कॉलेज के छात्र एवं सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र ने संयुक्त रूप से प्रथम, लोक वादन में सरस्वती विद्या मंदिर ने प्रथम, नाटक में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चरखारी ने प्रथम, चित्रकला में जनतंत्र इंटर कॉलेज कुलपहाड़ ने प्रथम, मूर्तिकला में राजकीय इंटर कॉलेज महोबा एवं राजकीय इंटर कॉलेज जैतपुर ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्या सरगम खरे द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।निर्णायकों की भूमिका पूनम पाल, जगप्रसाद तिवारी, त्रिलोक प्रसाद, मजहर अहमद, शबाना सिद्दीकी, नीलम सोनी, रामप्यारी ने निभाई तथा कार्यक्रम की नोडल अधिकारी रश्मि श्रीवास्तव रहीं।

## 2.04 लाख भेजने के बाद भी नहीं मिली मशीनरी, दलालों पर आरोप सत्य साबित होते दिख रहे हैं

**बहराइच/नानपारा।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण लेने वाले ग्राम गोपिया निवासी राम मूरत गुप्ता ने मशीनरी उपलब्ध न कराने और कमीशनखोरी के आरोप लगाते हुए आज 12 सितंबर को पुलिस अधीक्षक बहराइच को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की है।शिकायतकर्ता के अनुसार 31 अगस्त 2026 के जरिए संबंधित फर्म के खाते में ?2,04,169 भेजे गए, लेकिन भुगतान के बाद भी मशीनरी उपलब्ध नहीं कराई गई। आरोप है कि बिचौलियों द्वारा कमीशन के नाम पर रकम काटे जाने की बात कही गई। वहीं ?1.26 लाख की कथित प्राप्ति वाले दस्तावेज पर अपने हस्ताक्षर नहीं होने की बात भी शिकायत में कही गई है।मामले में थाना प्रभारी से शिकायतकर्ता ने कार्रवाई के लिए संपर्क करने के बाद उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिया। मामले को सिविल प्रवृत्ति का बता कर करवाही करना चाहते है।अब पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर में संबंधित बैंक खातों, फ्ळत्र्ञ्च ट्रांजैक्शन, बिल-क्वोटेशन, मशीनरी की डिलीवरी और कथित बिचौलियों की भूमिका की जांच कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है। अब देखना होगा पुलिस क्या कार्रवाई करती है नानपारा पुलिस की कार्रवाई पर सभी की निगाहें टीकी हुई है।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा, पति-पत्नी गिरफ्तार

**बांदा।** चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दंपती और बाल अपचारी मिलकर पहले घरों की रेकी करते थे और सूने मकानों को निशाना बनाकर

● **घटना में बाल अपचारी भी शामिल**





चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। कार्रवाई में बड़ी मात्रा में आभूषण और नकदी बरामद हुई है।जनपद के थाना तिंदवारी क्षेत्र में चार अलग-अलग घरों में हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में पुलिस को सूचनाएं मिली थीं। इनमें गुजरतिया, शिवप्रसाद, जगप्रसाद और दुर्गेश ने अपने-अपने घरों में चोरी होने की जानकारी पुलिस को दी थी। शिकायतों पर मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कीं। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज और क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ सिंह के पर्यवेक्षण में थाना तिंदवारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हमीद पुत्र वहीद और उसकी पत्नी नर्गिस को ग्राम पपरेंदा रोड पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी चोरी के माल के साथ संरक्षण में लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ह एक ही परिवार के सदस्य हैं और घूम-घूमकर घरों की रेकी करते थे। जिन घरों में कोई मौजूद नहीं होता था, वहां दरवाजा या खिड़की तोड़कर बाल अपचारी को घर के अंदर भेजा जाता था, जबकि पति-पत्नी बाहर रहकर निगरानी करते थे। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की निशानदेही और कब्जे से करीब 20 लाख रुपये कीमत के आभूषण तथा 54,100 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हमीद पुत्र वहीद निवासी मोहल्ला भगवती नगर, कस्बा व थाना तिंदवारी तथा नर्गिस पत्नी हमीद निवासी मोहल्ला भगवती नगर, कस्बा व थाना तिंदवारी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे भी जांच की जा रही है। आरोपियों द्वारा अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की घटनाओं को अंजाम दिए जाने की संभावना को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष तिंदवारी संदीप पटेल, उपनिरीक्षक गजेंद्र सिंह, सुभाषचंद्र वर्मा आदि रहे। जनपद के थाना कमासिन क्षेत्र में देवकीनंदन और आदित्य ने 11 सितंबर को अपने-अपने घरों में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर मुखबिर की सूचना पर पं. केदारनाथ डिग्री कॉलेज, पछौहां रोड के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया। इसके बाद उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान और नकदी बरामद की। सीओ बबेरू कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे निशानदेही से 105 किलोग्राम गेहूं, 30 किलोग्राम चना, एक माइक्रोटेक इनवर्टर, एक एल्युमिनस बैटरी, एक लोहे की कड़ाही और 2500 रुपये नकद बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भैरव पुत्र माताबदल और राजाभैया पुत्र माताबदल, निवासी ग्राम पछौहा, थाना कमासिन के रूप में हुई है।

## बैंड की धुनों से गूंजा परिसर, महाराज सिंह व तारा गर्ल्स इंटर कॉलेज ने जीता खिताब



**बहराइच।** जिला शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने बैंड की मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।बालक वर्ग में महाराज सिंह इंटर कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी। बालिका वर्ग में तारा गर्ल्स इंटर कॉलेज की टीम प्रथम रही। जीजीआईसी बहराइच ने द्वितीय तथा आर्य कन्या इंटर कॉलेज, बहराइच ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम करण टेकरीवाल ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बैंड प्रतियोगिता केवल संगीत और प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में अनुशासन, एकजुटता, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रस्तुतियों में जिस तरह का उत्साह और समर्पण दिखाई दिया, वह सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलता है।प्रतियोगिता में मौजूद शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य लोगों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की और प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का तालियों से उत्साह बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## एसपी ने सरयू घाट का किया निरीक्षण



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षकश्री विश्वजीत श्रीवास्तव* द्वारा सरयू घाट ( भग्गड़वा बाजार ) का निरीक्षण करने के उपरान्त बाबा बागेश्वर नाथ शिवालय पयागपुर तक मार्ग का भ्रमण एवं निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं सम्बन्धित थाना प्रभारी उपस्थित रहे।पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घाट एवं आसपास के क्षेत्र तथा सरयू घाट से बाबा बागेश्वर नाथ शिवालय पयागपुर तक मार्ग का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं/कांवड़ियों की संभावित भीड़ के दृष्टिगत की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी।

इस दौरान घाट पर बैरिकेडिंग, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था एवं डायवर्जन प्लान, पार्किंग व्यवस्था तथा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।इसके साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखने, आवश्यकतानुसार ड्रोन कैमरे से निगरानी करने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिये गये।

# ब्रिक्स ने आईएमएफ, विश्व बैंक में सुधार पर जोर दिया

## एकतरफा शुल्क और गैर-शुल्क उपायों में वृद्धि पर जतायी गंभीर चिंता

एजेंसी




नयी दिल्ली। ब्रिक्स नेताओं ने उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक में अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिए वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में व्यापक सुधार का आह्वान किया है। समूह ने एकतरफा शुल्क, व्यापार प्रतिबंधों और आर्थिक प्रतिबंधों की भी कड़ी

**एकतरफा शुल्क और प्रतिबंधों का विरोध**

आलोचना की। नयी दिल्ली घोषणापत्र में ब्रिक्स ने कहा कि वह बढ़ते संरक्षणवाद और एकतरफा व्यापार उपाय वैश्विक व्यापार तथा आपूर्ति शृंखलाओं के लिए खतरा हैं। समूह ने कहा, हम एकतरफा शुल्क और गैर-शुल्क उपायों में वृद्धि को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं, जो व्यापार को विकृत करते हैं और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। ब्रिक्स समूह ने चेतावनी दी कि व्यापार प्रतिबंधात्मक उपायों से वैश्विक व्यापार में और कमी आ सकती है, आपूर्ति शृंखलाएं बाधित हो सकती हैं तथा अंतरराष्ट्रीय आर्थिक एवं व्यापार गतिविधियों में अनिश्चितता बढ़ सकती है। समूह ने डब्ल्यूटीओ पर केंद्रित नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था के प्रति समर्थन दोहराते हुए उसके विवाद निपटान तंत्र को तत्काल बहाल करने की मांग की। घोषणा में कहा गया, हम सभी डब्ल्यूटीओ सदस्यों के लिए भरोसे और पूर्वानुमेयता के आधार के रूप में सुलभ, प्रभावी और पूरी तरह काम करने वाले दो-स्तरीय बाध्यकारी विवाद निपटान तंत्र की तत्काल बहाली की पुरजोर वकालत करते हैं। ब्रिक्स ने डब्ल्यूटीओ की अपीलीय संस्था के नए सदस्यों की नियुक्ति भी बिना और देरी के करने का आह्वान किया। समूह ने डब्ल्यूटीओ में शामिल होने के लिए इथियोपिया और ईरान की कोशिशों का समर्थन किया तथा चीन द्वारा 53 अफ्रीकी देशों के लिए शून्य-शुल्क व्यवस्था के विस्तार का उल्लेख किया।

समूह ने एकतरफा आर्थिक और द्वितीयक प्रतिबंधों की भी आलोचना की। घोषणा में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत एकतरफा जबरन उपायों को लागू किए जाने की निंदा की जाती है। समूह के अनुसार, ऐसे उपाय लक्षित देशों की आम आबादी के मानवाधिकारों, विकास, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा पर दूरगामी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

# आरबीआई ने एनबीएफसी लाइसेंस वापस करने की टाटा संस की अर्जी खारिज की : सूत्र




मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने टाटा संस के गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) लाइसेंस को वापस करने के आवेदन को खारिज कर दिया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इस फैसले के बाद टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी को सार्वजनिक बाजारों में सूचीबद्ध होना पड़ेगा।

कंपनी सचिव और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) को शनिवार को मिले एक पत्र में आरबीआई ने स्पष्ट किया कि समूह आवश्यक मानदंडों को पूरा नहीं करता है, जिसके कारण पंजीकरण रद्द करने के लिए मार्च 2024 में दिए गए आवेदन को खारिज कर दिया गया। आरबीआई के इस कदम से टाटा संस की शेयर बाजार में सूचीबद्धता तय मानी जा रही है, क्योंकि अब यह ऐसी अपर-लेयर एनबीएफसी के रूप में मान्य हो गई है, जिसके लिए अपने कारोबार को अनिवार्य रूप से सूचीबद्ध कराना जरूरी है। इस घटनाक्रम पर टिप्पणी के लिए संपर्क किए जाने पर रिजर्व बैंक की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

टाटा संस की ओर से भी इस मामले पर फिलहाल कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## संक्षेप

### स्विट्जरलैंड के निजी बैंक का नाम बदलकर हुआ : आर्या

लंदन। दिवंगत भारतीय उद्यमी श्रीचंद परमानंद हिंदुजा द्वारा स्थापित स्विट्जरलैंड के निजी बैंक का नाम बदलकर आर्या बैंक प्रिवी कर दिया गया है। बैंक ने यह कदम अपने संस्थापक की स्विट्जरलैंड और भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने की विरासत के सम्मान में उठाया है। जेनेवा मुख्यालय वाला यह बैंक अब एक नयी कार्यकारी टीम और नए दृष्टिकोण के साथ कारोबार के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। संस्थापक की बेटी शानू एस. पी. हिंदुजा बैंक की चेयरपर्सन हैं और परिवार की विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। शानू हिंदुजा ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'स्विट्जरलैंड, यूरोप और भारत के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करना दशकों से हमारे परिवार के दृष्टिकोण का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा, यह प्रतिबद्धता श्रीचंद पी. हिंदुजा के दोनों देशों के बीच सेतु बनाने के विश्वास से जुड़ी है।

### ब्रिक्स नेताओं ने सीमा पार भुगतानों को तेज व सुरक्षित बनाने का किया आह्वान

नयी दिल्ली। ब्रिक्स देशों के नेताओं ने शनिवार को सदस्य देशों के बीच सीमा पार भुगतानों को अधिक तेज, सस्ता, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए व्यावहारिक उपायों का आह्वान किया। गौरतलब है कि यह समूह वित्तीय सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नई दिल्ली घोषणापत्र में इस समूह ने सदस्यों के बीच व्यापार को समर्थन देने के लिए अधिक आत्मनिर्भर ब्रिक्स बीमा परिवेश तैयार करने, ब्रिक्स की सामूहिक क्षमता का उपयोग करने और पुनर्बीमा क्षमताओं को बढ़ाने पर आगे चर्चा की आवश्यकता को स्वीकार किया। इस संबंध में घोषणापत्र में कहा गया कि सदस्यों ने गुजरात के गिफ्ट सिटी इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर में ब्रिक्स रिस्क लैब की स्थापना के भारत के प्रस्ताव पर चर्चा को आगे बढ़ाने में रुचि व्यक्त की है। घोषणापत्र में कहा गया, हम संबंधित हितधारकों की स्वैच्छिक भागीदारी के साथ ब्रिक्स सदस्यों की बीमा क्षमता बढ़ाने के लिए आगे होने वाली चर्चाओं की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### जीवाश्म ईंधन बने रहेंगे महत्वपूर्ण : ब्रिक्स

नयी दिल्ली। ब्रिक्स देशों ने शनिवार को विविध आपूर्ति स्रोतों, मजबूत बुनियादी ढांचे और स्थिर ऊर्जा बाजारों के माध्यम से मजबूत ऊर्जा सुरक्षा का आह्वान किया। समूह ने साथ ही स्वीकार किया कि जीवाश्म ईंधन विशेष रूप से उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए वैश्विक ऊर्जा मिश्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। नयी दिल्ली घोषणापत्र में कहा गया, हम स्वीकार करते हैं कि जीवाश्म ईंधन दुनिया के ऊर्जा मिश्रण में, विशेष रूप से उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए, अभी भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही, ब्रिक्स ने तकनीकी तटस्थता और समान लेकिन विभेदित उत्तरदायित्व के सिद्धांत पर बल देते हुए न्यायसंगत, व्यवस्थित, निष्पक्ष और समावेशी ऊर्जा बदलाव तथा ग्रीनहाउस-गैस उत्सर्जन को कम करने का आह्वान किया।

# एआई के कारण पुराने डेटा की उपयोगिता बढ़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल ने संगठनों को ऐसे पुराने डेटा को भी फिर से उपयोग में लाने के लिए प्रेरित किया है, जिसे पहले निष्क्रिय या कम उपयोगी माना जाता था।

आईडीसी की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल पुराने एक्स-रे और इमेजिंग रिकॉर्ड, दूरसंचार कंपनियां पुराने कॉल और उपयोग संबंधी रिकॉर्ड तथा सरकारी एजेंसियां दशकों पुराने दस्तावेजों को एआई से जुड़े कार्यों के लिए फिर से इस्तेमाल में ला रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि यह बदलाव केवल नियामकीय अनुपालन या रिकॉर्ड रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि एआई के लिए डेटा की बढ़ती उपयोगिता के कारण हो रहा है। अध्ययन में अमेरिका, सऊदी अरब, जर्मनी, भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया में सूचना प्रौद्योगिकी तथा कारोबार से जुड़े 763 निर्णय लेने

**अस्पताल पुराने एक्स-रे और कॉल रिकॉर्ड फिर खंगाल रहे**

वालों से एआई को अपनाए जाने के कारण उद्यमों की डेटा रणनीति में आ रहे बदलावों के बारे में सवाल किए गए।

रिपोर्ट के अनुसार, सर्वेक्षण में शामिल 75.9 प्रतिशत संगठनों ने कहा कि वे एआई से जुड़े कार्यों के लिए संग्रहित कोल्ड-टियर डेटा की अधिक मात्रा को फिर से ऑनलाइन उपलब्ध करा रहे हैं। करीब एक-चौथाई प्रतिभागियों ने इस वृद्धि को महत्वपूर्ण बताया।

कोल्ड-टियर डेटा से आशय ऐसे डेटा से है जिसे संगठन संग्रहित करके रखते हैं, लेकिन जिसका इस्तेमाल बहुत कम होता है या लंबे समय तक उस तक पहुंच नहीं होती। वितरण और सिस्टम इंटीग्रेशन क्षेत्र के एक सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी निर्णयकर्ता ने कहा कि ग्राहक अब भविष्य में एआई से मूल्य हासिल करने की उम्मीद में पहले छोड़े जा चुके डेटा को भी संग्रहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पुराने एक्स-रे, संग्रहित रिकॉर्ड और पुराने निगरानी फुटेज किसी भी डेटा को कभी फेंकना नहीं चाहिए।

# ब्रिक्स देशों ने की वैश्विक वित्तीय संस्थानों में उभरती अर्थव्यवस्थाओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने की मांग

एजेंसी



नयी दिल्ली। ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने वैश्विक वित्तीय संस्थानों में उभरती अर्थव्यवस्थाओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने की मांग तेज कर दी है। विस्तारित ब्रिक्स समूह व्यापार के विखंडन और भू-राजनीतिक तनाव के बीच अधिक आर्थिक मजबूती हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है।

अगस्त में जयपुर और 10 सितंबर को मुंबई में हुई बैठकों के बाद जारी संयुक्त बयान में वित्त मंत्रियों तथा केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि ब्रिक्स की विस्तारित सदस्यता से समूह की विविधता एवं प्रतिनिधित्व मजबूत हुआ है। उन्होंने करीबी आर्थिक और वित्तीय सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत की 2026 की अध्यक्षता में ब्रिक्स अपने बढ़ते आर्थिक प्रभाव को भुगतान, विकास वित्त, बुनियादी ढांचे, कराधान, सीमा शुल्क और वित्तीय स्थिरता जैसे क्षेत्रों में अधिक व्यावहारिक सहयोग में बदलने की कोशिश कर रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ब्रिक्स में अब 11 सदस्य ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया और सऊदी अरब हैं। इन देशों की हिस्सेदारी दुनिया की आबादी में करीब 49.5 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार में 26 प्रतिशत है। वित्त प्रमुखों ने चेतावनी दी कि भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार के विखंडन, संरक्षणवाद, नीतिगत अनिश्चितता, राजकोषीय एवं मुद्रास्फीति संबंधी दबाव, बढ़ते कर्ज और वित्तीय कमजोरियों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने जोखिम बढ़ गए हैं।

उन्होंने एकतरफा शुल्क एवं गैर-शुल्क उपायों को लेकर गंभीर चिंता जताई और कहा कि ऐसे कदम व्यापार को विकृत करते हैं तथा विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। बयान में लंबे समय से जारी ब्रिक्स की इस मांग को प्रमुखता दी गई कि वैश्विक आर्थिक शासन व्यवस्था में ऐसा बदलाव किया जाए।

# भारत के लिए सर्वाधिक वांछित आतंकवादी हाफिज सईद पाकिस्तान में है : एनआईए

जम्मू। राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों को हथियार, धन और निर्देश देने से जुड़े मामले में भारत के लिए सबसे वांछित आतंकवादियों में शामिल लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट हासिल किया है। पाकिस्तान में रह रहे सईद के खिलाफ दो महीने में यह दूसरा गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) है। जम्मू की विशेष अदालत ने आठ सितंबर को एनआईए की ओर से सईद के खिलाफ दायर आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह एनबीडब्ल्यू जारी किया। सईद को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 75 के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। एनआईए ने अपने आवेदन में पाकिस्तान के पंजाब में सरगोधा के निवासी सईद को एक मामले में फरार आरोपी बताया है। यह मामला इस साल की शुरुआत में श्रीनगर के बाहरी इलाके पांदाच में जांच के दौरान मोहम्मद नकीब भट की गिरफ्तारी से जुड़ा है। बाटपोरा निवासी भट के पास से चीन में बना एक ग्रेनेड और 15 कारतूस बरामद किए गए थे। भट के खिलाफ जकोरा थाने में गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए), शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# भारत-चीन व्यापार बढ़ा, व्यापार घाटा 99.19 अरब डॉलर

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत यहां भारत मंडपम में 12 और 13 सितंबर को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग सात साल के अंतराल के बाद अपनी पहली भारत यात्रा पर इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नयी दिल्ली पहुंचे हैं। चिनफिंग के शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है। चीन 2025-26 में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था।

द्विपक्षीय व्यापार के लिहाज से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2025-26 में 7.9 प्रतिशत बढ़कर 127.7 अरब डॉलर हो गया, जो 2024-25 में 118.39 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 99.19 अरब डॉलर हो गया, जो 2024-25 में 85 अरब डॉलर, 2023-24 में 83.2 अरब डॉलर, 2022-23 में 73.3 अरब डॉलर, 2021-22 में 44 अरब डॉलर, 2020-21 में 48.64 अरब डॉलर और 2019-20 में 53.56 अरब डॉलर था। चीन को भारत का निर्यात 2025-26 में 36.62 प्रतिशत बढ़कर 19.47 अरब डॉलर हो गया, जो 2024-25 में 14.25 अरब डॉलर था। दूसरी ओर, आयात पिछले वित्त वर्ष में 16 प्रतिशत बढ़कर 131.62 अरब डॉलर हो गया, जो 2024-25 में 113.44 अरब डॉलर था।

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के कुल वस्तु आयात में चीन की हिस्सेदारी करीब 17 प्रतिशत थी, जो 2024-25 में 15.7 प्रतिशत थी। वहीं, निर्यात में चीन की हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 4.4 प्रतिशत रही थी जो 2024-25 में 3.2 प्रतिशत थी। चीन पर निर्भरता की बात करें तो वर्ष 2025 में चीन से भारत के आयात में 98.5 प्रतिशत हिस्सा औद्योगिक उत्पादों का था, जबकि कृषि, ईंधन तथा रत्न एवं आभूषण का संयुक्त हिस्सा 1.5 प्रतिशत से कम था। चीन से भारत के करीब 66 प्रतिशत आयात, जिनका मूल्य 82.6 अरब डॉलर है, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, कंप्यूटर और कार्बनिक रसायनों तक सीमित हैं। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स आयात में चीन की हिस्सेदारी 43 प्रतिशत, मशीनरी और कंप्यूटर आयात में 40 प्रतिशत तथा कार्बनिक रसायनों में 44 प्रतिशत है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा है कि ये ऐसे सामान नहीं हैं जिन्हें अपनी इच्छा के अनुसार खरीदा या टाला जा सकता है, बल्कि ये विनिर्माण क्षेत्र के लिए जरूरी कच्चे माल हैं, जो सीधे भारत के विनिर्माण परिवेश में इस्तेमाल होते हैं। भारतीय उद्योग चीनी कच्चे माल पर काफी निर्भर है। इनमें इलेक्ट्रॉनिक के कलपुर्जे, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी, सौर मॉड्यूल, एपीआई और विशेष रसायन शामिल हैं, जिन्हें बड़े पैमाने पर बदलना मुश्किल है।

### सुरक्षा खतरों के बीच प्रधानमंत्री पैकेज के तहत कार्यरत कश्मीरी पंडितों ने गृह मंत्री को पत्र लिखा

श्रीनगर। प्रधानमंत्री पुनर्वास पैकेज के तहत कश्मीर घाटी में कार्यरत कश्मीरी पंडित कर्मचारियों ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से सुरक्षा चिंताओं और असुरक्षा की बढ़ती भावनों को देखते हुए तत्काल जरूरी कदम उठाने की अपील की, ताकि उन्हें विस्थापन के एक और चक्र का सामना न करना पड़े। ऑल पीएम पैकेज एम्प्लॉइज फोरम के अध्यक्ष सनी रैना ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में कश्मीर घाटी में रह रहे और कार्यरत कश्मीरी हिंदू कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के बीच गंभीर सुरक्षा चिंताओं और डर एवं अनिश्चितता की बढ़ती भावनों की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया है। यह पत्र ऐसे समय में आया है।

## पेज एक का शेष

### ब्रिक्स सम्मेलन

की अपील करते हैं। हम आतंकवाद से निपटने में देशों की मुख्य जिम्मेदारी पर जोर देते हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ब्रिक्स दिल्ली घोषणा पत्र को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत करार दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कोई अस्पष्टता नहीं है। कोई दोहरा मापदंड नहीं है। पहलगाम के मुद्दे पर ब्रिक्स एकमत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को वैश्विक कूटनीतिक आम सहमति में बदल दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत। ब्रिक्स आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है।

ब्रिक्स नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र के ढांचे के तहत अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक संधि को यथाशीघ्र अंतिम रूप देने और उसे अपनाने पर जोर दिया और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित सभी आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्वाई करने का आह्वान किया। इस घोषणापत्र में ब्रिक्स आतंकवाद-रोधी समूह (सीटीडब्ल्यूजी) और उसके पांच उप-समूहों की गतिविधियों का स्वागत किया गया जिनके आधार पर ब्रिक्स आतंकवाद-रोधी रणनीति, ब्रिक्स आतंकवाद-रोधी कार्य योजना और सीटीडब्ल्यूजी का दृष्टिकोण पत्र तैयार किया गया। इसमें कहा गया हम आतंकवाद-रोधी सहयोग को और मजबूत करने की उम्मीद करते हैं।

### मोदी, पुतिन

लिया। इस तस्वीर की पृष्ठभूमि में किंगडम बीजीएम नाम का गाना बज रहा था। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के कड़े प्रोटोकॉल के बीच, गर्मजोशी भरा वह पल खास तौर पर उभरकर सामने आया। मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ और तस्वीरें भी पोस्ट कीं, जिनमें से एक तस्वीर में प्रधानमंत्री, पुतिन, शी, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को कार्यक्रम स्थल के अंदर एक साथ चलते हुए दिखाया गया है। एक और तस्वीर में मोदी को पुतिन, शी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो के साथ बातचीत करते हुए देखा गया, जबकि एक अन्य तस्वीर में प्रधानमंत्री और रूसी नेता को सुरक्षाकर्मियों तथा अनुवादकों के साथ मुस्कुराते हुए एक साथ जाते देखा गया। भारत 12-13 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है और इसमें 11 सदस्य देशों और 10 सहयोगी देशों के नेताओं के साथ-साथ कुछ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं।

### एआई संसाधनों

उन्नत विनिर्माण से जुड़ा एक व्यापक प्रौद्योगिकी एजेंडा पेश किया गया। घोषणापत्र में सभी के लिए आर्थिक वृद्धि और टिकाऊ विकास को गति देने में एआई द्वारा पेश किए जाने वाले अपार अवसरों को रेखांकित किया गया। समूह ने डिजिटल क्षेत्र से जुड़े खतरों - जैसे आईसीटी के उपयोग में सुरक्षा संबंधी खतरे, वायरस वाले सॉफ्टवेयर, डेटा सुरक्षा और साइबर अपराध, भ्रामक सूचनाएं, नफरती भाषण, दुष्प्रचार और डीपफेक जैसी प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग से निपटने के लिए ठोस और समावेशी प्रयासों पर जोर दिया। घोषणापत्र में सुरक्षा और विश्वसनीयता के उपायों के साथ ही एआई संसाधनों तक व्यापक पहुंच का आह्वान किया गया और कृत्रिम मेधा के वैश्विक शासन पर ब्रिक्स नेताओं के बयान को लागू करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

### डॉलर से

और उन सदस्यों के बीच स्वैच्छिक सहयोग की बात कही गई है, जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का सम्मान करते हैं। बयान में कहा गया कि ब्रिक्स भुगतान कार्यबल (बीपीटीएफ) ने कुशल सीमा-पार भुगतान व्यवस्था के लिए व्यावहारिक समाधान तलाशने की दिशा में प्रयास किए हैं। इसमें कहा गया, हम बीपीटीएफ को जारी काम के आधार पर चर्चा आगे बढ़ाने और ब्रिक्स देशों के बीच सीमा-पार भुगतान के लिए ऐसे व्यावहारिक समाधान तलाशने को प्रोत्साहित करते हैं, जो तेज, कम लागत वाले, अधिक सुलभ, दक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित हों। ब्रिक्स बिजनेस फोरम में शुक्रवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने सदस्य देशों के बीच राष्ट्रीय मुद्राओं के इस्तेमाल को बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि सीमित संख्या में मुद्राओं पर निर्भर मौजूदा वित्तीय प्रणाली राजनीतिक झटकों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने एनडीबी के जरिये डॉलर पर निर्भरता कम करने वाले लेनदेन को बढ़ावा देने की भी वकालत की। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रतिबंधों और अन्य उपायों के जरिये अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सीमित करने के प्रयासों का जिक्र करते हुए ब्रिक्स के लिए वैश्विक वृद्धि का नया, टिकाऊ मंच बनाने की जरूरत बताई।

### कॉर्बन उत्सर्जन

विमानन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए टिकाऊ विमान ईंधन और कम-कार्बन उत्सर्जन वाले ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के महत्व को भी स्वीकार किया। घोषणापत्र में कहा गया, 'हम टिकाऊ और मजबूत परिवहन बुनियादी ढांचे के विकास के लिए परिवहन नीति, निवेश, प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की ब्रिक्स देशों की प्रतिबद्धता दोहराते हैं। हम आर्थिक वृद्धि, संपर्क और पर्यावरणीय स्थिरता में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हैं। ब्रिक्स देशों ने टिकाऊ विमान ईंधन पर ब्रिक्स मंच और नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता का उपयोग करते हुए परिवहन के कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए ज्ञान के आदान-प्रदान संबंधी ब्रिक्स सहयोग ढांचे का स्वागत किया। घोषणापत्र में कहा गया, हम ब्रिक्स लॉजिस्टिक आपूर्ति-श्रृंखला सहयोग ढांचे की स्थापना का स्वागत करते हैं और ब्रिक्स रेलवे अनुसंधान नेटवर्क के प्रस्ताव पर चर्चा को प्रोत्साहित करते हैं।

### आजमगढ़ में

मीडिया प्लेटफॉर्म पर बनाए गए कई एन्क्रिप्टेड ग्रुप के जरिए भारत के साथ-साथ दूसरे देशों के लोगों को भी जोड़ रहा था। इन ऑनलाइन ग्रुप के माध्यम से आतंकी विचारधारा से संबंधित सामग्री साझा किए जाने की बात की भी जांच में पुष्टि हुई है। नबील के मोबाइल की जांच में ह्यला गालिब-इलल्लाहह्ल नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप मिला। जांच में यह भी सामने आया कि नबील जेहाद, चाकू, केमिकल और प्लान जैसे शब्दों के लिए ट्रिप, पेन, जूस और प्रोजेक्ट जैसे कोडवर्ड का इस्तेमाल कर साजिश रच रहा था। एटीएस इन कोडवर्ड और ग्रुप में हुई बातचीत के आधार पर नेटवर्क की गतिविधियों की पड़ताल कर रही है। एटीएस की जांच में कई किताबों का भी जिक्र सामने आया है। इनमें जेहाद करने के 44 तरीके नाम की किताब शामिल है, जिसे अलकायदा के आतंकी अनवर उल अवलाकी ने लिखा है। इसके अलावा एक्यूआईएस के पूर्व प्रमुख और आतंकी मौलाना आसिम उमर की लिखी तीसरी जंग-ए-अजीम और दज्जाल किताब का भी जिक्र सामने आया है। एटीएस के मुताबिक, नबील ने ग्रुप में इन किताबों को प्रसारित किया और सदस्यों से इन्हें पढ़ने की अपील भी की।

### गुलामी की

होने के अवसर पर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए पार्टी और सरकार मिलकर सेवा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल का अवलोकन करने पर समग्र विकास का ऐसा विजन सामने आता है, जिसमें किसी योजना का निर्माण ही लक्ष्य नहीं रहा, बल्कि उसके सफल क्रियान्वयन और अंतिम लाभार्थी तक लास्ट माइल डिलीवरी पर भी विशेष जोर दिया गया। इसे भारत ही नहीं, पूरी दुनिया ने देखा है। उन्होंने कहा कि 2001 से पहले गुजरात भी अन्य राज्यों की तरह सामान्य राज्य था। भीषण सूखे, पेयजल संकट, सिंचाई की कमी, कनेक्टिविटी समेत अनेक चुनौतियां थीं। मोदी जी ने मुख्यमंत्री के रूप में लंबित सरदार सरोवर परियोजना को पूरा कराया और अंतिम गांव तक पेयजल पहुंचाया। 13 वर्ष के मुख्यमंत्री कार्यकाल में गुजरात को वेलफेयर स्टेट के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर और मॉडर्न टेक्नोलॉजी के मॉडल के रूप में विकसित किया और उसे देश-दुनिया के आकर्षण का केंद्र बनाया। सीएम ने कहा कि 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मोदी की यात्रा नए भारत का दर्शन कराती है। उन्होंने देश को एक नया विजन दिया, जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की परिकल्पना शामिल है। इसके लिए व्यापक कार्ययोजना के साथ देश को वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और ऐसी वेलफेयर योजनाएं दी गईं,

### मुख्यमंत्री योगी ने

कि युवा किताब नहीं पढ़ता, जरूरत किताबों को उन तक पहुंचाने की थी। ज्ञान को संकुचित दायरे में सीमित करने के दुष्परिणाम समाज और राष्ट्र, दोनों को भुगतने पड़ते हैं। 10 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर दिया गया था। यूपी के नौजवान के सामने पहचान का संकट था और नागरिक अपनी पहचान बताने से बचते थे। सकारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश की तस्वीर बदली है। डिजिटल युग ने शहर और गांव की दूरी को कम किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित 5वें गोमती पुस्तक महोत्सव-2026 का शुभारंभ करने के उपरांत युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीएम ने वहां मौजूद बच्चों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स वितरित की। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को यह पुस्तक पढ़नी और आत्मसात करनी चाहिए। यह केवल स्कूली छात्रों के लिए नहीं, बल्कि हर युवा और नागरिकों के लिए भी उपयोगी है। जीवन में हर व्यक्ति को किसी न किसी परीक्षा से गुजरना पड़ता है। कभी डिग्री के लिए, कभी सर्टिफिकेट कोर्स के लिए और कभी जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में। जब मुश्किल समय में व्यक्ति की हिम्मत जवाब देने लगती है, तब एग्जाम वॉरियर्स उसका संबल और मार्गदर्शक बन सकती है। सीएम के हाथों पुस्तक पाने वाले बच्चों के चेहरे खिल उठे। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कहना कि युवा पुस्तकों से दूर हो गया या सोशल मीडिया पर अपना समय खराब कर रहा, पूरी तरह सही नहीं। ऐसा कहना युवा के साथ अन्याय होगा। जरूरत पुस्तकों को उसके पास पहुंचाने की व्यवस्था करने की है। जब पहली बार युवराज मलिक ने लखनऊ में पुस्तक महोत्सव आयोजित करने का प्रस्ताव रखा था, तब मैंने तत्कालीन अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी से चर्चा की। इसे प्रोत्साहित करने की बात कही। इसके बाद लखनऊ में पुस्तक महोत्सव शुरू हुआ। इसका जब अच्छा परिणाम मिला तो मैंने गोरखपुर में भी पुस्तक महोत्सव आयोजित करने का सुझाव दिया। वहां लखनऊ से भी ज्यादा लोग पहुंचे और अधिक पुस्तकों की बिक्री हुई। इससे यह धारणा पूरी तरह गलत साबित हुई कि आज का युवा पुस्तक नहीं पढ़ता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी व्यक्ति की तरह ही समाज और राष्ट्र भी तब बीमार होता है, जब उसकी क्षमता समाप्त होने लगती है और वह अपनी विरासत से दूरी बनाने लगता है। पहले भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को संकुचित दायरे में बांधने का प्रयास किया गया, जिसके परिणाम सहने पड़े। उत्तर प्रदेश की धरती भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्वपूर्ण केंद्र रही है। लखनऊ से करीब 70 किलोमीटर दूर नैमिषारण्य में ऋषियों ने चिंतन और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाया। काशी ज्ञान और संवाद की भूमि रही है। इसी प्रदेश के मुजफ्फरनगर स्थित शुक्रतीर्थ में करीब 5 हजार वर्ष पहले श्रीमद्भागवत महापुराण की पहली कथा के वाचन की परंपरा जुड़ी है। सीएम योगी ने कहा कि पुस्तक महोत्सव युवाओं, छात्रों, लेखकों और प्रकाशकों को मंच उपलब्ध कराता है। यहां युवा विभिन्न ज्ञानवर्धक, मनोरंजक और रोचक पुस्तकों को देख सकते हैं, उनके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




# भारत व श्रीलंका एशिया कप के फाइनल में

## सात बार की चैम्पियन भारतीय टीम की नजरें श्रीलंका को हराकर आठवीं बार खिताब पर

एजेंसी



दुबई। सात बार की चैम्पियन भारतीय टीम की नजरें श्रीलंका के खिलाफ रविवार को महिला टी20 एशिया कप फाइनल में श्रीलंका को हराकर आठवीं बार खिताब जीतने पर लगी होंगी ओर इसके लिये शेफाली वर्मा के साथ दीप्ति शर्मा पर काफी दारोमदार रहेगा। दो अर्धशतक समेत 168 रन बना चुकी शेफाली भारत की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज साबित हुई हैं और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन उन्होंने बनाये हैं। धीमी और स्पिनरों की मददगार दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर भी उन्होंने सहज बल्लेबाजी की है। स्मृति मंधाना ( 154 ) ने एक शानदार शतक लगाया लेकिन दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सकी। शेफाली के प्रदर्शन में निरंतरता रही है। शेफाली को अपने चिर परिचित स्ट्रोक्स खेलने में भी परेशानी नहीं आई जबकि दूसरे बल्लेबाज जूझते नजर आये हैं। श्रीलंका की कप्तान चामारी अटापट्टू के साथ सर्वाधिक 11 विकेट ले चुकी दीप्ति ने गेंदबाजी के अलावा बल्ले के जौहर भी दिखाये हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में छह गेंद में 13 रन बनाकर उन्होंने भारत को 150 रन के पास पहुंचाया। दीप्ति के साथ श्री चरणी और प्रेमा रावत ने भी उम्दा स्पिन गेंदबाजी की है और इन तीनों ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाये रखा है। दोनों टीमें फाइनल तक के सफर में अपराजेय रही हैं और पिछली बार 2024 में भारत को श्रीलंका ने ही फाइनल में आठ विकेट से हराया था। अटापट्टू की टीम ने भी पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है और पाकिस्तान के खिलाफ जुझारूपन दिखाते हुए सेमीफाइनल में जीत दर्ज की। पहले दो ओवर में पांच रन पर दो विकेट और सातवें ओवर में 33 रन पर चार विकेट निकल जाने के बावजूद श्रीलंका ने 131 रन का लक्ष्य हासिल किया। हर्षिता समरविक्रमा ने सर्वाधिक 36 रन बनाये जबकि कविशा दिलहारी ने 33 रन का योगदान दिया। नीलाक्षिका सिल्वा और कौशिनी नुतियांगना ने फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाई।

दो साल पहले दाम्बुला में हर्षिता और अटापट्टू ने मिलकर भारत को फाइनल में जीत दर्ज करने से रोका था। दोनों ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर लक्ष्य हासिल किया था। उस टीम के अधिकांश खिलाड़ी एक बार फिर फाइनल में होंगे और हरमनप्रीत कौर की टीम उन गलतियों को दोहराने से बचना चाहेगी। भारतीय बल्लेबाजी को मध्यक्रम की नाकामी और लचर क्षेत्ररक्षण की कमजोरियों से उबरना होगा।

शेफाली के फॉर्म और मंधाना के शतक को छोड़ दिया जाये तो भारत के सभी बल्लेबाज अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदलने में नाकाम रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत ने चार कैच छोड़े और दो प्रतिका रावल के हाथ से छूटे। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ भी प्रतिका ने दो कैच टपकाये थे। थाईलैंड के खिलाफ पहले मैच में भी भारत ने दो कैच छोड़े थे यानी अब तक चार मैचों में नौ कैच छूट चुके हैं। मैच का समय : रात आठ बजे से।

### मोहम्मद सिराज हैदराबाद रणजी टीम के कप्तान बने

नयी दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 2026-27 रणजी ट्रॉफी सीजन में हैदराबाद के कप्तान होंगे। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने शनिवार को इसका ऐलान किया। सीजन 11 अक्टूबर से शुरू होगा। हैदराबाद का पहला मुकाबला त्रिपुरा से होगा। तेज गेंदबाज चामा मिलिंद को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। हैदराबाद को रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप इ में रखा गया है। इस ग्रुप में सौराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम और त्रिपुरा भी हैं। सिराज ने पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में भी हैदराबाद की दो मैचों में कप्तानी की थी। सिराज हाल ही में तिलक वर्मा की कप्तानी में 2026 की दलीप ट्रॉफी में साउथ जोन के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते नजर आए थे। श्रीलंका दौरे के दौरान सिराज की रफ्तार को लेकर चिंता जताई गई थी।

उनकी रफ्तार सामान्य 140 किलोमीटर प्रति घंटे के मध्य स्तर से घटकर 120 किलोमीटर प्रति घंटे के आखिरी स्तर तक पहुंच गई थी। दो मैचों की सीरीज में सिराज ने 44 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्होंने इस दौरान चार विकेट लिए थे। दलीप ट्रॉफी फाइनल के बाद चेन्नई में सिराज ने कहा, दो महीने के ब्रेक के बाद सीधे मैच में उतरने से मेरी लय पूरी तरह नहीं बन पाई थी। मैं पूरी तरह लय पर निर्भर रहने वाला गेंदबाज हूं। अगर मैं लय में नहीं हूं, तो क्रीज से पूरी ताकत के साथ गेंद नहीं फेंक पाता। उन्होंने कहा, श्रीलंका में यही परेशानी थी। मेरा रन-अप बिखरा हुआ लग रहा था।

# ब्रिक्स ने खेल प्रौद्योगिकी पर कार्य समूह के गठन के भारत के प्रस्ताव का किया समर्थन




नयी दिल्ली। खेलों को सामाजिक विकास का माध्यम मानते हुए ब्रिक्स नयी दिल्ली घोषणा में भारत की दो प्रमुख पहलों का समर्थन किया गया जिसमें खेल प्रौद्योगिकी पर कार्य समूह के गठन और सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए खेल सामग्री विनिर्माण सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव शामिल है। भारत की अध्यक्षता में पिछले महीने विशाखापत्तनम में हुई ब्रिक्स खेल मंत्रियों की बैठक में खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने तीन प्रमुख पहलों का उल्लेख किया था। इनमें खेल प्रौद्योगिकी पर कार्य समूह और खेल सामग्री निर्माताओं के सम्मेलन की पहल भी शामिल थी। मांडविया ने कहा था कि भारत इस प्रस्तावित समूह में खेल के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों के विशेषज्ञ उपलब्ध कराकर अपनी भूमिका निभाएगा।

घोषणा में कहा गया, हम खेल सामग्री के विनिर्माण, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स खेल सामग्री विनिर्माण सम्मेलन के प्रस्ताव का स्वागत करते हैं। घोषणा के मुताबिक, हम खेलों में प्रदर्शन की गुणवत्ता, खिलाड़ियों के कल्याण, प्रशासन और समावेशन को बेहतर बनाने में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका को भी स्वीकार करते हैं तथा खेल प्रौद्योगिकी पर कार्य समूह के गठन के लिए विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करते हैं। खेल मंत्रालय ने विशाखापत्तनम में हुई मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद कहा था कि कार्य समूह के गठन के बाद खेल विज्ञान, खिलाड़ियों के प्रदर्शन, खेल प्रशासन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल रूपांतरण और नवाचार के क्षेत्रों में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूती मिलेगी। राजस्थान के उदयपुर में इस वर्ष नवंबर में खेल सामग्री विनिर्माण सम्मेलन आयोजित करने की योजना है।

सम्मेलन में प्रौद्योगिकी और नवाचार के आदान-प्रदान पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अलावा, इसमें खेल सामग्री के निर्माता एवं निर्यातक, निवेशक, प्रौद्योगिकी प्रदाता, छोटे एवं मझोले उद्यम (एसएमई), स्टार्ट-अप और शोध संस्थानों को एक मंच पर लाया जाएगा। यह घोषणा भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले दिन जारी की गई। बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी शीर्षक वाली विस्तृत घोषणा में ब्रिक्स खेल कार्य समूह की प्रगति की भी सराहना की गई। घोषणा के मुताबिक, खेल सामाजिक विकास, लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने तथा स्वस्थ और सक्रिय समाज के निर्माण का प्रभावी माध्यम हैं। इसमें ब्रिक्स खेल कार्य समूह की प्रगति की सराहना करते हुए शारीरिक संस्कृति और खेल के क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) के क्रियान्वयन का भी उल्लेख किया गया।

ब्रिक्स खेलों का आयोजन पहली बार 2017 में हुआ था। कोविड-19 महामारी के कारण 2019 से 2021 के बीच इनका आयोजन नहीं हो सका। भारत ने 2021 में ब्रिक्स खेलों की मेजबानी की इच्छा जताई थी, लेकिन वह इसका आयोजन नहीं कर सका। 2022 में ब्रिक्स खेलों को फिर शुरू किया गया और इनका पिछला सत्र 2024 में रूस के कजान शहर में आयोजित हुआ था। नयी दिल्ली घोषणा में सदस्य देशों की विविधता को प्रदर्शित करने में ब्रिक्स खेलों की भूमिका को रेखांकित किया गया। घोषणा में कहा गया, हम उच्च प्रदर्शन वाले खेलों, सभी के लिए खेल और मनोरंजनात्मक खेलों में सहयोग के मंच के रूप में ब्रिक्स खेलों के आयोजन की सराहना करते हैं। साथ ही, साझा विविधता का उत्सव मनाने के लिए ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय, पारंपरिक, स्वदेशी और गैर-ओलंपिक खेलों के विकास को भी महत्वपूर्ण मानते हैं।

## संक्षेप

### एपीएल के दूसरे सत्र में दीपिका, अतनु, धीरज भी

नयी दिल्ली। चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी और विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अतनु दास आठ अक्टूबर से हैदराबाद में शुरू हो रही तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) के दूसरे सत्र में मेजबान रिकर्व टीम का हिस्सा होंगे। गत एशियाई चैम्पियन धीरज बोम्मदेवरा समेत भारत के 36 सर्वश्रेष्ठ तीरंदाज इसमें दस देशों के 12 अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ मुकाबला करेंगे। कंपाउंड वर्ग में कई बार विश्व कप जीत चुकी एशियाई खेल चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा के साथ पूर्व विश्व चैम्पियन ओजस प्रवीण देवताले उतरेंगे। विदेशी खिलाड़ियों में तोक्यो ओलंपिक 2020 चैम्पियन तुर्किये के मेटे गाजोज, पेरिस ओलंपिक 2024 कांस्य पदक विजेता अमेरिका की कासे काउफहोल्ड, ब्राजील के डी अलमेइडा और दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज ब्रिटेन की एला गिब्सन शामिल हैं।

### एशियाई कैडेट कप चेन्नई में 20 से 23 नवंबर तक

चेन्नई। उपमहाद्वीप के युवा तलवारबाजों के लिये एशियाई कैडेट कप यहां 20 से 23 नवंबर तक आयोजित किया जायेगा। टूर्नामेंट में 30 से अधिक देशों के 500 से अधिक खिलाड़ी, कोच, अधिकारी और तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे। टूर्नामेंट तीन वर्गों एपी, फॉइल और साबरे में आयोजित की जायेगी। इसका आयोजन भारतीय तलवारबाजी संघ ने एशियाई तलवारबाजी परिसंघ के साथ मिलकर युवा कार्य और खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण के साथ किया है। एफएआई महासचिव राजीव मेहता ने एक विज्ञप्ति में कहा, इससे एशिया के युवा तलवारबाजों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिलेगा और भविष्य में एशियाई खेलों, विश्व चैम्पियनशिप और ओलंपिक में सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा।

### माया और एंटोनिना की जोड़ी सेमीफाइनल में हारीं

न्यूयॉर्क। भारत की माया राजेश्वरन रेवती और उनकी यूक्रेनी जोड़ीदार एंटोनिना सुष्कोवा का शानदार सफर यहां अमेरिकी ओपन जूनियर बालिका युगल के सेमीफाइनल में मिली हार के साथ समाप्त हो गया। माया और एंटोनिना की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को अमेरिकी जुड़वां बहनों अनिका और क्रिस्टीना पेनिकोवा से 6-7(2), 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। भारत और यूक्रेन की इस जोड़ी ने हालांकि टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

# एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य : प्रणवी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स का मानना है कि भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक की मजबूत दावेदार है और इसके लिए जापान में निरंतर प्रदर्शन तथा अधिक से अधिक बर्डी के मौके बनाना अहम होगा।

भारत एशियाई खेलों में छह सदस्यीय गोल्फ दल उतारेगा। महिला टीम में अदिति अशोक, दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स शामिल हैं जबकि पुरुष वर्ग में युवराज संधू, वीर अहलावत और सप्तक तलवार देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मैसूर की 23 वर्षीय प्रणवी ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं नतीजे के बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहती। मैं अपनी प्रक्रिया पर कायम रहकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी। उन्होंने कहा कि गोल्फ आमतौर पर व्यक्तिगत खेल है इसलिए देश और टीम के लिए खेलने का अनुभव उनके लिए खास होगा। प्रणवी ने कहा, गोल्फर के तौर पर हम ज्यादा टीम स्पर्धाएं नहीं खेलते।

यह मुख्य रूप से व्यक्तिगत खेल है। इसलिए देश और टीम के लिए मैदान पर उतरना ऐसी चीज है, जिसका मैं इस साल बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। अदिति और दीक्षा के टीम में होने से यह सप्ताह और भी अच्छा रहेगा।

# भारत जूनियर विमेंस एशिया कप के फाइनल में

एजेंसी



नयी दिल्ली। चीन में खेले जा रहे एएचएफ जूनियर विमेंस एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत ने साउथ कोरिया को 5-1 से हराया। इस जीत के साथ भारतीय जूनियर विमेंस हॉकी टीम फाइनल में पहुंच गई। ड्रैग फ्लिकर सुप्रिया ने हैट्रिक लगाई। सुप्रिया ने अपने तीनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। भारत का सामना अब चीन और जापान के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

भारत और साउथ कोरिया ने मुकाबले की शुरूआत संभलकर की। भारत ने 13वें मिनट में पहला गोल किया। मधु सिदर ने शानदार फील्ड गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भारत ने कोरियाई गोल पर लगातार हमले किए। भारत को 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। सुप्रिया ने इस मौके को गोल में बदलकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। भारत ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा।

21वें मिनट में भारतीय विंगर ने कोरियाई गोल के 23 मीटर के भीतर हवा में आई गेंद को लपका। उन्होंने सर्कल के भीतर शानदार क्रॉस दिया। सुखवीर ने इसे गोल में बदलकर भारत का स्कोर 3-0 कर दिया। भारत को 33वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। सुप्रिया ने इसे गोल में बदलकर भारत को 4-0 से आगे कर दिया। साउथ कोरिया के लिए यूरी जियोंग ने 41वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल

**सुप्रिया की हैट्रिक से साउथ कोरिया को 5-1 से हराया, चीन से होगा मुकाबला**

किया। इससे स्कोर 4-1 हो गया। यह दक्षिण कोरिया का एकमात्र गोल रहा। आखिरी क्वार्टर में भारत ने बेहतरीन डिफेंस किया और कोरियाई हमलों को नाकाम कर दिया।

भारत के लिए पांचवां गोल 56वें मिनट में सुप्रिया ने किया। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत ने अपने पिछले मुकाबले में पाकिस्तान को 19-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

# एशियाई खेलों से पहले धीरज की नजरें विश्व कप में पदक पर

साल्टिलो (मेक्सिको)। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले रिकर्व तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा इस साल सत्र के अंत में होने वाले विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले देश के एकमात्र तीरंदाज हैं और उनका लक्ष्य रविवार को यहां इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पहला पदक जीतने का होगा। एक दिन की यह प्रतियोगिता सीधे नॉकआउट प्रारूप में होगी और क्वार्टर फाइनल से शुरू होगी। इसका मतलब है कि किसी तीरंदाज के लिए दो जीत पदक पक्का करने के लिए काफी होंगी। धीरज अपना अभियान तुर्की के बर्किम तुमेर के खिलाफ शुरू करेंगे। धीरज ने अंताल्या में विश्व कप का तीसरा चरण जीतकर आठ सदस्यों के बीच होने वाले फाइनल में जगह बनाई। पुरुष और महिला वर्गों में रिकर्व तथा कंपाउंड दोनों वर्गों को मिलाकर कोई अन्य भारतीय तीरंदाज इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका। ड्रॉ की बात करें तो 25 वर्षीय सेना के जवान धीरज के लिए यह अपेक्षाकृत अनुकूल है। उनका पहला मुकाबला तुमेर से होगा जिन्हें उन्होंने जुलाई में मैड्रिड में हुए अपने पिछले विश्व कप में प्री-क्वार्टर फाइनल में हराया था। हालांकि इसके बाद वह क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए थे। अगर वह शुरुआती चुनौती पार कर लेते हैं तो विजयवाड़ा के इस तीरंदाज का सेमीफाइनल में अमेरिकी दिग्गज ब्रैडी एलिसन से सामना होने की संभावना है।

# टाउनसेंड व सिनियाकोवा ने अमेरिकी ओपन खिताब जीता



एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने एक टीम के रूप में कैरियर ग्रैंडस्लैम पूरा करते हुए वाइल्ड कार्डधारी एशलिन क्रूगर और रॉबिन मोंटगोमेरी को हराकर अमेरिकी ओपन महिला युगल खिताब जीत लिया। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 5-7, 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की। तीस वर्ष की टाउनसेंड को एकल वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने हराया था। टाउनसेंड और सिनियाकोवा ने 2024 विम्बलडन, 2025 आस्ट्रेलिया ओपन और इस साल फ्रेंच ओपन जीता था। यह सिनियाकोवा का 12वां ग्रैंडस्लैम है जिन्होंने चेक गणराज्य की ही बारबोरा क्रेसिकोवा के साथ सात और कोको गाफ के साथ एक खिताब जीता है।

वहीं दूसरी ओर अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन फ्रांसिस टियाफो को हराकर अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। स्थानीय खिलाड़ियों के बीच हुए इस मुकाबले को देखने के लिए स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा था। दोनों का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक और कई मशहूर हस्तियां मौजूद थीं। दोनों पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे थे।

### अमेरिकी ओपन: खिताब के लिए सबालेंका और रिबाकिना आमने सामने

न्यूयॉर्क। पिछले दो बार की चैम्पियन एरिना सबालेंका का सामना अमेरिकी ओपन महिला एकल फाइनल में एलेना रिबाकिना से होगा जो आगामी विश्व रैंकिंग में उनसे नंबर एक का ताज छीनने जा रही है। सबालेंका और रिबाकिना तीसरी बार ग्रैंडस्लैम में और कैरियर में 18वीं बार एक दूसरे से खेलेंगी।

सबालेंका ने सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हराया जबकि रिबाकिना ने कोको गाफ को मात दी। सबालेंका पिछले तीन टूर्नामेंटों में क्वार्टर फाइनल तक नहीं पहुंच सकी थी। वह विम्बलडन में अंतिम 16 से बाहर हो गई थी। अमेरिकी ओपन में हालांकि छह मैचों में सिर्फ एक सेट गंवाकर उन्होंने शानदार वापसी की।

# भारत व अफगानिस्तान का मुकाबला आज



एजेंसी

नयी दिल्ली। अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में भारत के सामने दुविधा होगी कि वंडर ब्वॉय वैभव सूर्यवंशी को उतारा जाये या संजू सैमसन के अनुभव पर भरोसा किया जाये। सूर्यवंशी को इंग्लैंड में सैमसन

**भारत के सामने सैमसन और सूर्यवंशी में चयन की दुविधा**

की जगह अंतिम एकादश में जगह दी गई थी लेकिन श्रृंखला के आखिरी मैच में 15 वर्ष के सूर्यवंशी की जगह सैमसन को उतारा गया। टी20 प्रारूप में सैमसन और अभिषेक शर्मा की जोड़ी कामयाब रही है। उम्मीद है कि कोच गौतम गंभीर और कप्तान श्रेयस अय्यर जापान में होने वाले एशियाई खेलों की अंतिम एकादश तय करने से पहले सैमसन और सूर्यवंशी दोनों को बराबर मौके देंगे। शुक्रवार की शम को अभ्यास सत्र के दौरान सूर्यवंशी की तुलना में सैमसन अधिक संतुलित नजर आये।

सूर्यवंशी को जसप्रीत बुमराह की गेंदों पर सहज होकर खेलने में समय लगा क्योंकि पिच से भी बुमराह की गेंदों को मदद मिल रही थी। यह भी हो सकता है कि लगातार लाल गेंद के तीन मैच खेलने के बाद सूर्यवंशी को सामंजस्य बिठाने में समय लग रहा हो। वैसे अफगानिस्तान के पास बुमराह जैसा कोई गेंदबाज नहीं है। अफगानिस्तान के गेंदबाजों के सामने सूर्यवंशी को फुटवर्क का इस्तेमाल नहीं करने पर भी दिक्कत नहीं आयेगी। सैमसन की बात करें तो तीन पारियों में नाकामी के बाद उन्हें इंग्लैंड दौरे से बाहर करना ज्यादती था। लेकिन सूर्यवंशी को लेकर हाइप इतनी बढ गई थी कि टीम प्रबंधन ने जनता की मांग पर फैसला लिया भले ही बार बार वे कहते हों कि बाहरी आवाज का असर नहीं होता।

अगर ईशान किशन नहीं खेल पाते हैं तो सूर्यवंशी और सैमसन दोनों को मौका मिल सकता है। ईशान को शुक्रवार को नेट अभ्यास के दौरान कमर में चोट लगी थी।

दलीप ट्रॉफी फाइनल में 270 और 80 रन बनने वाले ईशान हालांकि खेलने को बेताब होंगे क्योंकि भारत के लिये अब वह इसी प्रारूप में नियमित खेलते हैं। एशियाई खेलों से पहले भारतीय टीम के पास तैयारी का यह सुनहरा मौका है क्योंकि अफगानिस्तान के बेहतरीन स्पिनरों राशिद खान, नूर अहमद और मुजीबुर रहमान का सामना करना होगा।



# टेस्ट : इंग्लैंड ने पाक को किया क्लीन स्वीप

एजेंसी



बर्मिंघम। इंग्लैंड ने शनिवार को एजबेस्टन में पाकिस्तान को तीसरे टेस्ट में 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 3-0 से जीत ली। इंग्लैंड को चौथी पारी में जीत के लिए 130 रन चाहिए थे। टीम ने 25वें ओवर में 2 विकेट

**एजबेस्टन टेस्ट में 8 विकेट से हराया दूसरी पारी में रुट, कॉक्स की फिफ्टी**

खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान जो रूट 62 और जॉर्डन कॉक्स 59 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में दोनों ओपनर का विकेट गंवा दिया। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने पहली ही गेंद पर बेन डकेट को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद एमिलियो गे को छइह कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दे दिया। इसके बाद रूट और कॉक्स ने पारी संभाली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 128 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। इस बीच कॉक्स ने टेस्ट में अपनी तीसरी फिफ्टी पूरी की। रुट अपनी पारी के दौरान भाग्यशाली रहे, जब 23 रन के स्कोर पर उन्हें जीवनदान मिला। 10वें ओवर में वे मोहम्मद अली की गेंद पर बोल्ड हो गए थे, लेकिन अंपायर ने बॉलर का पैर क्रीज के बाहर पाया और इसे नो-बॉल करार दिया।

इससे पहले पाकिस्तान की दूसरी पारी की शुरूआत बेहद खराब रही थी। टीम ने शून्य के स्कोर पर सईम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक का विकेट गंवा दिया। इसके बाद शान मसूद ने आजान अवैस के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 125 रनों की साझेदारी की। अवैस ने 10 चौकों की मदद से 59 रन बनाए। अवैस के आउट होने के बाद कप्तान बाबर आजम उतरे। उन्होंने 103 गेंदों में 11 चौके और एक छक्के की बदौलत 76 रन की पारी खेली। ऐसा लग रहा इंग्लैंड शुक्रवार को ही जीत की ओर बढ़ रहा था। पाकिस्ता ने 312 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे।

इसके बाद डेब्यू कर रहे रजाउल्लाह ने 63 गेंदों पर 81 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में नौ छक्के लगाए। रजाउल्लाह की पारी का अंत डैन लॉरेंस ने 96.4 ओवर में उन्हें स्टंप कराकर किया। इसके साथ ही पाकिस्तान की दूसरी पारी 449 रन पर खत्म हो गई। इससे पहले पाकिस्तान की पहली पारी सिर्फ 133 रन पर सिमट गई थी। उसके पहले पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके थे। सईम अयूब 0, आजान अवैस 9, अब्दुल्लाह शफीक 3, शान मसूद 5 और बाबर आजम 7 रन बनाकर आउट हुए थे। सऊद शकील ने 43 और मोहम्मद अब्बास ने 21 रन बनाकर टीम को 133 तक पहुंचाया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 453 रन बनाए।

# ब्रिक्स में दिखी प्रधानमंत्री मोदी की डिप्लोमेसी

## पीएम मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से कहा-दोनों देशों के संबंधों के लिए सीमा पर शांति जरूरी









एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से कहा कि भारत-चीन संबंधों के विकास के लिए सीमा पर शांति और स्थिरता बनी रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीमा प्रबंधन से जुड़े मौजूदा समझौतों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने इस बात को दोहराया कि दोनों देशों को अपने संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक नजरिए से देखना चाहिए और मतभेदों को विवादों में नहीं बदलना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आर्थिक मोर्चे पर, मोदी और शी ने एक-दूसरे की चिंताओं को दूर करने की जरूरत पर जोर दिया, जिसमें ढांचागत व्यापार असंतुलन और आपूर्ति शृंखला से जुड़ी दिक्कतें शामिल हैं, साथ ही सार्थक और अनुमान लगाने योज्ञ बाजार पहुंच की सुविधा भी शामिल है। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने अपने समग्र द्विपक्षीय संबंधों के राजनीतिक दृष्टिकोण और दोनों पक्षों के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखते हुए सीमा प्रश्न कौ निष्पक्ष, उचित और परस्पर स्वीकार्यें समाधान निकालने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अपनी बात रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों को अपने संबंधों मैं तीन पारस्परिक बातों -- पारस्परिक सम्मान, पारस्परिक संवेदनशीलता और पारस्परिक हित - का ध्यान रखना चाहिएै।

यह बैठक चिनफिंग के राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने के कुछ घंटों बाद हुई, जहां वह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिन के दौरे पर आए हैंअ यह सात वर्षों में उनकी भारत की पहली यात्रा है। शी चिनफिंग की भारत यात्रा कई उच्चस्तरीय बैठकों के बाद हुई, जिसमें बीजिंग में राष्ट्रीय सुरक्षा सलहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता भी शामिल है। हालांकि, अरुणाचलप्रदेश क्षेत्र में चीन की आक्रामक सैन्य गतिविधियों को लेकर चिंताएं अब भी बनी हुई हैं। मोदी और शी चिनफिंग ने पिछले साल 31 अगस्त को चीन के तियानजिन शहर में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के इतर व्यापक बातचीत की थी।



पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों ने वर्ष 2020 में गलवान घाटी में हुई घातक झड़पों के बाद गंभीर रूप से प्रभावित हुए अपने संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के लिए कई कदम उठाए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने तियानजिन में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन संबंधों में हुई निरंतर प्रगति का स्वागत किया और दोहराया कि दोनों देशों को अपने संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए। इसमें कहा गया प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास का एक आवश्यक आधार बनी हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा दोनों नेताओं ने दोनों देशों की जनता के स्तर पर संबंधों में हुई प्रगति पर गौर किया और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, व्यापारिक संबंधों तथा लोगों की आवाजाही को और बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसमें कहा गया दोनों नेताओं ने सहमति जताई कि दोनों पक्षों को क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों तथा चुनौतियों से निपटने के मामले में साझा आधार का लगातार विस्तार करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन और समूह के शिखर सम्मेलन की सफलता में उसके योगदान की सराहना की। टेलीविजन पर प्रसारित अपने शुरुआती संबोधन में शी ने कहा कि बीजिंग ने हमेशा भारत-चीन संबंधों के विकास को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोणै से देखा है। उन्होंने मंदारिन भाषा में कहा हालांकि हमारे राष्ट्रीय हालात अलग-अलग हैं, लेकिन हम एक-दूसरे का पूरी तरह समर्थन कर सकते हैं और साझा विकास के रास्ते पर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा जटिल और परस्पर जुड़ी अंतरराष्ट्रीय स्थिति के बीच चीन और भारत दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले देशों तथा वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) के प्रमुख सदस्यों के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हैं। उन्होंने कहा दोनों पक्षों को मानवता के भविष्य और अपने लोगों के कल्याण को ध्यान में रखना चाहिए। हमें सहयोग को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए और एक समावेशी आर्थिक भविष्य के लिए प्रयास करना चाहिए। पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को लेकर चार साल से अधिक समय तक तनावपूर्ण रहे संबंधों के बाद, भारत और चीन ने अक्टूबर 2024 में रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शी चिनफिंग के बीच हुई बैठक के बाद संबंधों को सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू किया। यह बैठक दोनों देशों के बीच गतिरोध समाप्त होने के बाद हुई थी। मोदी और शी के बीच हुई बातचीत में व्यापार घाटा कम करने, आतंकवाद जैसी चुनौतियों से निपटने और बहुपक्षीय मंचों पर निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

## शिक्षा में एआई के इस्तेमाल से जुड़े बेहतरीन तरीकों को बढ़ावा देता है ब्रिक्स

एजेंसी

नयी दिल्ली। ब्रिक्स देशों के नेताओं ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन तौर-तरीकों को साझा करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी उभरती हुई तकनीकों के मानव-केंद्रित इस्तेमाल पर शनिवार को सहमति जताई। साथ ही, उन्होंने ब्रिक्स यूनिवर्सिटी ग्लोबल रैंकिंग और मूल्यांकन प्रणाली को विकसित करने की दिशा में आगे की संभावनाओं पर भी चर्चा की।



नेताओं ने ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय सहित मौजूदा ब्रिक्स शिक्षा तंत्रों के माध्यम से सहयोग जारी रखने के लिए अपना समर्थन दिया। एक घोषणा-पत्र में, नेताओं ने पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों पर शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने के लिए ब्रिक्स मार्गदर्शक सिद्धांतों को प्रसारित करने की भारत की पहल की सराहना की, और ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय को एक अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय विषयगत समूह (आईटीजी) के रूप में पारंपरिक, स्वदेशी और स्थानीय ज्ञान प्रणालियों को शामिल करने पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एमएसएमई के लिए आसान वित्त, व्यापार पहुंच का समर्थन

नयी दिल्ली। ब्रिक्स देशों ने आर्थिक वृद्धि और समृद्धि को बढ़ावा देने में सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका का जिक्र करते हुए उनके अंतरराष्ट्रीयकरण को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता शनिवार को दोहराई। भारत की अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अपनाए गए नयी दिल्ली घोषणापत्र में समूह ने किफायती वित्त तक पहुंच की कमी को एक प्रमुख बाधा माना, जो व्यापार में एमएसएमई की भागीदारी और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में उनके एकीकरण को सीमित करती है। घोषणापत्र में कहा गया, हम आर्थिक वृद्धि और समृद्धि के वाहक के रूप में सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के अंतरराष्ट्रीयकरण को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।




**इंटरटेनमेंट...**

## यश की 'टॉक्सिक' 300 करोड़ के नुकसान में

**मुंबई।** यश की फिल्म 'टॉक्सिक' से बॉक्स ऑफिस पर बड़ी उम्मीदें थीं। शानदार ओपनिंग के बावजूद फिल्म की कमाई लगातार गिरती गई। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने इसकी सबसे बड़ी वजह कमजोर कंटेंट और कहानी की पकड़ को बताया है। फिल्म के कमजोर प्रदर्शन के बाद 'हनुमान अंश' और 'मिजार्पुरः द मूवी' जैसी फिल्मों को ज्यादा स्क्रीन मिलने से इसका थिएट्रिकल रन भी प्रभावित हुआ। 'टॉक्सिक' ने रिलीज के पहले दिन शानदार शुरूआत की थी। आजतक की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने दुनियाभर में करीब 140 करोड़ रुपए की ओपनिंग की थी, जबकि भारत में पहले दिन नेट कलेक्शन करीब 101 करोड़ रुपए रहा। लेकिन दूसरे ही दिन कमाई करीब 37 करोड़ रुपए पर आ गई। इसके बाद फिल्म की रफ्तार लगातार कमजोर होती चली गई। 15वें दिन तक फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन करीब 339.32 करोड़ रुपए बताया गया। फिल्म के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर जब ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श से बात की गई तो उन्होंने इसकी असफलता की सबसे बड़ी वजह कंटेंट को बताया। तरण आदर्श के मुताबिक, फिल्म में सबसे जरूरी चीज यानी कहानी की पकड़ ही कमजोर थी। कहानी अलग-अलग जगहों पर जाती हुई महसूस होती है और दर्शक उससे लगातार जुड़ नहीं पाता। उनके मुताबिक फिल्म का अंत भी ऐसा था, जिसे दर्शकों ने पसंद नहीं किया होगा। तरण आदर्श ने साफ कहा कि व्यक्तिगत राय में उन्हें फिल्म का कंटेंट बहुत कमजोर लगा और यही इसकी बॉक्स ऑफिस असफलता का मुख्य कारण बना। रिलीज के समय की अपनी समीक्षा में भी उन्होंने फिल्म को दो स्टार देते हुए इसे निराशाजनक बताया था। उन्होंने यश के अभिनय, एक्शन और फिल्म के कुछ हिस्सों की तारीफ की थी, लेकिन दूसरे हाफ की कमजोर लेखन और कहानी को बड़ी समस्या माना था।

❍ तरण आदर्श, कमजोर कंटेंट ने बिगाड़ा खेल शानदार ओपनिंग के बाद भी क्यों डूबी फिल्म




## प्रभास की 'स्पिरिट' के रिव्यू को लेकर क्रिटिक्स को चुनौती

**मुंबई।** फिल्म निमार्ता संदीप रेड्डी वांगा के भाई और निमार्ता प्रणय रेड्डी वांगा ने उनकी फिल्म 'रोमांचकम' की समीक्षा करने वाले समीक्षकों को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि समीक्षक फिल्म 'स्पिरिट' को भी उसी नजरिए से परखें। 'स्पिरिट' में प्रभास और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं, फिल्म का डायरेक्शन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, प्रणय रेड्डी वांगा और प्रभाकर रेड्डी वांगा फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। प्रणय ने यह बात यूट्यूब चैनल टैग तेलुगु से बातचीत में कही। 'रोमांचकम' 3 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे मिली-जुली से औसत प्रतिक्रियाएं मिली थीं। प्रणय ने कहा कि फिल्मों की समीक्षा करना आसान काम लग सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली कई फिल्में सफल नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि फिल्म बनाने की मुश्किलें तभी समझ आती हैं, जब कोई खुद प्रोडक्शन प्रक्रिया का हिस्सा बनता है। अगर आप प्रोडक्शन में आते हैं, तो समझते हैं कि लिखी गई चीज को पर्दे पर उतारने के लिए निर्देशक कितनी मेहनत करता है। प्रोडक्शन में किस तरह की परेशानियां आती हैं, यह भी समझ आता है। प्रणय ने यह भी कहा कि समीक्षाएं किसी फिल्म के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन का फैसला जरूरी नहीं करतीं।

❍ डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के भाई, फिल्म आएगी, तब देखेंगे कैसी समीक्षा करते हैं


## सलमान खान फिल्म्स पर भड़के अमाल मलिक

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक ने फिल्म 'हीरो' की 11वीं सालगिरह पर सलमान खान फिल्म्स की सोशल मीडिया पोस्ट पर नाराजगी जताई। उन्होंने पोस्ट में संगीतकार और गीतकार को क्रेडिट नहीं देने पर प्रोडक्शन हाउस को घेरा। दरअसल, सलमान खान फिल्म्स ने 2015 में रिलीज हुई 'हीरो' की सालगिरह मनाई थी। इस फिल्म से सूरज पंचोली और अथिया शेट्टी ने बॉलीवुड डेब्यू किया था। उन्होंने आगे लिखा, यह अच्छी बात नहीं लगती कि किसी संगीतकार और उसके गीतकार की मेहनत, खून, पसीने और आंसुओं से बने गाने का जश्न मनाया जाए, लेकिन उसके रचनाकारों का सम्मान या जिक्र तक न हो।

## 'हनुमान अंश' ने बजट से 100 गुना ज्यादा कमाई की

**मुंबई।** फिल्म 'हनुमान अंश' ने शुक्रवार को 'हैवान' और 'मिजार्पुर द मूवी' से ज्यादा कमाई की। साथ ही 'हनुमान अंश' फिल्म भारत में 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर चुकी है। जिसके बाद महज 2 करोड़ रुपए के बजट में बनकर फिल्म ने अपने बजट से 100 गुना से ज्यादा मुनाफा कमा लिया है। सैकनिल्क के मुताबिक, 'हनुमान अंश' ने 36वें दिन भारत में 10.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। फिल्म का भारत में कुल नेट कलेक्शन 173.63 करोड़ और ग्रॉस कलेक्शन 205.15 करोड़ रुपए हो गया है। दूसरी ओर, 'हैवान' की शुरूआत बॉक्स ऑफिस पर धीमी रही है। 7 हजार से ज्यादा स्क्रीन पर रिलीज हुई फिल्म ने पहले दिन भारत में 3 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 3.60 करोड़ रुपए रहा, जबकि विदेशों में फिल्म ने 1 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन किया। इसका वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 4.60 करोड़ रुपए रहा। वहीं, 'मिजार्पुर द मूवी' ने 8वें दिन 6,763 शो के साथ 9.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। भारत में फिल्म का कुल ग्रॉस कलेक्शन 188.19 करोड़ रुपए हो गया है। विदेशों से फिल्म ने 38 करोड़ रुपए कमाए हैं। इसके साथ 'मिजार्पुर द मूवी' का कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 226.19 करोड़ रुपए पहुंच गया है। मौजूदा आंकड़ों में 'हनुमान अंश' ने 36वें दिन की कमाई के मामले में 'मिजार्पुर द मूवी' के 8वें दिन और 'हैवान' के पहले दिन के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। 'हनुमान अंश' ने बॉक्स ऑफिस पर बेहद धीमी शुरूआत की थी। सिर्फ 2 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने 7 अगस्त 2026 को रिलीज के पहले दिन महज 10 लाख रुपए कमाए थे। शुरूआत में फिल्म को देशभर में सिर्फ 25 स्क्रीन्स मिली थीं। शुरूआती दो हफ्तों तक फिल्म की कमाई धीमी रही। हालांकि, सोशल मीडिया पर दर्शकों की तारीफ और मजबूत वर्ड ऑफ माउथ के चलते फिल्म की कमाई में तेजी आई। इसके बाद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया।

❍ 200 करोड़ का आंकड़ा पार किया, शुक्रवार के कलेक्शन में 'मिजार्पुर' को पछाड़ा







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com